

हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● सोमवार ● 07.10.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 78 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये


### मंईयां सम्मान यात्रा का कारवां पहुंचा सिमडेगा, कोलेबिरा और गुमला जिला

# आप सपना देखिए, आपके सपनों को उड़ान आपके दादा हेमन्त सोरेन देंगे : कल्पना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** मंईयां सम्मान यात्रा के दूसरे चरण में रविवार को सिमडेगा, कोलेबिरा और गुमला जिला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री बेबी देवी ने कहा कि हेमन्त सरकार गरीबों के लिए सोच रही है। उन्हें आर्थिक संबल दे रही है। अब महिलाओं को किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है। सरकार उन्हें आर्थिक सहायता दे रही है। जिस राशि को वो अपने बच्चों के साथ खुद पर भी खर्च कर सकती हैं। सरकार जल्द इस सम्मान राशि को बढ़ाएगी।


मंईयां सम्मान यात्रा के मंच पर मौजूद मंत्री व विधायकगण

### सरकार की योजनाओं से जुड़ें और उसका फायदा उठाएं

कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राज्य सरकार खेलों को और खिलाड़ियों को प्राथमिकता दे रही है। सरकार द्वारा इस दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। वो खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दे रहे हैं। उन्होंने राज्य की जनता से कहा कि हम सब आपके मन की कहने और सुनने आए हैं। दिल खोल कर अपनी समस्याएं बताइए। सरकार ने करोड़ों रुपए के बिजली बिल को माफ किया। उन्होंने कहा कि हम लोगों के आने पर आप लोगों ने जो उसने प्यार दिखाया है उसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद और आभार। उन्होंने कहा कि गुमला जिला ने जो मोटे अनाज की क्रांति लाई है उसके लिए मैं अपने मंत्रालय की तरफ से आप लोग का धन्यवाद करती हूं और आप लोगों को बताना चाहती हूं कि बारिश की कमी की वजह से मोटे अनाज को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने इस बार राज्य सरकार ने 50 करोड़ रुपए कृषकों के लिए पारित किया है और मुझे खुशी है की सबसे ज्यादा निबंधन भी आप लोगों के जिले से आया है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य में राज्य में रहने वाले सभी भाई बहनों के जीवन में समृद्धि लायेंगे। पिछले दिनों जो बिजली बिल माफी का काम हुआ उसके लिए पूरा राज्य एक स्वर से मुख्यमंत्री को धन्यवाद दे रहा है। कृषकों को राहत देने के लिए कृषि लोन दो लाख तक माफ किया गया। हमारी सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि आपको ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंच सके। मैं अपने भाई बहनों को खास करके, जो कृषक हैं, उनसे निवेदन करूंगी कि आप लोग सरकार की योजनाओं से जुड़े और उसका फायदा उठाएं।

### पूरे झारखंड में मच रही है मंईयां शब्द की धूम, श्रेय राज्य के मुख्यमंत्री को

विधायक कल्पना सोरेन ने कार्यक्रम में शामिल महिलाओं, जेएसएलपीएस की दीदीयों और इंटर कॉलेज की छात्राओं का आभार जताते हुआ कहा कि राज्य की जनता से इतना प्यार पाकर उन्हें बहुत अच्छा लगा रहा है। उन्होंने कहा कि आज पूरे झारखंड में मंईया शब्द छाया हुआ है और इसका श्रेय राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को जाता है। उन्होंने राज्य की आधी आबादी के बारे में सोचा। उन्होंने महिलाओं की स्थिति की मजबूत बनाने के बारे में सोचा। इसके अलावे राज्य की बच्चियों की पढ़ाई के लिए भी सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना चल रही है। इस योजना के तहत बालिकाओं को कक्षा 8वीं से लेकर कक्षा 12वीं तक आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सपना देखिए आपके सपनों को उड़ान आपके अपने दादा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन देंगे। कल्पना सोरेन ने नारी शक्ति का आभार जताया। गुमला की महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना कौन लाए हैं ,कौन यह सब सोच रहे हैं? आपके दादा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सोच है। आपके चेहरे पर खुशहाली रहे, मुस्कुराहट रहे । हमारी माता बहनों के चेहरे पर परिवार में बड़े-बुजुर्गों में ,बच्चों में मन में अगर खुशी आ रही है, तो उस की खुशी को देने का काम किया है आपके हेमन्त दादा, हेमन्त बेटा। सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा लाई गई योजनाएं आमजनों के लिए हैं। झारखंड राज्य में जन्मे हर व्यक्ति को, हर एक माता को, हर एक बहन को और हर एक भाई को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का जरूर मिलेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड का विकास के पथ पर आगे बढ़ रही है।

सरकार की योजनाओं का लाभ अब गांव तक पहुंच रहा है। खास कर मईया सम्मान योजना की राशि गांव की 99 प्रतिशत महिलाओं तक पहुंच रही है। हर साल योजना राशि में बढ़ोतरी की जाएगी। हमारा प्रयास है की जो यहां से पलायन कर चुके हैं, उनको भी इस योजना का लाभ मिले।

# स्मार्ट सिटी क्षेत्र में अपोलो मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का मुख्यमंत्री आज करेंगे शिलान्यास

- गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए बड़े शहरों से मिलेगी छुट्टी।
- पैसे के अभाव में झारखंड के मरीजों की नहीं जाएगी जान।



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अब झारखंड के मरीजों को गंभीर बिमारियों के इलाज के लिए देश के दूसरे शहरों के बड़े अस्पतालों का चक्कर काटनें से मुक्ति मिलेगी और ऐसा हो सकेगा स्वास्थ्य क्षेत्र में झारखंड सरकार के नेक प्रयास और अपोलो हॉस्पिटल्स इन्टरप्राइजेज के बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करानें की प्रतिबद्धता से। जी हां अब वो दिन दूर नहीं जब रांची में ही वो हर इलाज संभव होगा जिसके लिए झारखंड के लोगों को नई दिल्ली, चेन्नई, मुंबई, हैदराबाद जैसे शहरों की ओर रूख करना पड़ता है। दरअसल झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के व्यक्तिगत और राज्य सरकार के नेक प्रयास से यह संभव होने जा रहा है।

सोमवार को रांची के धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी क्षेत्र में अपोलो मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का शिलान्यास सूबे के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा किया जाएगा। 310 बेड के इस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में प्रसिद्ध हृदय देखभाल, अत्याधुनिक कैंसर उपचार, दयालु मातृ स्वास्थ्य, विशेष बाल चिकित्सा की व्यवस्था होगी। यह अस्पताल आपके जीवन के हर चरण पर आपके साथ रहेगा। यहां हृदय विज्ञान सहित 50 से ज्यादा नैदानिक विशिष्टताएं उपलब्ध होगी। गैस्ट्रोसाइंसेज, न्यूरो साइंसेज, रीनल साइंसेज, ऑर्थोपेडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, आंकोलॉजी, आपातकालीन और आघात से बचाव के लिए हमेशा विशेषज्ञ और उपकरण उपलब्ध रहेंगे। इस अस्पताल में अत्याधुनिक कैथ लैब्स, एमआरआई, ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू, सिटी स्कैन, पीएफटी इत्यादि जो उन्नत देखभाल के लिए जरुरी होता है वो सबकुछ रहेगा।

अस्पताल निर्माण के लिए रांची नगर निगम ने रांची स्मार्ट सिटी से जमीन लेकर अपोलो प्रबंधन को निःशुल्क उपलब्ध कराया है।

## हेमन्त सोरेन से एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ ने की मुलाकात



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रविवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ, झारखण्ड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ एवं संविदा, अनुबंध, एकमुश्त झारखंड कर्मचारी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा उनकी मांगों को पूरा करने को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष हर्ष जताया तथा मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से कहा कि राज्य सरकार विभिन्न विभागों के कर्मियों सहित सभी वर्ग-समुदाय को निरंतर उनका हक अधिकार देने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने संयुक्त रूप से कुछ अन्य महत्वपूर्ण मांगों एवं अपनी भावनाओं से अवगत कराया।

### एक नजर

## बिहार में डूबने से 12 लोगों की मौत

**पटना :** बिहार के तीन जिलों में रविवार को नदी में डूबने से 12 लड़के-लड़कियों और एक अधेड़ की मौत हो गई। पहली घटना में रोहतास जिले के रोहतास थाना क्षेत्र के तुम्बा गांव के निकट सोन नदी में स्नान करने के दौरान हुई, जिसमें एक ही परिवार और रिश्तेदार के सात लड़के-लड़कियां डूब गए। देर शाम तक छह शव मिले गए हैं।

एसडीआरएफ की टीम एक और शव की तलाश कर रही है।

एसपी रौशन कुमार ने बताया कि घटना स्थल पर अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह व थानाध्यक्ष निकुंज भूषण कैंप किए हुए है।

# गिरिडीह में 70 लाख की अवैध शराब जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गिरिडीह :** पुलिस ने पंजाब से आए 70 लाख की ब्रांडेड कंपनियों के शराब का बड़ा स्टॉक जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

बताया गया कि धनवार के घोड़थंबा ओपी पुलिस ने रविवार को गुप्त सूचना पर एक ईंटाचांच मोड में एक अर्धनिर्मित मकान के समीप ट्रक से मकान में शराब की पेटिया डंप की पा रही थी। इस दौरान ओपी पुलिस ने शराब के साथ ट्रक से दो ड्राइवर को भी गिरफ्तार किया।

दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है। पूछताछ के क्रम में दोनो शराब तस्करों ने बताया की वह पंजाब के तरण तारन के व्लाचक थाना इलाके के 95 हाउस के रहने वाले है। तस्करों के नाम जसवीर सिंह और सरदार हरदेव सिंह है। पूछताछ में दोनो ने बताया की उन्हे पंजाब से घोड़थंबा इलाके में 70 लाख के अवैध शराब लोड 631 पेटी शराब को पहुंचाने को कहा गया था, और वह शराब लोड ट्रक को रविवार को लेकर गिरिडीह पहुंचे जहा इस अर्धनिर्मित मकान में डंप किया जा रहा था, लेकिन शराब के इस स्टॉक का मालिक कौन है और इस मकान में किसके इशारे में डंप होना था, इसकी जानकारी उन्हें भी नहीं। उन्हे बस इस अर्धनिर्मित मकान के बाहर ट्रक को खड़ा कर देना था।

एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि एसपी डॉक्टर विमल कुमार को मिले गुप्त सूचना के आधार पर घोड़थंबा पुलिस ने कारवाई की। शराब के इस बड़े अवैध स्टॉक को जब्त किया।

# अस्पताल से लेकर भोगनाडीह तक गूंजी चम्पाई की दहाड़ मांझी परगना महासम्मेलन में ऑनलाइन हुए शामिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरहेट :** वीर भूमि भोगनाडीह में आज आदिवासी समाज द्वारा "मांझी परगना महासम्मेलन" का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम शामिल हुए। अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद, पूर्व सीएम चम्पाई सोरेन ने इस कार्यक्रम को वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा संबोधित किया। वीर सिदो-कान्हू की कर्मभूमि भोगनाडीह (बरहेट) में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में शामिल आदिवासी समाज के पारंपरिक ग्राम प्रधानों एवं मार्गदर्शकों ने एकमत होकर बांग्लादेशी घुसपैठ पर चिंता जताते हुए, समाज की रक्षा एवं घुसपैठियों को बाहर निकालने का प्रण लिया। जमशेदपुर के टाटा मेन हॉस्पिटल से ऑनलाइन संबोधन में पूर्व सीएम ने संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ एवं सामाजिक व्यवस्था के बिगड़ने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि समाज के पूजा स्थलों पर भी घुसपैठियों की नजर है तथा कई स्थानों पर कब्जा होना भी शुरू हो गया है। भाजपा की सरकार बनने पर आदिवासियों की जमीनों को कब्जा से मुक्त करवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज आदिवासी समाज का अस्तित्व संकट में है, हमारी जमीनों पर घुसपैठिए कब्जा कर रहे हैं तथा बहु-बेटियों की अस्मत खतरे में है। ये घुसपैठिए संताल परगना के इतिहास को मिटाने की साजिश कर रहे हैं। इसका विरोध हमें करना होगा।

उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस भोगनाडीह में, सन 1855 में हजारों वीरों ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद को चुनौती देते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी, आज वहां आदिवासियों के घरों को उंगलियों पर गिना जा सकता है। हालात इतने खराब हैं कि यह विश्वास करना मुश्किल है वहां किसी जमाने में आदिवासियों का राज हुआ करता था।

पूर्व सीएम ने कहा कि वीर सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो जैसे योद्धाओं से प्रेरणा लेकर हमारा समाज यह लड़ाई लड़ रहा है और जल्द ही, बैसी कर के इन घुसपैठियों को बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने मंच से संथाल परगना में टूटती मांझी परगना व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ जमकर निशाना साधा। इस महासम्मेलन को स्थानीय ग्राम प्रधानों एवं आदिवासी समाज के कई मार्गदर्शकों ने भी संबोधित किया।


नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार,
राँची स्मार्ट सिटी अंतर्गत राँची नगर निगम के सहयोग से
अपोलो हॉस्पिटल इन्टरप्राइजेज के

300+ बेड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का

शिलान्यास समारोह

एवं

इस्लाम नगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)
अंतर्गत निर्मित 291 आवासों का

उद्घाटन समारोह

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
के कर कमलों द्वारा

विशिष्ट अतिथि

श्री संजय सेठ
माननीय केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री
सह सांसद, राँची लोकसभा

श्री बन्ना गुप्ता
माननीय मंत्री,
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग,
खाद्य, सार्वजनिक वितरण
एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड

श्री हफीजुल हसन
माननीय मंत्री,
अल्पसंख्यक कल्याण विभाग,
निबंधन विभाग और नगर विकास एवं
आवास विभाग, झारखण्ड

डॉ० महुआ माजी
माननीय सांसद, राज्यसभा

श्री चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह
माननीय विधायक, राँची विधानसभा


श्री राजेश कच्छप
माननीय विधायक,
खिजरी विधानसभा

डॉ० प्रीता रेड्डी
एक्जीक्यूटिव वाईस चेयरमेन, अपोलो मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल लि०

दिनांक : 07 अक्टूबर, 2024 (सोमवार), समय : अपराह्न 01:00 बजे से
स्थान : एरिया बेस्ट डेबलपमेंट क्षेत्र, स्मार्ट सिटी, धुर्वा, राँची

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR- 338162 (IPRD) 24-25



## एक नजर

### बालू के कारोबारियों के खिलाफ प्रशासन ने की कार्रवाई वाहनों को किया जब्त



**हजारीबाग** : हजारीबाग में अवैध बालू के कारोबारियों के खिलाफ उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार सदर अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार के द्वारा करीब 3 बजे बड़ी कार्रवाई करते हुए बालू लदे अवैध 08 ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सदर अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पेलावल और कटकमसांडी क्षेत्र में अवैध बालू के कारोबारियों के खिलाफ छापामारी कर 08 ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। अवैध बालू के कारोबारियों को सख्त चेतावनी देते हुए सदर अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि अवैध बालू के कारोबारी के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध बालू के कारोबारी बालू का अवैध कारोबार बंद कर दे अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सदर अनुमंडल पदाधिकारी के इस कार्रवाई को लेकर अवैध बालू के कारोबारियों के बीच में हड़कंप मचा हुआ है। इस छापामारी के दौरान अवैध बालू कारोबार से जुड़े शशि कुमार प्रजापति, अनुज कुमार दांगी, अनिल कुमार यादव, देवेंद्र राणा, विमल साव, गुलाब साव, बालेश्वर गोप, आनंद राम के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### छठ पूजा फल वितरण समिति के अध्यक्ष बने चंदन



**हजारीबाग** : 2015 –16 से बाजार भाव को नियंत्रित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गठित श्री सूर्य षष्ठी छठ पूजा फल वितरण समिति पूर्व की तरह 2024 में लागत मूल्य पर फलों का वितरण करेगी। रविवार को परिसदन में हुए बैठक में नई समिति का गठन किया गया। इससे पूर्व महासमिति के अध्यक्ष चंदन मेहता की अगुवाई में वर्ष 2023 के कार्यों की समीक्षा की गई। और सभी सदस्यों से रायशुमारी भी की गई। बैठक के दौरान चंदन मेहता ने गठित 2023 की समिति को भंग किया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक सह जिला मार्ग प्रमुख टेकलाल साव तथा पालक के रुप में उपस्थित विभाग सह संघ चालक डा.टीके शुक्ला की उपस्थिति में नई समिति गठन चयन का जिम्मा सौंपा। बाद में सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से नई समिति 2024 के लिए अध्यक्ष के रूप में चंदन मेहता और सचिव के रूप में सुधीर यादव उर्फ पीकू यादव के नाम का चयन किया। कमिटी का विस्तार बाद में किया जाएगा। सभी उपस्थित सदस्यों ने अध्यक्ष व सचिव को भरोसा कि उनके नेतृत्व में हरेक वर्ष की तरह इस वर्ष भी समिति अपने लक्ष्य को पाने में सफल होंगे। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हजारीबाग जिला इकाई द्वारा केंद्रीय छठ पूजा फल वितरण समिति के माध्यम से लागत मूल्य पर छठ व्रतियों को फल उपलब्ध कराई जाती है। समिति की ओर से कटकमसांडी,कटकमदाग, कंचनपुर काली मंदिर छड़वा में भारतीय नव युवक संघ, मालवीय मार्ग में सनराईज ग्रुप, केरेडारी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की छठ पूजा फल वितरण समिति, दारु के झुमरा, विष्णुगढ़ के उच्च विद्यालय प्रागंण में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा यह व्यवस्था दी जाती है।

# जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय में कांग्रेस का हुआ मिलन समारोह


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय मैदान कांग्रेस पार्टी की प्रखंड स्तरीय कोर कमेटी का मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसकी अध्यक्षता बड़कागांव प्रखंड के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे व संचालन मजहर खान और निरंजन साव ने किया। प्रखंड के सभी 23 पंचायत के कांग्रेस कोर कमेटी के भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू को पार्टी कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। सभा को संबोधित करते योगेंद्र साहू ने कहा कि मैं कोल कंपनी का विरोध नहीं करता हूं मैं भी चाहता हूं कि कंपनी खुले परंतु कंपनी 2013 कोल विस्थापन नीति लागू करें ताकि उसका लाभ, अधिकार विस्थापित क्षेत्र के रैयतों को पूर्ण रूप से मिल सके। जल जंगल जमीन को बचाने के लिए मेरा निरंतर आंदोलन जारी रहेगा मैं जेल जाने से नहीं डरता हूं। मुझे और मेरे परिवार को नेस्तानाबूद करने के लिए एक कंपनी के द्वारा 100 करोड रुपए खर्च किया गया था। जिसकी पुष्टि कंपनी के लोग ही मेरे पास आकर जानकारी दिया और उसने माफी भी मांगा। क्षेत्र के विकास के लिए विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा हजारों करोड़ रूपया खर्च किया जा रहा है। जब भी क्षेत्र में सांप्रदायिक मामला होता है तो अंबा प्रसाद के ऊपर ठीकरा फोड़ दिया जाता है। झारखंड लूट का अड्डा बन गया है । आपके के लिए मुझे जेल भी जाना पड़े तो मैं पीछे नहीं हटूंगा। जब कंपनी आई और अभी आ रही है तो केला और टोकरी वाले लोग कहां सोए हुए हैं। अप्रत्यक्ष रूप से आगे रोशन लाल चौधरी पर हमला करते हुए बोला कि क्या आप लोग बोरो प्लेयर लाना चाहते हैं अभी जब चुनाव आ रहा है तो जेबीकेएसएस से कोई मुंडा गुंडा चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। आप चुनाव करने के लिए जब निकले तो इन सारे चूल्हा में पानी डालकर निकले, बोरो प्लेयर से होशियार रहे।वहीं विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि मैं और मेरे पूरे परिवार आप लोगों के साथ हमेशा बने रहते हैं, आप अन्याय के साथ लड़े हम आपके साथ हैं। हम लोग विकास करते हैं विकास की गिनती नहीं गिनते हैं। आपके क्षेत्र के विकास के लिए 24 घंटा मैं तैयार रहती हूं । खाना पीना सोना उठना बैठना कोई ठिकाना नहीं रहता है है। सिर्फ क्षेत्र के विकास के लिए लगी रहती हूँ।

वही अंकित राज ने कहा कि हमें उम्मीद है कि निश्चित तौर पर इस बार होना एक बार फिर अपना वोट हाथ छाप को ही देंगे और विधानसभा भेजेंगे। क्षेत्र में कई आसींम विकास किए गए हैं। जिसका लाभ आम ग्रामीण लोगों को मिल रहा है। वही आजसू के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष चंदन सिंह, प्रभु राम व अन्य दर्जन भर से अधिक लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा है।

## इंस्पेक्टर ने डीजे संचालकों के साथ की बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही थाना परिसर में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार की अध्यक्षता में डीजे संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में इंस्पेक्टर आभास कुमार ने डीजे संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि न्यायालय के आदेशानुसार पूजा के दौरान डीजे का प्रयोग पूरी तरह से वर्जित रहेगा। उन्होंने कहा कि डीजे के इस्तेमाल पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा और किसी भी हाल में इसका उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इंस्पेक्टर आभास कुमार ने सभी डीजे संचालकों को सख्त निर्देश देते हुए शपथ पत्र भी भरवाया, जिसमें उन्होंने इस आदेश का पालन करने का वचन दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर किसी ने नियमों का उल्लंघन किया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित प्रमुख लोगों में अध्यक्ष अर्जुन प्रजापति, सचिव गौरव कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष मो. सेराज, संरक्षक विकाश कुमार, पर्वक्ता महेश साव, सुरेंद्र यादव, उमेश साव, दीपक कुमार गुप्ता, बबलू प्रजापति, जुल्फिकार, विक्की शर्मा, सनी विश्वकर्मा, राजा विश्वकर्मा, चंदन शर्मा, गिरधारी यादव, गुड्डू साव, गोलू कुमार समेत अन्य डीजे संचालक मौजूद रहे। इस बैठक के बाद स्थानीय डीजे संचालकों ने भी सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि वे प्रशासन के निर्देशों का पूरी तरह पालन करेंगे।

## पंचायत सचिवालय में हुआ चुरचू कांग्रेस कमेटी का कार्यकर्ता सम्मेलन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग जिला के चुरचू प्रखंड अंतर्गत पंचायत सचिवालय बहेरा में चुरचू कांग्रेस कमेटी की कार्यकर्ता सम्मेलन का सभा किया गया। सभा का अध्यक्षता चुरचू प्रखंड अध्यक्ष नौशाद आलम,एवं मंच संचालन चुरचू पूर्व उप प्रमुख चौलेश्वर महतो ने किया इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह मांडू विधानसभा के लोकप्रिय पूर्व विधायक जय प्रकाश भाई पटेल उपस्थित हुए। इस बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस पार्टी की संगठन को मजबूत करने एवं पार्टी की जीत सुनिश्चित हो उस पर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से मुखिया संघ के अध्यक्ष सह बहेरा मुखिया देवकी महतो,कांग्रेस जिला महा सचिव जय प्रकाश यादव,कांग्रेस मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, पूर्व विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी, कुलेश्वर करमाली,समाज सेवी मुंताजिर अंसारी, श्याम सुंदर भारती, अशोक तूरी, भूनेसर तूरी, असगर अंसारी, प्रदीप करमाली, वार्ड सदस्य अजरूद्दीन अंसारी, सलामत, अंसारी, आजाद खान, नरेश राम, मुस्लिम अंसारी, प्रमोद सिंह, वाजिद अंसारी, रजाक आलम, महादेव रविदास, सुरेश महतो, मेघनाथ महतो, अलाउद्दीन अंसारी, रियाजूल अंसारी, मोतीलाल महतो, नरेश यादव, राहुल यादव, धीरज यादव, नरेश यादव, सकुर अंसारी, रामेश्वर महतो, मकबूल अंसारी, अनिल कुमार दास, शरीफ हुसैन, मुस्तकीम अंसारी, मुकेश कुमार वर्मा, बिनोद कुमार केशरी, जगदीश महतो, हदीस अंसारी, मोहम्मद यूनुस एमडी माजिद, तोफिक उमर,अजमत अंसारी, सहित हजारों की संख्या में कांग्रेस पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता एवं जेपी भाई पटेल समर्थक मौजूद रहें।

## मुन्ना सिंह ने मृतक के परिजनों से की मुलाकात, प्रशासन से की त्वरित जांच की मांग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह हजारीबाग सदर अस्पताल पहुंचे और बाबु गांव निवासी स्वर्गीय मोइनुद्दीन के परिजनों से मुलाकात की। मोइनुद्दीन, जो एक दैनिक मजदूर थे, उनकी 6 अक्टूबर को एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दुर्घटना हो गई, जिसके कारण उनकी दुखद मृत्यु हो गई। उनकी 9 वर्षीय बेटी और परिवार अब इस दर्दनाक घटना के बाद असहाय स्थिति में हैं। मुन्ना सिंह ने मृतक के परिजनों को सांत्वना दी और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने परिवार को यह विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी और वे उनके साथ खड़े हैं और इस मुश्किल घड़ी में कोई भी मदद देने के लिए तैयार हैं। मुन्ना सिंह ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद है, और उन्होंने प्रशासन से इस मामले की त्वरित जांच और उचित कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर कांग्रेस से जुड़े कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिनमें रज्जी अहमद, मृतक के भाई मोहम्मद नसीम, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद इम्तियाज, साबिर अली, अमजद हुसैन, मोनू अंसारी और मो. दालीब सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। साथ ही, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश गोप, मोहम्मद कासिम, मोहम्मद नौशाद, रंजीत, सुजीत सिंह, दिनेश यादव और पप्पू सिंह विक्की कुमार धान भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## मैत्री क्रिकेट मैच पर पत्रकार इलेवन का कब्जा शिक्षा विभाग की टीम को 53 रनों से हराया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग शहर के संत कोलंबस स्टेडियम में जिला शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित मैत्री क्रिकेट मैच पर पत्रकार इलेवन ने कब्जा जमा लिया। रविवार को खेले गए मैत्री मैच में पत्रकार इलेवन ने 12 ओवर में 149 रन बनाए। जबाब में शिक्षा विभाग की टीम ने 12 ओवर खेल कर 6 विकेट के नुकसान पर 96 रन ही बना सकी। पत्रकार इलेवन के कप्तान दीपक सिंह ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पत्रकार इलेवन ने पूरे 12 ओवर खेल 4 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए। संदीप कुमार ने बेहतरीन बल्लेबाजी और बोलिंग का प्रदर्शन कर शतक बनाने के साथ दो विकेट भी झटके। विजेता पत्रकार इलेवन और उप विजेता शिक्षा विभाग की टीम को डीईओ प्रवीण रंजन ने ट्रॉफी दिया। डीईओ प्रवीण रंजन ने कहा की मैच आयोजन का मुख्य मकसद पत्रकार और शिक्षा विभाग के पदाधिकारी - कर्मचारी के बीच रिश्ता बनाना है। साथ ही कहा की दोनो टीम के खिलाड़ियों ने खेल भावना का प्रदर्शन किया जो कबीले तारीफ है। पत्रकार टीम में कप्तान दीपक सिंह, अमरनाथ पाठक, कुणाल सिंह, शशांक शेखर सिंह, दुर्गेश सिंह, अभिषेक पांडेय, अरविंद राणा, नेमोतुल्ला, रवि सिंह, मिथुन कुमार, संदीप कुमार, मो अरशद, सीतेश कुमार, मो आरिफ, प्रदीप सिन्हा, सागर कुमार, सुरेंद्र सिंह, सुमन सिन्हा, पियूष मिश्रा, अनुज सिन्हा शामिल थे।

## बड़कागांव में है इस बार परिवर्तन की लहर : रोशन लाल चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के अंबाजीत में राजकीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में आजसू पार्टी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा व संचालन अवधेश सिंह ने किया। मिलन समारोह के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सचिव कौलेश्वर गंझू उपस्थित हुए। जहां पर सैकड़ो लोगों ने दूसरे पार्टी को छोड़कर आजसू पार्टी का दामन थामा। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों का मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने माला और पार्टी का पट्टा पहनकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। लोगों को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि हमारा एक ही उद्देश्य है कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का संपूर्ण विकास कर सके। हमारा एक ही उद्देश्य है बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाना। वर्तमान विधायक और झारखंड सरकार से स्थानीय ग्रामीण त्रस्त हो चुका है। इसलिए बड़कागांव में इस बार बदलाव निश्चित है इसलिए सभी लोग बदलाव करने के लिए हमारे कारवां में जुड़ रहे हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि कोलेश्वर गांझू ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में बदलाव की बयान बह चुकी है और इस बार बदलाव निश्चित है। क्योंकि पिछले 15 सालों से एक ही परिवार का राज होने के बावजूद भी विकास कार्य जीरो हुआ है बड़कागांव का विकास सिर्फ और सिर्फ रोशन लाल चौधरी और आजसू ही कर सकता है।

**सदस्यता ग्रहण करने वाले**

राजकुमार सिंह,मिशन सिंह,शंकर सिंह, निवारण सिंह, जगदीश सिंह, गणपति सिंह, श्याम नंदन सिंह ,धर्मेंद्र पांडे, सुधीर सिंह,भोला सिंह, गुडन सिंह ,राजा सिंह, प्रभात सिंह ,किशोर सिंह ,सतीश सिंह ,छोटू सिंह, गुड्डू सिंह ,पंकज सिंह ,सोनू पांडे ,अमन कुमार ,सीटू सिंह ,गौरव सिंह ,नवल सिंह ,कृपाल सिंह, हेमंत सिंह, विवेकानंद सिंह ,योगेंद्र सिंह, किशोर भुईया ,दुकान भुईया,धनेश्वर पासवान, मनोज भुईया, विपिन सिंह,रामू भुईया,अभिनंदन सिंह,प्रकाश कुमार पांडे, शिव शंकर पांडे ,पोखन भुईया, मन्नू राम, प्रवीण सिंह, रमेश भुईया ,भूषण सिंह ,संजय कुमार, राज किशोर भुईया ,राहुल कुमार, मुकेश दास ,विक्की सिंह, रामनंदन सिंह ,अजीत सिंह ,लल्लू राम ,बंगाली भुइया, दिवाली भुईया, विजय राम ,अवध सिंह ,हीरो सिंह ,ईश्वर सिंह ,दिनेश सिंह,अमित कुमार ,उज्जवल कुमार, भारत भुईया ,नवल सिंह ,नीतू सिंह, बृजेश कुमार, राम सिंह ,प्रमोद सिंह ,विजय पांडे, इत्यादि लोग शामिल हुए हैं। साथी उपस्थित केंद्रीय सदस्य रामेश्वर महतो ,लीलारधन साव, संदीप कुशवाह,जिला सचिव गीरेंद्र प्रसाद ,उपाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद, दिनेश महतो, मनोज दांगी, घनश्याम मेहता ,पंकज कुमार, जावेद हुसैन, दिनेश कुमार, सुरेश महतो, मुरली प्रसाद, अजीत कुमार,गजा सिंह, मुदस्सर खान, भोला महतो, सुनील यादव, सरजू साहू, कपिल सिंह, बबलू सिंह, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विशेष सचिव अनिल तिर्की ने पर्यटन बिहार पतरातू का किया भ्रमण



**बड़कागांव** : झारखंड सरकार गृह विभाग के विशेष सचिव बड़कागांव के पूर्व बीडीओ अनिल कुमार तिर्की ने पर्यटन के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान प्राप्त पर्यटन बिहार पतरातू का भ्रमण किया एवं पर्यटन स्थल का अवलोकन किया। इस दौरान अनिल तिर्की ने अपने परिवार एवं मित्रों संग इस रमणीक का स्थान का खूब आनंद उठाया। स्विमिंग पूल, स्टीमर के साथ डैम भ्रमण के अलावा अन्य कई स्थानों का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि पर्यटन विहार पतरातु, झारखंड में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में विशिष्ट स्थान प्राप्त है। यहां का दृश्य काफी अलौकिक,रमणीक एवं आनंदमयी स्थान है। यह झारखंड सरकार के द्वारा संचालित है। मैं दोबारा यहां आने का इच्छा रखूंगा। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से अनिल तिर्की की पत्नी,अनुज तिर्की, प्रवीण कुमार अजीत कुमार,नंदकिशोर मेहता के अलावा कई लोगों उपस्थित थे।

### डीजल लोड टैंकर में लगी आग, ग्रामीणों की सहायता से बुझाई गयी



**चौपारण** : प्रखंड पंचायत पाण्डेयबारा के ग्राम पवई में लोगों की तत्परता से बड़ा हादसा होते होते टल गया। रविवार दोपहर जीटी रोड के पवई में कृष्णा होटल के समीप एक चलती डीजल लदे एक टैंकर का पीछे का टायर अचानक ब्लास्ट कर गया। टायर ब्लास्ट होने से ब्रेक शू टायर के जैक में फंस गया। जिसके घर्षण से टायर में आग पकड़ लिया। चालक गाड़ी को साइड कर रुका तो आसपास के लोग टायर में आग लगता देख दौड़े और बाल्टी से पानी मारकर आग को बुझाने का प्रयास करने लगे। पर टायर में आग लगने के कारण काबू नहीं कर पा रहे थे। इसी दौरान किसी ने अग्निशामक लाकर आग को कंट्रोल किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। तैल के टंकी में आग पकड़ने लेने पर बुझाना मुश्किल हो जाता।

### विधायक ने विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास



**बड़कागांव** : प्रखंड के काली मंदिर व आदर्श मध्य विद्यालय के पास बड़कागांव मध्य पंचायत में अंबेडकर चौक काली मंदिर से गैस गोदाम होते हुए बाजार तक पीसीसी पथ निर्माण एंव पश्चिमी पंचायत के महटिकरा नहर रॉड एंव चर्च रॉड होते हुए केरीगढ़ा तक पीसीसी सड़क निर्माण एवं बड़कागांव काली मंदिर स्थित बाबा साहेब अंबेडकर के प्रतिमा के जिर्णोद्धार के लिए कुल 2 करोड़ 70 लाख रुपये की कार्य का शिलान्यास किया ।इस दौरान कांग्रेस का जनसंवाद अभियान का लक्ष्य 2024 आयोजन किया गया। और प्रदेश से आए डिजीटल गाडी के माध्यम से झारखंड सरकार द्वारा 5 वर्षों में किए गए विकास कार्यों को दिखाया गया ।विधायक अंबा प्रसाद को संवेदक अजित महतो व कार्यकताओं के द्वारा गाजे बजे व बेंड पार्टी के साथ फुल माला पहनाकर ,गुलदस्ता देकर स्वागत ।इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य लोगों ने डॉ. भीमराम अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, महिला प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह,सजंयलाल पासवान,संवेदक मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो,कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, तारिक उर्फ बाबर हुसैन,रोहित सिंह, गौतम कुमार,कौलेश्वर साव, चन्दन सिंह,रविन्द्र कुमार,अजित कुमार मेहता,सुरेश महतो,सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

### तालाब में डूबने से एक व्यक्ति मौत



**चौपारण** : प्रखंड के ग्राम पंचायत बरहमौरिया निवासी मथुरी यादव पिता गिरधारी यादव का बांडी सोत (तालाब) में डूबने से मौत हो गई। मथुरी यादव के डूबने की सूचना से गांव में मातम छा गया। और परिजन तालाब पर चीखने चिल्लाने लगे। घटना की खबर सुनकर आसपास के तैराक मथुरी को के शव को काफी मशक्कत के बाद नीकाला। इधर घटना की जानकारी मिलते ही विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला एवं थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश घटना स्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने कहा कि मृतक के परिजनों को आपदा राहत कोष के तहत सरकारी प्रावधान का लाभ मिलेगा। वहीं विधायक अकेला ने पीड़ित परिवार को ढाढस दिलाते हुए सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन दी। शव को निकाले जाने के बाद आपदा मित्र एम्बुलेंस से मृतक के पार्थिव शरीर को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया।

### नए सत्र के प्रशिक्षुओं का परिचय एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**विष्णुगढ़** : हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बनासो पंचायत अवस्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में बी एड पाठ्यक्रम के नए सत्र के प्रशिक्षुओ का परिचय के साथ दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि जितेंद्र पांडे एवं प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार चतुवेर्दी की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर प्राचार्य डॉक्टर चतुवेर्दी ने कहा एक आदर्श शिक्षक बनने में बी एड पाठ्यक्रम और प्रभावी प्रशिक्षण की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। मौके पर स्वर्णा मिश्रा, बबली ,कुमारी,ओमकार नाथ शर्मा,अशोक झा ,वीरेन्द्र देव,शशि देव, ,राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव,राजेश कुमार,भुनेश्वर महतो,प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अद्दश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद्र यादव,जयपाल राणा,डॉ० अम्बरीश कु० दुबे,डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु० पाठक,सीमा, छबि राम सिंह,अजीत कुमार संतोष कुमार,विनोद कुमार,धर्मनाथ महतो ,सौरभ सुमन,प्रकाश कुमार आजाद , सभी प्राध्यापक, प्रशिक्षु एवं सभी कर्मी उपस्थित थे ।

## एक नजर

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**रांची** : रांची की मांडर थाना पुलिस ने अवैध हथियार के बट से मार कर जख्मी करने के मामले में अघनु पाहन को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया है। मांडर थाना प्रभारी राहुल ने रविवार को बताया कि मांडर थाना निवासी अमरजीत कुमार सिंह ने आवेदन दिया था कि इनके मित्र आनन्द एक्का को अघनु पाहन ने अवैध हथियार के बट-से मारकर जख्मी कर दिया है। गिरफ्तार आरोपित ने घटना में संलिप्तता स्वीकार की। इसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल की गई एक देशी पिस्तौल को बरामद किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व से दो मामले दर्ज हैं।

### रिम्स के डॉ मनोहर लाल प्रसाद चुने गए आईएसजी बिहार-झारखंड के प्रेसिडेंट

**रांची** : इंडियन सोसाइटी ऑफ गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी की गर्वनिंग बॉडी की बैठक रविवार को रांची में संपन्न हुई। बैठक में सोसाइटी को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान नई कमेटी का चयन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से रिम्स के डॉ. मनोहर लाल प्रसाद को इंडियन सोसाइटी ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी बिहार-झारखंड चैप्टर का प्रेसिडेंट नियुक्त किया गया। डॉ. आशीष कुमार झा को प्रेसिडेंट इलेक्ट, डॉ. विजय शंकर को वाइस प्रेसिडेंट, डॉ. संजीव कुमार झा को सेक्रेटरी, डॉ. रवि कांत व डॉ. रविश को ज्वाइंट सेक्रेटरी और डॉ. सौरभ जायसवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा गर्वनिंग काउंसिल के सदस्यों के रुप में डॉ. संजीव ठाकुर, डॉ. जयंत घोष, डॉ. शैलेश कुमार सिंह, डॉ. तेज नारायण, डॉ. दीपक कुमार सिंह और डॉ. प्रणव मंडल को चुना गया।

### एसडीओ और डीएसपी ने दुर्गा पूजा पंडाल का किया निरीक्षण

**रांची** : रांची के सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार और कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए ने रविवार को दुर्गा पूजा पंडाल का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने बकरी बाजार, आरआर स्पोर्टिंग क्लब, राजस्थान मित्र मंडल, बड़ा तालाब, ओसीसी पूजा पंडाल का निरीक्षण किया। साथ ही वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों को कई दिशा निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि झारखंड में दुर्गा पूजा लेकर सभी जिलों में सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गई है। पुलिस मुख्यालय ने सुरक्षा के पुख्ता व्यवस्था करने के लिए झारखंड के 24 जिलों में 10 हजार से अधिक अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए है।

### दुर्गा पूजा में जेबीवीएनएल की निर्बाध बिजली आपूर्ति की तैयारी

**रांची** : शहर में सभी दुर्गा पूजा पंडाल बनकर तैयार हैं। कुछ पंडालों के पट खुल गये हैं। वहीं कुछ पंडाल पंचमी के दिन खुलेंगे। ऐसे में झारखंड बिजली वितरण निगम (जेबीवीएनएल) ने दुर्गा पूजा में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए अपनी तैयारी पूरी कर लेने का दावा किया है। जेबीवीएनएल ने सात अक्टूबर से लेकर 13 अक्टूबर तक निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए नियंत्रण कक्ष का गठन किया है। इसके अतिरिक्त नियंत्रण कक्ष में तीन पालियों में एंटी क्लॉक वाइज बिजली अफसरों और कर्मियों की तैनाती की गयी है। बिजली कार्यपालक अभियंता, सहायक विद्युत अभियंता और अन्य कर्मी सुबह छह बजे से दिन के दो बजे तक, दो बजे से रात्रि 10 बजे तक और रात्रि 10 बजे से सुबह छह बजे तक रहेंगे। गठित नियंत्रण कक्ष पूरे 24 घंटे एक्टिव रहेगा।

# दुर्गा पूजा पर नौ से 13 तक बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था शहरी क्षेत्र में शाम चार बजे से वाहनों का प्रवेश बंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : दुर्गा पूजा को लेकर नौ से 13 अक्टूबर तक राजधानी रांची के मुख्य मार्गों पर शाम चार बजे से छोटे व बड़े वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। ट्रैफिक एसपी ने रविवार को इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है।




### किस रूट के वाहन कहां तक आ सकेंगे

- सभी प्रकार के निजी वाहन, ऑटो और ई-रिक्शा का परिचालन कचहरी चौक से शहीद चौक, फिरायालाल चौक, सुजाता चौक की ओर वर्जित रहेगा। सुजाता चौक की तरफ से मेन रोड में आने वाले सभी निजी वाहन सैनिक मार्केट जीईएल चर्च कम्प्लेक्स तक ही जा सकेगी।
- पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट (रातु रोड) की ओर आने वाली सभी छोटी गाडियों का परिचालन सुबह चार बजे से शाम चार बजे तक मीनाक्षी सिनेमा मोड़ से पहाड़ी मंदिर होते हुए किशोरगंज चौक और यहां से हरमू चौक की ओर होगी।
- हरमू की तरफ से किशोरगंज होकर रातू रोड की तरफ आने वाले चार पहिया वाहनों का परिचालन किशोरगंज चौक तक ही होगा। इस ओर से आने वाले ऐसे सभी दो पहिया वाहन किशोरगंज से आगे पहाडी मंदिर मोड़ से मीनाक्षी सिनेमा मोड़ और रातू रोड होकर पिस्का मोड़ की ओर जायेंगे।
- हरमू बाईपास रोड के तरफ से पिस्का मोड़ की तरफ जाने वाले छोटे चार पहिया वाहन भाजपा कार्यालय के पास से पीपर टोली होकर कटहल मोड, हेहल अंचल होते हुए पिस्का मोड़ की तरफ जायेंगे।
- कांके रोड से कचहरी चौक की तरफ आने वाली छोटी गाडियों जाकिर हुसैन पार्क,रेडियम रोड़ होकर कचहरी चौक तक, लालपुर चौक से कचहरी चौक आने वाली छोटी गाडियों जेपीएससी कार्यालय तक, बरियातू रोड से अल्बर्ट एक्का चौक की ओर जाने वाली छोटी गाडियों लाइन टैंक रोड स्थित रामगढ ट्रेकर पड़ाव तक एवं डंगराटोली चौक से सर्जना चौक की ओर आने वाली छोटी गाडियों मिशन चौक तक ही आ सकेगी।
- लालपुर से कोकर जाने वाले मार्ग वन-वे रहेगा। सिर्फ लालपुर से कोकर की ओर जाने वाले वाहन सदर थाना वाले मार्ग से होते हुए जायेंगे। कोकर से लालपुर की ओर आने वाली गाडियों कांटाटोली होकर अपने गंतव्य तक जाऐगी।
- हरमू रोड से छोटी गाडियां अरगोड़ा चौक, कडरू, सुजाता चौक, मुण्डा चौक होते हुए कांटोटोली जा सकती है।
- कांके रोड से आने वाली गाडियां राम मंदिर, रणधीर वर्मा चौक, करमटोली से बुटी मोड़ होतु हुए जमशेदपुर या कांटाटोली वो तरफ जा सकती हैं।
- मेन रोड में शाम चार बजे से अगले दिन सुबह चार बजे तक छोटे वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है। किशोरगंज चौक तक छोटी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।

## बन्ना गुप्ता को लेकर फेक न्यूज वायरल करने वाले पर पुलिस करेगी कार्रवाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राज्य के मंत्री बन्ना गुप्ता पर यौन शोषण को लेकर एक फर्जी एफआईआर की कॉपी वायरल हो रही है। रांची पुलिस ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर वायरल एफआईआर कॉपी को फेक बताया है। रांची पुलिस ने कहा कि कई व्हॉटसएप ग्रुप में मंत्री बन्ना गुप्ता से संबंधित झूठी प्राथमिकी दर्ज किया हुआ पत्र व्हॉटसएप में प्रसारित किया गया है।

इस संदर्भ में तथाकथित आवेदिका तमाड़ थाना क्षेत्र के सलगाडीह गांव की रहने वाली पूजा महतो का छदम नाम का उपयोग किया गया है। साथ ही सिटी एसपी कार्यालय को संबोधित एक आवेदन और कार्यालय से संबंधित मिलता-जुलता फर्जी मोहर का आवेदन पत्र का उपयोग किया गया है। बन्ना गुप्ता के खिलाफ यौन शोषण से संबंधित आरोप लगाते हुए एक झूठा आवेदन व्हॉटसएप में प्रसारित किया जा रहा है। इस संबंध में सिटी एसपी के रीडर अमित राई के लिखित प्रतिवेदन के आधार पर तथाकथित प्रभात और अन्य अज्ञात के खिलाफ कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर यौन शोषण को लेकर एक फर्जी एफआईआर की कॉपी वायरल हो रही है। इस संबंध में एफआईआर दर्ज किया गया है। मामले की गहन जांच की जा रही है।

## हेमन्त सरकार ने राज्य की बुनियाद को कमजोर किया : सुदेश महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सरकार ने अपने कार्यकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था को ठप कर दिया है। राज्य में पिछले पांच सालों में शिक्षकों की कमी होने से शिक्षा के स्तर में गिरावट आई है। सरकार ने राज्य की बुनियाद को कमजोर कर दिया है। खनिज संपदाओं की लूट और राज्यभर में व्याप्त भ्रष्टाचार इस सरकार की उपलब्धि है।



सुदेश कुमार महतो रविवार को रिंग रोड स्थित आम बगीचा, मनातू में आयोजित हटिया विधानसभा क्षेत्र स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे। मौके पर विधानसभा क्षेत्र के हजारों चूल्हा प्रमुखों ने अपने पद की शपथ ग्रहण की। महतो ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए गांवों को सशक्त करना आवश्यक है। गांव का परिचय केवल शहर की आवश्यकतओं को पूरा करने के लिए नहीं होगा। आत्मनिर्भर महिला ही आत्मनिर्भर गांव का आधार हैं।

महतो ने कहा कि हमने महिलाओं को चौखट और घूंघट से निकालकर उन्हें सामाजिक और राजनीतिक सम्मान दिलाने का काम किया है। सरकार को बेदखल करने के लिए हम सभी को एकजुट होकर मेनहत करना है। हमारी तैयारी वादों को सिर्फ कागजों का हिस्सा नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारने की है। लीडर पर जनता को विश्वास होना चाहिए। जनता के विश्वास के बिना लीडर की कोई मान्यता नहीं। इस अवसर मुख्य केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, हटिया विधानसभा क्षेत्र प्रभारी भरत कांशी, जिप सदस्य रातू दक्षिणी मनीषा देवी, डॉ सुधीर यादव, ज्ञान सिंहा, जीतेन्द्र सिंह, अशोक नाग, चिंटू मिश्रा इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## राहुल गांधी बड़ी झूठ की मशीन : लाल सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : भाजपा प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्या ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुख्यमंत्री, इंडी गठबंधन के नेता संविधान की किताब दिखाते हुए हर सभा में बोलते थे कि मोदी और भाजपा को 400 सीट दे दी तो वे संविधान बदल देंगे। आरक्षण खत्म कर देंगे। कांग्रेस और इंडी गठबंधन संविधान और आरक्षण की रक्षा करेगी।




लाल सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने ऐसा कर दलित, आदिवासी, पिछड़ों को भड़काकर कुछ प्रतिशत वोट हासिल करने का काम कर लिया। वोट लेने के बाद जैसे ही वे अमेरिका गए, वहां उन्होंने पत्रकार से बातचीत में कहा कि यदि भारत में हम ताकत में आ गए तो आरक्षण खत्म कर देंगे। कांग्रेस का यह दोहरा चरित्र है। लोकसभा चुनाव में वोट हासिल करने से पहले दूसरा चरित्र था और लोकसभा चुनाव के बाद उनका दूसरा चेहरा सामने आया। आम जनता कहती है कि राहुल गांधी बड़ी झूठ की मशीन हैं। यह उन्होंने अपने चरित्र से भी सिद्ध किया है। लाल सिंह आर्या रविवार को को पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

लाल सिंह ने कि केवल राहुल गांधी आरक्षण खत्म करने की बात नहीं करते हैं, बल्कि 1961 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने देश के सभी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा था कि हम आरक्षण का पक्ष में नहीं हैं। आरक्षण से आयोग और दोयम दर्जे को लोग पैदा होते हैं। उन्होंने आरक्षण के खिलाफ मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के लिए काका कालेलकर की कमेटी पंडित नेहरू ने बनाई थी। आरक्षण देने के लिए जब रिपोर्ट आई तब उन्होंने उसको खारिज कर दिया। इंदिरा गांधी ने मंडल आयोग बनाया लेकिन मंडल आयोग की सिफारिश को कचरे में डाल दिया।

लाल सिंह ने कहा कि राजीव गांधी ने तो यहां तक कहा कि आरक्षण से बुद्धू पैदा होते हैं। पिछड़ा वर्ग को एससी, एसटी को आरक्षण की जरूरत नहीं है, बल्कि मुस्लिम लोगों को आरक्षण की जरूरत है। अब इसी आरक्षण को खत्म करने की बात राहुल गांधी कहते हैं। इसका मतलब यह है कि राहुल गांधी, राजीव गांधी, इंदिरा गांधी, पंडित नेहरू यानी पूरी की पूरी कांग्रेस आरक्षण की विरोधी है।

## सेल आरडीसीआईएस ने मोबाइल मेडिकल यूनिट का किया उद्घाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : सेल आरडीसीआईएस ने अपने सीएसआर बजट से हेल्थकेयर पर जोर देते हुए 40 लाख रुपए में एक मोबाइल मेडिकल यूनिट खरीदा। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन आश्रय फाउंडेशन एनजीओ द्वारा मेडिकल ऑफिसर प्रतापपुर चतरा के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट का उद्घाटन 04 अक्टूबर को आरडीसीआईएस के इस्पात भवन में किया गया। इस अवसर पर जहां भारत सरकार के केंद्रीय सतर्कता आयोग से सतर्कता आयुक्त ए एस राजीव एवं सचिव पी डेनियल उपस्थित थे, वही सेल की ओर से अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश, निदेशक कार्मिक के के सिंह, सीवीओ एस.एन. गुप्ता, ईडी सतर्कता संजय शर्मा, ईडी सीईटी एस. के. वर्मा, ईडी आरडीसीआईएस एस.के. कर एवं कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

इस उद्घाटन समारोह में झारखंड सरकार के सिविल सर्जन चतरा डॉक्टर दिनेश कुमार ने भी भाग लिया। सतर्कता आयुक्त एवं सेल अध्यक्ष ने मिलकर एमएमयू की चाभी आश्रय फाउंडेशन तथा सिविल सर्जन को सौपी और फिर झण्डा दिखा कर इस एमएमयू को प्रतापपुर चतरा के लिए रवाना किया। सेल आरडीसीआईएस की सीएसआर टीम 5 अक्टूबर को प्रतापपुर पहुंची और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रतापपुर के मेडिकल ऑफिसर संजीव कुमार को इस एमएमयू को हैंडओवर किया।

# नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने हेमन्त सोरेन से पूछे सवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने रविवार को ट्वीट कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सवाल पूछा है। उन्होंने लिखा है कि 40 हजार के अधिक पोस्ट के साथ पूरे देश में सातवें नंबर पर #Cancel-jssc-cgl ट्रेंड कर रहा है। साथ ही लिखा है कि मुख्यमंत्री से राज्य के युवा पूछ रहे हैं कि बेरोजगारी भत्ते का क्या हुआ। पांच लाख नौकरियों का क्या हुआ। परीक्षा में हुई अनियमितताओं की जांच का क्या हुआ।

दूसरी ओर, कोचिंग संस्थान करियर फाउंडेशन के संस्थापक प्रकाश पोद्दार ने ट्वीट कर लिखा कि जेएसएससी वाले साक्ष्य की मूल कॉपी मांगते हैं लेकिन हमें इन पर भरोसा नहीं है। मूल साक्ष्य हमलोग कोर्ट में ही देंगे। उन्होंने झामुमो, हेमंत सोरेन और बाबूलाल मरांडी को भी टैग किया और लिखा कि यदि ये लोग मूल साक्ष्य को नष्ट कर दिये तो रिजल्ट भी दे देंगे। इसलिए कोर्ट में ही हम सबूत देंगे। ये वही शख्स है जिसे आयोग के सचिव ने गड़बड़ी की प्रमाणिकता का शपथ पत्र देने के लिए अंतिम मौका दिया है। सचिव सुधीर कुमार गुप्ता ने पत्र लिखकर सात अक्टूबर के दोपहर तीन बजे तक का टाइम दिया है।



सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (सीजीएल)-2023 में गड़बड़ी से संबंधित सबूतों की प्रामाणिकता संबंधी शपथ पत्र व सीडी की फ्रेश कॉपी पेश करने को लेकर शिकायतकताओं को अंतिम अवसर दिया गया है। जेएसएससी ने सात अक्टूबर को दोपहर तीन बजे सभी सभी शिकायतकर्ताओं को आयोग को समर्पित साक्ष्यों की सत्यता व प्रामाणिकता संबंधी शपथ पत्र के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

आयोग के सचिव सुधीर कुमार गुप्ता ने शिकायतकर्ता कुणाल प्रताप सिंह, प्रकाश कुमार और विनय कुमार को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि कई बार अवसर दिया गया लेकिन आपके द्वारा समर्पित परिवाद, पेन ड्राइव व सीडी की सत्यता व प्रामाणिकता संबंधी शपथ पत्र पेश नहीं किया गया। दोबारा सीडी दी गयी लेकिन वह भी स्पष्ट नहीं था। खाली ही रहा। अभ्यर्थियों को पुनः सीडी की फ्रेश प्रति पेश करने के लिए समय दिया गया लेकिन अब तक अप्राप्त है।

### तीन सदस्यीय समिति कर रही जांच

सीजीएल परीक्षा राज्य के 823 केंद्रों पर 21 तथा 22 सितंबर को संपन्न हुई। इसमें 3,04,769 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी है। परीक्षा में पेपर लीक, विभिन्न विषयों के 180 प्रश्न रिपीट करने सहित अन्य गड़बड़ियों के आरोप हैं। 22 सितंबर को परीक्षा शुरू होने के पूर्व कई अभ्यर्थियों के पास प्रश्नों के जवाब उपलब्ध होने का आरोप भी अभ्यर्थियों द्वारा लगाया गया है। 26 सितंबर को अभ्यर्थियों ने जेएसएससी को सबूत सौंपा था। इस पर आयोग द्वारा तीन सदस्यीय समिति गठित की थी, जो मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### राहुल सिन्हा खान निदेशक और आदित्य रंजन बने पशुपालन निदेशक



**रांची** : राज्य सरकार ने 10 आईएएस अधिकारियों का तबादला और पदस्थापन किया है। इस संबंध में शनिवार देर रात कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राज्य भाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। रांची डीसी के पद से हटाए गए राहुल सिन्हा को खान निदेशक बनाया गया है। निदेशक स्तर के कई अधिकारियों को भी इधर से उधर किया गया है। कुछ प्रतीक्षारत अधिकारियों को भी पोस्टिंग दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार प्रतीक्षारत सुमन कैथरीन किस्पोट्टा को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग का विशेष सचिव, प्रतीक्षारत राहुल कुमार सिन्हा को खान विभाग का निदेशक और राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड जेएसएमडीसी का एमडी, समाज कल्याण विभाग के निदेशक शशि प्रकाश झा को राजस्व निबंधनएवं भूमि सुधार विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। इसी प्रकार दक्षिणी छोटा नागपुर के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा को राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग का विशेष सचिव, प्रतीक्षा रात मृत्युंजय कुमार बरनवाल को जेएसएलपीएस का सीईओ सह मनरेगा आयुक्त, ज्यादा के एचडी शशि रंजन को झारखंड शिक्षा परियोजना का निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक आदित्य रंजन को पशुपालन विभाग का निदेशक, प्रतीक्षा रथ गरिमा सिंह को योजना एवं विकास विभाग का संयुक्त सचिव, हजारीबाग डीडीसी प्रेरणा दीक्षित को जियादा का एमडी बनाया गया है।

### घोटालेबाजों को बचाने के लिए कोर्ट जाती है सरकार : बाबूलाल मरांडी




**रांची** : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को कहा कि सरकार का काम है चोरों को पकड़ना, गड़बड़ी की जांच कराना, दोषियों को न्यायालय से सजा दिलवाना लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार इसके ठीक उलट घोटालेबाजों को बचाने के लिये बार-बार न्यायालय के शरण में जाकर जांच को लटकाने-भटकाने का काम करती रही है। मरांडी ने कहा कि वे पहले बता दे रहे हैं कि धनबाद में पिछले पांच सालों में आजादी के बाद के सबसे बड़े कोयला चोरी और घोटाले की सीबीआई, ईडी जांच के लिये हाई कोर्ट द्वारा दिये गये आदेश को रोकवाने एवं चोरी में शामिल अफसरों को बचाने के लिये हेमंत सोरेन सुप्रीम कोर्ट जायेंगे। उन्होंने कहा कि सांच को आंच क्या? यदि कोयला चोरी का माल आपने नहीं खाया है तो डर काहे का? जांच होने दीजिये। सच सामने आ जायेगा। जो खाया है वो भुगतेगा और यदि आपने भी खाया है तब तो जांच को रोकवाना, लटकाना-भटकाना आपकी मजबूरी है। भले जांच नहीं होने देने और चोरों को बचाने के लिये गरीबों की गाढ़ी कमाई का करोड़ों रुपये क्यों न फूंकना पड़े? पब्लिक ये सब देख-समझ रही है।

### डोरंडा सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति बना रही दक्षिणेश्वर काली मंदिर



**रांची** : रांची के 56 सेट स्थित डोरंडा सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष दक्षिणेश्वर काली मंदिर का भव्य पंडाल का निर्माण कर रही है। 70 फीट ऊंचा पंडाल और 45 फीट ऊंचा लाइट गेट मुख्य आकर्षण का केन्द्र होगा। रोबिन टेन्ट हाउस के नेतृत्व में बंगाल के कारीगरों के जरिए सोमवार शाम तक पूजा पंडाल बनकर तैयार हो जाएगा। मूर्तिकारों के जरिये मां दुर्गे की मूर्ति को भव्य रूप दिया जा रहा है। छप्पन सेट आवासीय परिसर में ही मां दुर्गा, गणेश, लक्ष्मी, सरस्वती, विश्वकर्मा भगवान की भी मूर्ति बनाई जा रही है। दक्षिणेश्वर काली मंदिर पूजा पंडाल का उद्घाटन आठ अक्टूबर शाम सात बजे राज्य सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पत्रकार विजय पाठक एवं रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे करेंगे। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष गोपी दूबे ने रविवार को कहा कि इस वर्ष 62वां दुर्गा पूजा महोत्सव आवासीय परिसर में मनाया जा रहा है। सीमित संसाधनों में 56 सेट, 124 सेट, कुम्हार टोली, लक्ष्मी पाड़ा, भारती कम्पाउण्ड, जैप वन के लोगों के सहयोग से पूजा का आयोजन किया जाता है।

### नवरात्र में ध्यान व क्रिया योग का अभ्यास कर स्वयं को दिव्य प्रकाश से आलोकित कर सकते हैं : स्वामी अमरानन्द



**रांची** : नवरात्र चल रहा है। आज चौथा दिन मां कुष्माण्डा का है। मां कुष्माण्डा के हाथों में ऐसे तो कई अस्त्र-शस्त्र विद्यमान है। लेकिन उनके एक हाथ में दिव्य प्रकाश भी होता है। जिन दिव्य प्रकाशों से वे अपने भक्तों के अंदर रहनेवाली सारी अविद्याओं को नष्ट कर, उनमें प्रकाश ही प्रकाश भर देती है। दरअसल नवरात्र एक ऐसा अवसर है, जिसमें अगर आप घर पर ही रहकर ध्यान या क्रिया योग का गहराइयों के साथ निरन्तर प्रयास करते हैं तो आपके सारे शरीर के अंदर विद्यमान सारे चक्र खुल जाते हैं और आप डिवाइन मदर के दिव्य प्रकाश से स्वयं को आलोकित कर लेते हैं। ये बातें आज योगदा सत्संग आश्रम में आयोजित रविवारीय सत्संग को संबोधित करते हुए योगदा संन्यासी स्वामी अमरानन्द गिरि ने योगदा भक्तों से कही। उन्होंने कहा कि नवरात्र सारे अहंकारों और बुरी आदतों पर विजय पाने का सुंदर अवसर है। इन दिनों किया जानेवाला उपवास भी हमारे शरीर के अंदर की सारी गंदगियों को दूर करने में सहायक होता है। इससे आप प्रतिदिन एक नई दिव्य चेतना से युक्त होते हैं। ये दिव्य चेतना हमें निरन्तर उस दिव्य प्रकाश की ओर ले जाने में सहायक सिद्ध होती है। जिस दिव्य प्रकाश को पाने के लिए योगियो का समूह निरन्तर लगा रहता है। स्वामी अमरानन्द गिरि ने यह भी कहा कि हमेशा याद रखें कि माया के प्रलोभन से हमें हमेशा बचने की आवश्यकता है। आत्म संयम पर ध्यान देना है। गुरुजी यानी प्रेमावतार परमहंस योगानन्द जी के बताये मार्गो, उनके द्वारा दिये गये विशेष तकनीकों का हमेशा ध्यान करना है, क्रिया योग को अपनाकर अपने आपको दिव्य रास्ते पर ले चलना है। यह हम सबके लिए जरुरी है। उन्होंने कहा कि माया हमेशा अपनी ओर खींचने की कोशिश करेगी। लेकिन हमें इससे बचने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि हमारे गुरुओं ने हमें अपने शत्रुओं से भी प्रेम करना सिखाया है। उनसे घृणा करना नहीं सिखाया। काम, क्रोध, मद, लोभ हमारे अंदर रहनेवाले शत्रु है। जिस पर निरन्तर विजय पाने की आवश्यकता है।

## एक नजर

### बंद आवास का ताला तोड़ चोरों ने उड़ायी लाखों की संपत्ति

**बोकारो** : बोकारो मे फिर चोरी की घटनाओ मे इजाफा हुई है। ताजा घटना सेक्टर 2ए के आवास संख्या 208 फायर कालोनी मे घटी है। जहां कोटक महिंद्रा बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक अग्रवाल के घर को बीती रात चोरों ने निशाना बनाते हुए मुख्य गेट का ताला तोड़कर लाखों रुपए के समान चोरी कर ली है। मालूम हो की गृहस्वामी दीपक अग्रवाल अपने घर को बंदकर बाहर चले गये थे, बंद आवास होने के कारण चोरों ने घर को निशाना बना लिया। घटना की सूचना पाते ही मौके पर पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। वैसे कृष स्वामी के आने के बाद पता चल पायेगा की कितने की चोरी हुई है।

### बोकारो बॉलर्स का चयन ट्रायल आज से

**बोकारो** : जिला बास्केटबॉल संघ के पुरुष टीम का चयन प्रक्रिया 7 अक्टूबर से प्रारंभ किया जा रहा है। झारखंड बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित प्रथम झारखंड बास्केटबॉल लीग 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक जमशेदपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में झारखंड की कुल 6 टीम भाग लेंगी। झारखंड बास्केटबॉल संघ के सचिव जे पी सिंह द्वारा पत्र जारी कर कहा गया है कि 12 सदस्यों की टीम में 3 खिलाड़ी युथ,3 खिलाड़ी जूनियर और 6 खिलाड़ी सीनियर के शामिल होकर एक टीम बनाएंगे। बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की टीम का नाम बोकारो बॉलर्स रखा गया है। जो खिलाड़ी टीम शामिल होना चाहते है उनके लिए चयन प्रक्रिया 7 एवम 8 अक्टूबर को चिन्मय विद्यालय में संध्या4 बजे से रखी गई है। चयन प्रक्रिया में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड एवम जन्म प्रमाणपत्र लाना अनिवार्य है। चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जनवृत 12 एवम चिन्मय विद्यालय के बास्केटबॉल कोर्ट में किया जायेगा। समस्त जानकारी बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव संजीव कुमार ने दी।

### हार्डकोक फैक्ट्री में मजदूर की दर्दनाक मौत



**धनबाद**: रविवार को राजगंज थाना क्षेत्र के धावाचिता पंचायत क्षेत्र के हीरक रोड स्थित सालदहा-दलदली के बीच सीताराम हार्डकोक भट्ठा में कार्य के दौरान कोयला पीसने का काम कर रहे एक सहायक मिस्त्री की दर्दनाक मौत हो गयी ।मृतक गिरिडीह जिला के खुखरा थाना क्षेत्र के मंदनाडीह गांव निवासी मानिक बेसरा है। कोयला के ढेर में दबने से हुई मौत बताया जाता है मानिक इस हार्डकोक फैक्ट्री में पिछले 25 वर्षो से काम करता था। रविवार को भारी भरकम मशीन के उपर वह चढ़ा था। कोयला पीसने के दौरान अचानक प्लेट फंस गया। वह प्लेट हटाने जैसे ही मशीन के अंदर घुसे, प्लेट हट गया व वह करीब बीस-पच्चीस फीट नीचे जा गिरा और उसके उपर भारी मात्रा में कोयला गिर पड़ा। जिससे वह दब गया व दर्दनाक मौत हो गयी। फैक्ट्री संचालक ने बात दबाने का किया प्रयास यह घटना दिन के करीब 11 बजे की बतायी जा रही है। वहीं फैक्ट्री संचालक इसे दबाने के नीयत से काफी प्रयास किया। लेकिन धीरे धीरे बात फैल गयी ।वहीं सूचना पाकर स्थानीय थानेदार अलीशा कुमारी सदल बल पहूंच कर जांच में जुट गयी है। वहीं कई दलों के नेता पहूंच कर आंदोलन कर रहे हैं ।मृतक के परिजन को बीस लाख रूपए मुआवजा की मांग की जा रही है। परीजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक घर में इकलौता कमाऊ सदस्य था।

# कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश ने सीसीएल की दो परियोजनाओं का किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने रविवार को सीसीएल के बोकारो एंड करगली क्षेत्र में कारो कोल हैंडलिंग प्लांट और कोनार कोल हैंडलिंग प्लांट का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं की क्षमता सात मिलियन टन और पांच मिलियन टन प्रतिवर्ष है। मंत्री ने कोनार परियोजना के शिलान्यास के दौरान पौधरोपण भी किया। फर्स्ट माइल रेल कनेक्टिविटी की दिशा में ये दोनों कोल हैंडलिंग प्लांट एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा, जिसके तहत कोयला खदानों से उत्पादित कोयले को निकटतम रेलवे सर्किट तक ले जाने की व्यवस्था की जायेगी। यहां से इसे देशभर के ताप विद्युत संयंत्रों तथा अन्य उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाएगा। वर्तमान में इन खानों से कोयला सड़क मार्ग से रेलवे साइडिंग तक लाया जाता है।

**कोनार कोल हैंडलिंग प्लांट:** इस संयत्र में रिसीविंग हॉपर, क्रशर, 10000 टन क्षमता के कोयला भंडारण बंकर और 1.6 किमी लंबा कन्वेयर बेल्ट सम्मिलित हैं, जिनकी सहायता से कोयले को 1000 टन भंडारण क्षमता के साइलो बंकर द्वारा रेलवे वैगनों में स्थानांतरित किया जाएगा। पांच मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता की इस परियोजना की लागत 322 करोड़ है। इस परियोजना के प्रारंभ होने से वर्तमान रेक लोडिंग समय पांच घंटे से घटकर एक घंटा हो जाएगा, जिससे कोयल प्रेषण में तेजी आएगी और रेक की उपलब्धता बढ़ेगी।

**कारो कोल हैंडलिंग प्लांट:** इस संयत्र में रिसीविंग हॉपर, क्रशर, 15000 टन क्षमता के कोयला भंडारण बंकर और 1किमी लंबा कन्वेयर बेल्ट सम्मिलित हैं, जिनकी सहायता से कोयले को 4000 टन भंडारण क्षमता के साइलो बंकर द्वारा रेलवे वैगनों में स्थानांतरित किया जाएगा। सात मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता की इस परियोजना की लागत 410 करोड़ है। इसके परियोजना के प्रारंभ होने से वर्तमान रेक लोडिंग समय पांच घंटे से घटकर एक घंटा हो जाएगा, जिसे कोयल प्रेषण में तेजी आएगी। ये एक क्लोज्ड-लूप, पूर्ण यंत्रीकृत प्रणाली है जो सड़क द्वारा परिवहन को समाप्त करके कोयले के प्रेषण में तेजी और दक्षता लाएगी और इस प्रकार से डीजल की खपत न्यूनीकृत करेगी। इस परियोजना के आरंभ होने पर धूल और वाहन जनित प्रदूषण कम होगा, जिससे क्षेत्र के पर्यावरण में गुणात्मक सुधार होगा। सीएमडी सीसीएल निलेंदु कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम सीसीएल कई नई परियोजनाओं की शुरूआत कर रहा है,जिससे कोयला उत्पादन एवं प्रेषण में वृद्धि आएगी। इस मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाशचौधरी, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह, कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद, सीएमडी सीसीएल निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक पवन कुमार मिश्रा, निदेशक हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी हरीश दुहान, निदेशक तकनीकी सतीश झा एवं श्रमिक संघों के प्रतिनिधिगण, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्षग सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## माराफारी में चाकू गोदकर युवक को किया जख्मी, हालत गंभीर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** शनिवार शाम माराफारी थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो अपराधियों ने एक युवक को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक की बेहतर इलाज के लिया बीजीएच में भर्ती कराया गया है । जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जख्मी युवक की पहचान अंकित कुमार के रूप मे की गईं है। घटना के बाद पूरे छेत्र में तनाव है। मौके पर मुख्यालय डीएसपी समेत कई पुलिस अधिकारी पहुंच स्थिति का जायजा लिया। मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता ने जानकारी दी कि अंकित अपने एक दोस्त के साथ जा रहा था। तभी कुछ लोग आए तथा कहा सूनी करते हुए उसपर चाकू से हमला कर दिया। हमले मे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। अंकित को अस्पताल मे इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। डीएसपी ने उग्र लोगों को आश्वासन दिया कि 72 घंटे के अंदर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लने का आश्वासन दिया है।

## बजरंगबली मंदिर के शेड का सांसद प्रतिनिधि ने किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** नवरात्रि के शुभ अवसर पर धनबाद के लोकप्रिय सांसद प्रतिनिधि सह बाघमारा के भावी विधायक शत्रुघ्न महतो मलकेरा मेन रोड छाताबाद 5 नंबर स्थित श्री श्री संकट हरण बजरंगबली मंदिर के शेड स्थिति काफी जर्जर स्थिति में थी इसकी जानकारी ग्रामीणों के द्वारा शरद दा को दी गई थी इस समय इस सेट की घोषणा हो चुकी थी लोकसभा चुनाव की घोषणा हो जाने के कारण आचार संहिता लग गया था जिसके कारण इस शेड का शिलान्यास उस समय नहीं हो पाया था पर आज नवरात्रि के शुभ अवसर पर इस शेड का शिलान्यास विधिवत पूजा पाठ एवं नारियल फोड़कर शरद दा ने एवं शिलान्यास के बाद भावी विधायक शरद दा ने अपने वक्तव्य में बोले कि जो भी बचे हुए कार्य इस क्षेत्र में है चुनाव के बाद उसे अवश्य पूरा करेंगे और इस मंदिर को भव्य रूप का आकार देंगे एवं चुनावी मौसम में रूप बदल बदल कर आपस में युवाओं को लड़ाने का काम जिस तरह बहरूपिया लोग कर रहे हैं उसे सावधान रहने का लोगों से अपील किया एवं उनके इन सभी बातों को ग्रामीणों ने मंदिर में हाथ उठाकर दृढ़ संकल्प लिया कि इस चुनाव में रिकॉर्ड मतों से आपको विधानसभा भेजने का काम करेंगे जिस तरह आपने हम लोगों के लिए इस मंदिर का शेड निर्माण का शिलान्यास किये इसके लिए हम सभी ग्रामीण आपके लिए सदा आभारी रहेंगे इस कार्यक्रम का संचालन डब्लू हांडी ने किया मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा नेता वशिष्ठ चौहान, भाजपा नेता मुकेश झा, शिवा दास,ओम हाड़ी, वरूण हाड़ी, उतम हाड़ी, सुनिल दास,गुटन दास, सुमित हाड़ी, रेशम हाड़ी रौशन चौहान, सुग्रीव चौहान आदि उपस्थित थे।

## जिला परिषद बोर्ड की हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** जिला परिषद बोर्ड की बैठक में अध्यक्ष श्रीमती शारदा सिंह की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई बैठक। स्वाती कुमारी ने विभिन्न समस्याओं के साथ साथ झारखंड आंदोलन के अग्रनी नेता शहीद शक्ति नाथ महतो की तस्वीर परिषद सभागार मे लगाने की मांग की जो सर्व सम्मति से जिला परिषद सभागार मे लगाने का निर्णय लिया गया इस खुशी मे शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक समिति के द्वारा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी जिला परिषद सदस्यो को धन्यवाद दिया तथा गाजे बाजे के साथ स्मारक समिति के द्वारा मानणीय सदस्यों का जोर दार फुल माला के साथ शहीद शक्ति नाथ महतो चौक तेतुलमारी मे स्वागत किया गया तथा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के साथ साथ सभी मानणीय सदस्यों ने शहीद शक्ति नाथ महतो जी के आदम कद प्रतिमा पर फुल माला पहनाकर श्रंधाजलि अर्पित की मानणीय अध्यक्ष शारदा सिंह जी ने सभा को सम्बोधित करतें हुए कहा की बिनोद बाबू दिशोम गुरु शिबु सोरेन का ऐ के राय शक्ति नाथ महतो जी जेसे वीर सपुतो ने झारखंड मे हो रहे अन्याय अत्याचार शोषन मुक्त झारखंड के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा का गठन किया गया शक्ति नाथ महतो जी ने कोयलांचल मे गरीब किसान मजदुर शोषित पिडित छात्र नोजवानो के हक और अधिकार के लिए आवाज बने और माफियाओ सुदखोर महाजन के लिए उन्होने लडाई की बिगुल फुक दी उन्होने 70 के दशक मे बीसीसीएल मे हो रहे मजदूरों के साथ अत्याचार के खिलाफ माफियाओ सुदखोर के साथ लड़ाई लड कर उनका अधिकार दिलाने का काम किया टाटा कम्पनी मे भी हो रहे मजदूरों के साथ अन्याय अत्याचार के खिलाफ यहाँ भी माफियाओ के साथ लड़ाई लड कर मजदूरों का हक दिलाने का काम किया टाटा कम्पनी द्वारा टाटा सिजुआ मे एसिया का सबसे बडा हार्डकोक भट्ठा बनाया था जिसपर शक्ति नाथ महतो जी कम्पनी के पास अपनी बात रखी की 95 प्रतिशत यहां के लोगों को काम दिया जायेगा तब हार्डकोक भट्ठा चालू होगा इस पर कम्पनी ने 50 प्रतिशत यहाँ के लोगों को रखने की बात कही जो शक्ति नाथ महतो जी को मंजुर नही था इसी बीच ङउफरिफेक्ट्री तिलाटांड मे कम्पनी तथा माफियाओ के मिली भगत से मजदूरों के अधिकार नही दिया जाता था।

## युवाओं को संविधान के प्रति किया जा रहा जागरूक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सशक्त लोकतंत्र के लिए सशक्त नागरिक की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से सहयोगिनी बोकारो जिले में 60 लड़कियों के साथ 'संविधान लाइव। आओ जाग्रिक बने ' सहभागी खेल से युवाओं में अपने मौलिक अधिकारों और मूल कर्तव्यों को समझते हुए सामाजिक-आर्थिक, पर्यावरणीय, शैक्षिक और मानसिक मुद्दों पर अपनी समझ बना रहे हैं। यह खेल कसमार प्रखंड के पोंडा तथा दुगार्पुर पंचायत में खेला जा रहा है। इस संबंध में सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि पांच हफ्तों तक चलने वाले इस खेल में युवाओं को हर हफ्ते कर्तव्य या अधिकार के टास्क करना है। जिससे लड़कियां अपने कर्तव्य एवं संविधान के बारे में समझ विकसित करेंगे। इस खेल में सहयोगिनी के प्रकाश महतो,कुमारी किरण मेंटरशिप कर रही है। कार्यक्रम के दौरान लड़कियों को एक सप्ताह के अंदर अपना टास्क पूरा करना पड़ता है। समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं का समाधान करने का कार्य युवा लड़कियां कर रही है जिस संविधान के साथ जोड़कर उनका नेतृत्व क्षमता का विकास किया जा रहा है। कार्यक्रम कम्युनिटी द यूथ कलेक्टिव दिल्ली और सहयोगिनी की ओर से चलाया जा रहा है।

## विभिन्न स्टेशनों पर चलाए गया स्वच्छता अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आज आद्रा मंडल स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए कल शुरू हुआ स्वच्छ ट्रेन अभियान आज भी जारी रहा। इस अभियान के अंतर्गत यात्रियों के सफर को और भी स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अभियान के तहत, कई महत्वपूर्ण ट्रेनों में स्वच्छता जांच एवं सफाई अभियान बोकारो, बर्नपुर समेत विभिन्न स्टेशनो पर चलाए गया। इन प्रमुख ट्रेनों में, 13352 अल्लापूजा-धनबाद एक्सप्रेस, 06064 क्वेम्बटूर-धनबाद एक्सप्रेस, 12801 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, 12365 जनशताब्दी एक्सप्रेस, 18183 टाटा-बक्सर एक्सप्रेस आदि शामिल है। इस दौरान ट्रेनो की स्टेशन पर पहुंचने पर गहन साफ-सफाई की गई तथा इसका विशेष ध्यान रखा गया कि यात्रियों को गंदगी से मुक्त स्वच्छ वातावरण मिले और उन्हें स्वच्छ यात्रा का अनुभव हो सके। इसके अतिरिक्त इस दौरान मंडल के विभिन्न स्टेशनो, कार्यालयों, रेलवे ट्रेक, हेल्थ इकाइयों एवं आवासीय परिसरो में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और यात्रा के दौरान कूड़ा-कचरा न फैलाने के प्रति सतर्क करना है। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे भी इस अभियान का हिस्सा बनें और यात्रा के दौरान स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें ताकि सभी को एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में यात्रा का अनुभव मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### युवाओं को रोजगार पाने का अवसर दे रहा डॉक्टर पीएन वर्मा फाउंडेशन




**धनबाद**: युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान करने के लिए डॉ. पीएन वर्मा फाउंडेशन 8 अक्टूबर को धनबाद के धनसार में रोजगार मेला का आयोजन करने जा रही है। रोजगार देने के लिए टेक्स्ट्रॉन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, मेघावी एस्पायर प्राइवेट लिमिटेड, ओम लॉजिस्टिक्स, हीरो महिंद्रा ऐंड महिंद्रा,सुपर जीप, आदित्य बिरला ग्रुप, सुप्रीम इंडस्ट्री, मदर सन ग्रुप, टीमलीज स्टाफिंग सॉल्यूशन, विजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, टीम एचआरजीएसए प्राइवेट लिमिटेड, केपीआर मिल्स, गुप्ता टैक्सटाइल समेत अन्य कंपनीयां आ रही है। जिसमे कई मल्टीनेशनल कंपनी भी भाग ले रही है। फाउंडेशन के शैलेन्द्र कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस रोजगार मेला से करीब 300 युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। रोजगार मेला में कंपनी द्वारा चयनित होनेवाले युवकों को दिल्ली, नोयडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम आदि बड़े शहरों में नौकरी मिलेगी। मौके पर स्वाका के आनंद शर्मा, विकास कुमार, पी एन फाउंडेशन के आलोक अग्रवाल, सरिता अग्रवाल राजेश कुमार सिंह, शैलेश कुमार सिंह एवं एनजीओ स्वाका के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### एंजेला आर्चरी सेंटर का हुआ फुटबॉल प्रदर्शनी मैच



**बोकारो** : एंजेला आर्चरी सेंटर की ओर से मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में शनिवार को पूर्व अंर्तराष्टीय फुटबॉल खिलाड़ियों का मेगा शो फुटबॉल प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया गया। जबकि इस प्रदर्शनी फुटबॉल मैच का आयोजन कराने का मुख्य थीम मोबाईल का नशा छोड़ो मैदान की ओर चलो पर आधारित रहा। इस मेगा शो फुटबॉल में कई अंर्तराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें अंर्तराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी पद्म श्री अवार्डी धनराज पिल्ले इस मेगा शो फुटबॉल में शामिल होकर बेहतर प्रदर्शन किया। इस मेगा शो फुटबॉल का आयोजन दो बजे से निर्धारित था लेकिन यह प्रदर्शनी फुटबॉल मैच शाम 4 बजे के बाद ही शुरू हो पाया। ऑल इंडिया फुटबॉल टूनार्मेंट के बाद चार वर्ष बाद इस तरह का बड़ा मेगा शो फुटबॉल मैच का आयोजन नगरवासियों को देखने को मिला। इस मेगा शो फुटबॉल मैच देखने को लेकर पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी समेत फुटबॉल प्रेमियों की भीड़ उमड़ पड़ी। नगरवासी इस मेगा शो फुटबॉल का प्रदर्शनी मैच का भरपूर आनंद उठाया। मेगा शो फुटबॉल मैच खेलने वाले खिलाड़ी पूर्व अंर्तराष्टीय फुटबॉल खिलाड़ियों का मेगा शो फुटबॉल में पूर्व अंर्तराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी, षष्ठी धुले, जो पॉल एंचेरी, मंजीत सिंह, नितिन प्रधान, संदीप कुमार, दिनेश कुमार, रहीम नवी, बासुदेव मंडल,अब्दुल खालिक, शमसीर रजा, दीपक सिंह, अजय सिंह समेत बोकारो के कई राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी शामिल रहे। इसके अतिरिक्त धनबाद सांसद ढुलु महतो, गोमिया विधायक लंबोदर महतो, बोकारो विधायक बिरंची नारायण समेत अन्य भी इस प्रदर्शनी फुटबॉल मैच में शामिल हुए। जिसमें पूर्व अंर्तराष्टीय फुटबॉल खिलाड़ी व भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान बाइचुंग भुटिया व आई एम विजयन शामिल नहीं हो पाए। मौके पर अजय सिंह के साथ पूर्व अंतराष्ट्रीय तीरंदाजी खिलाड़ी एंजेला सिह, मैच रेफरी आरबी ओझा, अमजद अंसारी, सजय मोदी शामिल रहे।

### पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का बोकारो स्टेशन पर हुआ स्वागत



**बोकारो** : पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी शताब्दी एक्सप्रेस से शनिवार को बोकारो स्टेशन पहुंचे। जहां स्टेशन प्रबंधक ए के हलदर के नेतृत्व में रेलवे के युवा कार्यकताओं के द्वारा सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। सभी खिलाड़ी बोकारो के मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में आयोजित मेगा फुटबॉल शो में भाग लेने पहुंचे थे। एंजेला आर्चरी सेंटर द्वारा आयोजित मोबाइल का नशा छोड़ो, मैदान की ओर चलो के तहत मैच में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्लेयर सष्टी दुले, रोबिन नाबी, वासुदेव मडल, संदीप दास, आबीर हुसैन, सतीश भारती, तबीस अंसारी तथा मंगल सिंह, चांपिया का स्वागत भव्य तरीके से किया गया। स्वागत कर्ता के रूप में बोकारो रेलवे की ओर से स्टेशन प्रबंधक ए के हलधर, एस के मल्लिक, असीत मांझी, विजय कृष्ण, सूरज कुमार प्रदीप भौमिक सहित महिला समूह शामिल थे।

### असली बोतल में बेची जा रही थी नकली शराब, पुलिस ने किया भंडाफोड़

**रामगढ़**: त्योहारों का फायदा उठाकर बाजार में नकली शराब का कारोबार करने वाले एक अपराधी को पुलिस ने पकड़ा है। गिरफ्तार कारोबारी असली बोतल में नकली शराब भरकर बेचता था। पुलिस ने उसके ठिकाने पर छापेमारी की तो भारी मात्रा में नकली शराब विभिन्न ब्रांडों के खाली बोतल और बोतल सील करने वाला मशीन बरामद हुआ। एसपी अजय कुमार ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि दुर्गा पूजा के अवसर पर रामगढ़ शहर के पास मोहल्ले में अवैध कारोबार की सूचना मिली थी। पुलिस जब वहां पहुंची तो पता चला कि श्याम कुमार कसेरा किराए के कमरे में अवैध कारोबार का संचालन कर रहा है। एसपी ने बताया कि श्याम विभिन्न तरह की नकली शराब को मिक्स कर उसे अलग-अलग कंपनी के ब्रांडेड बोतल में भरता था। उस बोतल पर वह रैपर भी चिपकता था। उसपर ढक्कन एवं सील बंद कर रामगढ़ के बाजार में ऊंचे दामों पर बेचता था। साथ ही वह काफी मात्रा में अवैध शराब का भंडारण भी कर चुका था। पुलिस ने उस कमरे से विभिन्न कंपनियों की शराब की बोतल, खाली बोतल, शराब का रैपर और शराब सील करने वाला झारखंड सरकार का मोहर लगा स्टीकर बरामद किया। पूछताछ के दौरान श्याम ने नकली शराब के दूसरे ठिकाने के बारे में भी बताया। उसने यह बताया कि बोकारो जिले के जैना मोड़ से वह नकली शराब की खेप लेकर रामगढ़ आता था। सस्ते में मिली नकली शराब को मिक्स कर वह विभिन्न प्रकार के ब्रांडेड कंपनी के खाली बोतलों में भरकर उसपर कंपनी का स्टीकर लगा देता था।

# दो सुनारों के घर में डकैती करने वाले गैंग का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

▸ सुनसान इलाकों के घरों में डालते थे डाका, छोटे दुकानों में बेचते थे चोरी के जेवर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** जिले के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में दो सुनारों के घर में डाका डालने वाले गैंग को पुलिस ने पकड़ लिया है। इस गैंग के दो शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद जेवर को गलाने वाला दुकानदार भी पकड़ा गया। पुलिस ने लूटे गए जेवर को भी बरामद किया है। इस मामले की जानकारी रविवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 21 और 26 सितंबर को ग्राम सोनडीहा में संतोष सोनी और बब्लू सोनी के घर में छह अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने घर में घुसकर डाका डाला था। इस दौरान उन लोगों ने घर में रखे जेवर और नगद रुपए लूट लिए थे।

**चरही के श्रृष्टि ज्वेलर्स में मिले लूटे गए जेवर**

एसपी ने बताया कि रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में बनी विशेष टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। टेक्निकल सेल की सहायता से इस टीम ने अभियुक्तों का पता लगाया और दो अपराधियों को पकड़ा। इनमें वेस्ट बोकारो ओपी के अतना गांव निवासी दीपक कुमार और भदवा गांव निवासी शमीम खान उर्फ सनी खान शामिल है। उन दोनों की गिरफ्तारी के बाद उस ठिकाने का भी पुलिस को पता चला, जहां चोरी के जेवर खपाए जाते थे। उनकी निशानदेही पर लूटे गए सामान को चरही स्थित श्रृष्टि ज्वेलर्स दुकान से बरामद किया गया। इस दौरान दुकान के मालिक रविंद्र सोनी को भी पकड़ा गया।

**डकैतों का रहा है आपराधिक इतिहास**

एसपी अजय कुमार ने बताया कि बब्लू सोनी और संतोष सोनी के घर में डकैती कांड को अंजाम देने वाले 6 अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है। सभी अपराधियों की क्रिमिनल हिस्ट्री रही है। यह लोग वैसे घरों को अपना निशाना बनाते थे जो सुनसान इलाके में बने होते थे। संतोष सोनी के घर में अपराधी शाम 7:00 बजे ही घुस गए थे। जब संतोष सोनी के परिजन घर में घुस रहे थे, इसी दौरान चुपके से अपराधी भी उनके घर में दाखिल हो गए। इसके बाद उन लोगों ने जेवर और नगदी लूट लिया।

**चोरी के जेवर गला कर बनाए जाते थे बिस्किट और कॉइन**

एसपी ने बताया कि डकैतों के द्वारा लूट गए जेवर को श्रृष्टि ज्वेलर्स के मालिक रविंद्र सोनी के द्वारा तुरंत गला दिया जाता था। सोने के जेवर को गला कर वह बिस्कुट और कॉइन बना देता था। छापेमारी के दौरान 24 कैरेट के वजन का सोने का बिस्किट भी बरामद किया गया है। इसके अलावा गलाया हुआ 1 किलो चांदी भी पुलिस को मिला है। रविंद्र सोनी की दुकान से 12 जोड़ा चांदी का पायल, 6 पीस चांदी का चेन और चांदी का बिस्किट भी बरामद हुआ है।

## भाजपा का पंच प्रण झारखंड वासियों के जीवन में लाएगा बहार : मिशिर कुजूर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला/चैनपुर :** गुमला विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी मिशिर कुजूर ने कहा कि भाजपा का पंच प्रण झारखंड वासियों के जीवन में लाएगा नई खुशी नई बहार। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार पिछले पांच वर्षों में राज्य में लूट का जो तांडव की है उसकी परतें अब खुल गई है। झारखण्ड वासियों को अब हेमंत सोरेन के किसी भी वायदे पर यकीन नहीं है। मिशिर कुजूर ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट की बैठक में गोगो दीदी योजना को स्वीकृति दी जाएगी जिसके तहत झारखंड की हर महिला के बैंक खाते में हर महीने की 11 तारीख को 2,100 रुपये तक की वित्तीय सहायता हस्तांतरित की जाएगी। वहीं भाजपा राज्य में लक्ष्मी जोहार शुरू करेगी , जिसके तहत के सभी घरों में 500 रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर और साल में दो मुफ्त सिलेंडर उपलब्ध कराएगी। साथ ही राज्य में सुनिश्चित रोजगार शुरू की जाएगी जिसके तहत झारखंड में युवाओं के लिए 5 साल में 5 लाख स्वरोजगार के अवसर पैदा करेगी। इसके अलावा, 2.87 लाख खाली सरकारी पदों के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती की जाएगी। इसे सुनिश्चित करने के लिए, पहली कैबिनेट बैठक में ही भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिससे नवंबर 2025 तक 1.5 लाख भर्तियां पूरी हो जाएंगी। इसके अलावा, एक वार्षिक कैलेंडर पेश किया जाएगा, जिसमें सभी मौजूदा परीक्षाओं को एक ही परीक्षा में शामिल किया जाएगा।

## सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए करमा नाच प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड के टोंगो क्षेत्र में करमा नाच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 28 टीमों ने भाग लिया। यह आयोजन अपनी संस्कृति को बचाने और बनाए रखने के मुख्य उद्देश्य से किया गया था। प्रतियोगिता में जौनपुर की टीम ने प्रथम स्थान वही बेंदोरा की टीम ने द्वितीय स्थान और कातिंग की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागी टीमों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में डेग दिया गया। निर्णायक मंडली में फा. रोहित कुजूर एस. जे., सिस्टर जुलिता, और सिस्टर जया किसपोट्टा शामिल थे। इस प्रतियोगिता को टोंगो के सयुंक्त कमेटी ने संचालित किया गया था। इस अवसर पर, टोंगो पल्ली के पल्ली पुरोहित फा. फिलेमोन एक्का एस. जे ने कहा की हमें अपनी संस्कृति को बचाने और बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है। यह हमारी पहचान का हिस्सा है और हमें इसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना है। टोंगो के सयुंक्त कमेटी के सदस्यों ने आयोजन की सफलता के लिए कड़ी मेहनत की। उन्होंने बताया कि यह आयोजन हर साल आयोजित किया जाएगा ताकि स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा मिलता रहे। यह आयोजन स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने और समुदाय के बीच एकता को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। करमा नाच प्रतियोगिता के माध्यम से, टोंगो क्षेत्र के लोग अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और नई पीढ़ियों तक पहुंचाने में सफल हुए हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से, युवाओं को अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर मिला। करमा नाच की विभिन्न शैलियों और रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## उपायुक्त के माध्यम से सरकार को देवेंद्रनाथ ने सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संचालित सीजीएल परीक्षा के कैंसिलेशन को आज छात्रों ने सरकार पर डिजिटल प्रहार किया। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने चरणबद्ध त्रिदिवसीय आंदोलन का ऐलान किया है। आंदोलन के आज दूसरे दिन रविवार को ऑनलाइन डिजिटल एक्स ट्विटर कैंपियन चलाया गया। एक घंटा में ही एक लाख के ट्वीट-रीट्वीट के आंकड़े को पार कर गया। इंडिया के नंबर वन ट्रेंडिंग में भी बरकरार रहा। देर शाम तक यह आंकड़ा पांच लाख के आंकड़े को पार कर चुका था। छात्र नेता देवेंद्र नाथमहतो ने आज रविवार को



बापू वाटिका रांची में प्रेस वार्ता के दौरान कहा की चरणबद्ध आंदोलन के कल तीसरे दिन सोमवार को राज्य के सभी उपायुक्त कार्यालय के द्वारा मुख्यमंत्री, राज्यपाल एवं जेएसएससी अध्यक्ष को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। एवं प्राप्त रिसीविंग आवेदन को संलगनीत कर लोकतांत्रिक तरीके से चीफ जस्टिस एवं राष्ट्रपति महोदय को सोपा जाएगा। बताते चलें मुख्यमंत्री महोदय ने अपने ट्विटर अकाउंट से प्रश्नपत्र लीक साक्ष्य सोंपने पर पोस्ट जारी किया। एवं नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी ने भी आज के ट्विटर अभियान में समर्थन दिया। बताते चलें आज बाबू वाटिका रांची के प्रेस वार्ता के दौरान छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो, इमाम सफी, योगेश भारती, मनोज यादव, कुणाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## चैनपुर में 1958 से हो रही है मां आदिशक्ति की आराधना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चैनपुर :** मां दुर्गा के गीतों से चैनपुर में भक्ति के बयार बह रही है। दुर्गा पूजा को लेकर चैनपुर में भक्ति उत्साह और उमंग का माहौल है। शारदीय नवरात्र भक्ति भाव से जारी है। हर कोई माता रानी के दर्शन और आरती के ललक में लगे हुए हैं। चैनपुर में सन 1958 में मां दुर्गा की पूजा शुरू हुई थी उस समय पूरे अनुमंडल क्षेत्र में केवल चैनपुर में ही पूजा होती थी। इसकी शुरूआत काशीनाथ पंडित जी के द्वारा की गई थी जो एक शिक्षक भी थे। उस समय ना तो मंदिर बनी थी ना ही कोई पंडाल। उस समय माता रानी के फोटो को रखकर पूजा की शुरूआत की गई थी। पूजा में पंडित जी के अलावे शिवचरण प्रसाद, कारु राम, बुधराम भगत, रामेश्वर सिंह, सीटू बैगा, मोहन बैग समेत कई लोगों के द्वरा पूजा आरंभ की गई। बाद में सन 1967 में मंदिर का निर्माण कर समिति का गठन किया गया तत्पश्चात जमुना प्रसाद केसरी के संरक्षण में भव्य तरीके से मां शेरावाली की पूजा अर्चना कराई गई। उस समय बंगाल से मूर्तिकार को बुलाकर मूर्ती बनवाकर पूजा अर्चना की गई। उस समय पुरोहित रघुनंदन पाठक के द्वारा पूजा संपन्न कराया गया और जजमान का कार्य स्वर्गीय विश्वनाथ बैगा के द्वारा किया जाता रहा। उस समय गांव देहात से कई नृत्य मंडली पूजा में भाग लेते थे और शाम में चैनपुर पहुंचकर रातभर अपने लोक नृत्य से लोगों का मनोरंजन करते हुए सुबह कर देते थे। इसके बाद पूजा समिति के द्वारा उन्हें पुरस्कृत भी किया जाता था। इसके बाद नृत्य मंडली अपने गाजे बाजे के साथ पूरे चैनपुर में नाचते गाते हुए अपने गांव चले जाते थे वह बहुत ही मनमोहक दृश्य हुआ करता था।

## विश्व हिंदू परिषद की महिला शाखा दुर्गा वाहिनी की शक्ति संचलन ऐतिहासिक होगी : विहिप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**मेदिनीनगर (पलामू):** विश्व हिंदू परिषद पलामू के जिला कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने मीडिया को बताया कि दुर्गा अष्टमी कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व हिंदू परिषद के महिला शाखा दुर्गा वाहिनी के द्वारा कल सोमवार, 07 अक्टूबर 2024 को दस बजे से भारत माता चौक के नजदीक स्थित संस्कृत महाविद्यालय प्रांगण में शस्त्र पूजन और शक्ति संचलन कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। शस्त्र पूजन के उपरांत लगभग 11.00 बजे से नगर के मुख्य मार्गों पर दुर्गा वाहिनी के बहनों का शक्ति संचलन प्रारंभ किया जाएगा। इस कार्यक्रम में लगभग 300 बहनों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। दुर्गा वाहिनी के बहनों की शक्ति संचलन संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण से निकलकर भारत माता चौक, भगत सिंह चौक, कन्नी राम चौक, घास पट्टी मोर, पंच मुहान होते हुए देश रत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद चौक पहुंचेगी। वहां से संचलन वापस थाना रोड होते हुए संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण में आ कर समाप्त की जाएगी। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद झारखंड के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत और प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह की भी गरिमामई सहभागिता रहेगी। तत्पश्चात, संध्या 7:00 बजे से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभा कक्ष में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष और संगठन मंत्री के नेतृत्व में एक संवाद कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न मंदिर समितियां के सदस्य, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्य, अधिवक्ता परिषद के अधिवक्ता गण तथा शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ संवाद स्थापित की जाएगी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला मंत्री दामोदर मिश्र, उपाध्यक्ष अजीत पाठक और अनामिका सिंह, सह मंत्री अमित तिवारी, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, नगर बजरंग दल संयोजक दिलीप गिरी, रूपेश सिंह, कामिनी सिंह, कनक सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा, विवेक सिंह, समरसता प्रमुख पप्पू लाठ, धर्म प्रसार प्रमुख विनय गुप्ता, प्रचार प्रसार प्रमुख सुरेश वर्मा इत्यादि की सहभागिता रही।

## एक नजर

### पुलिस की जनता से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**मेदिनीनगर (पलामू) :** आगामी दुर्गा पूजा पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं सुव्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने आम जनता, पूजा पंडाल संचालकों एवं वाहन चालकों के लिए एक महत्वपूर्ण अपील जारी की है। यह अपील पूजा पंडालों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, ताकि सभी नागरिक इस महोत्सव का सुरक्षित और आनंदमय अनुभव प्राप्त कर सकें। यह अपील आम जनता की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए जारी की गई है। पलामू पुलिस सभी नागरिकों को दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं देती है और उम्मीद करती है कि यह पर्व सभी के लिए सुखद और सुरक्षित होगा।

### पाटन प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में चंचला देवी ने किया दौरा

**छतरपुर (पलामू) :** छतरपुर - पाटन विधानसभा क्षेत्र के पाटन प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र चूड़ा दोहर ,टड़वा, भीखही पलवाभावी प्रत्याशी चंचला देवी ने सम्मानित जनता जनार्दन से मिले लोगों का दुख हाल-चाल जाना शुद्धवतीहीने के कारण कोई भी प्रतिनिधि का क्षेत्र में आगमन नहीं हो पता है इस कारण हम लोग विकास से कोसों दूर हैं चंचला देवी ने कहा हम आप लोगों के साथ हर समय है मौके पर उपस्थित पंचायत समिति उमाशंकर मोचीरंजू देवी सोनी देवी कविता देवी भीम चंद्रवंशी विजय चंद्रवंशी इंद्रदेव सिंह डॉक्टर गणेश चंद्रवंशी नरेश भारती पप्पू चंद्रवंशी पंकज कुमार राकेश चंद्रवंशी आकाश चंद्रवंशी रूपलाल साव माइकल कुमार मिथलेश चंद्रवंशी सुरेंद्रनाथ सिंह राजेंद्र नाथ सिंह हरिनंदन उरांव उपेंद्र उरांव रमेश उरांव शिवकुमार भुइयां कांग्रेस भुइयां सुकुल साव संतु साहू बसंत यादव जमुना चंद्रवंशी तथा अन्य लोगों उपस्थित थे ।

### पूर्व विधायक के नेतृत्व में आशीर्वाद रैली का हुआ आयोजन

**पांकी (पलामू) :** पांकी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के पूर्व विधायक बिटू सिंह के नेतृत्व मे आशीर्वाद रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व लेस्लीगंज से आशीर्वाद रैली का प्रारम्भ किया गया जिसके बाद पांकी के सिचाई विभाग के मैदान विशाल जनसभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पांकी के पूर्व विधायक बिटू सिंह जनसभा को सम्बोधित किया। साथ ही जनता से आग्रह किया की उन्हें आशीर्वाद दे ताकि वे फिर से विधायक बन जनता की समस्या से उन्हें निजात दिला सके। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक बिटू सिंह ने इंडिया गठबंधन की सरकार हेमंत सोरेन की सरकार की कार्यकाल को सराहा वही भाजपा की सरकार जमकर निशाना साधा। वर्तमान विधायक शशि भूषण मेहता पर भी जमकर निशाना साधा कहा सिर्फ और सिर्फ इन पांच सालो मे पांकी विधानसभा क्षेत्र मे विकास के नाम पर जनता के साथ छलावा किया है सिर्फ जनता को आपस मे लड़वाने का काम किया है । वही आशीर्वाद रैली कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक बिटू सिंह से जनता से आग्रह की इस विधानसभा चुनाव मे उनका साथ दे और उन्हें फिर से एकबार विधायक बनाये। ताकि वे अपने पिताजी स्वर्गीय बिदेश सिंह के तरह क्षेत्र मे विकास कर जनता के दिल मे बस सके। वही आशीर्वाद रैली कार्यक्रम के दौरान हजारो की संख्या मे कांग्रेस समर्थक शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



**चैनपुर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा गांव में रविवार की सुबह लकड़ा टोली निवासी 22 वर्षीय युवक उमेश तिर्की की बाइक से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना सुबह 10 :30 बजे के करीब हुई जब उमेश तिर्की बेंदोरा गांव से अपने बस्ती लकड़ा टोली लौट रहा था। जानकारी के अनुसार, उमेश तिर्की सुबह किसी काम से बेंदोरा गांव गया हुआ था। वहां से वह किसी दूसरे व्यक्ति की बाइक लेकर वापस लौट रहा था। रास्ते में अचानक बाइक से गिरकर वह बेहोश हो गया। कुछ ग्रामीणों ने उसे सड़क पर बेसुध पड़ा देखा तो तत्काल उनके परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने आनन-फानन में एंबुलेंस की मदद से उमेश तिर्की को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती कराया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उमेश को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ करते हुए जांच शुरू कर दी है।

### एक्यूप्रेशर परिषद टाटी सिलवे में दर्द उन्मूलन साप्ताहिक कैंप का हुआ आयोजन




**अनगड़ा :** नामकोम एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिल्वे में दर्द उन्मूलन साप्ताहिक की कैंप का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा सचिव डॉक्टर मधुसूदन पांडे ने किया उन्होंने बताया की स्वस्थ रहने के लिए एक्यूप्रेशर योग नेचुरल पैथआयुर्वेद बहुत ही जरूरी है यदि हम महंगी दावों जांच चिरफाड से बचना चाहते हैं तो हमें नेचुरल पैथ को आगे बढ़ना पड़ेगा इसके लिए प्रेस जन सेवक जनप्रतिनिधि का सहयोग बहुत ही आवश्यक है इस अवसर पर टेनिस एल्बो सटिका गठिया कंधे का दर्द घुटना दर्द पीठ दर्द गठिया स्लिप डिस्क सर्वाइकल आदि के मरीज का इलाज किया गया आयुर्वेद सलाहकार लखी नारायण सिंह मुंडा एवं नस रोग विशेषज्ञ महेश्वर महतो एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ ललिता कुमारी ने मारियो का जांच और इलाज किया हम उम्मीद करते हैं कि आज जिन पेशंटों का इलाज किया गया है उनके दर्द रविवार तक सही होने का 90 प्रतिशत चांस है यह कैंप प्रत्येक रविवार को चलेगा इसकी जानकारी प्रेस को एक्यूप्रेशर परिषद सचिव डॉक्टर मधुसूदन पांडे ने दी

### फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन, हूटार बरटोली की टीम ने जीता फाइनल मैच

**चैनपुर :** चैनपुर पारिश के मैदान में पारिश के ही युवक संघ द्वारा आयोजित स्वर्गीय कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का रंगारंग समापन रविवार को हुआ। जिसमें लड़कों की बीस टीम और लड़कियों की आठ टीम शामिल हुई थी। लड़कों में हुटार बरटोली की टीम ने चैनपुर की टीम को 1-0 से पराजित कर खिताब पर कब्जा किया। जिन्हें पुरस्कार के तौर पर 13 हजार की इनामी राशि दी गई और उपविजेता को 7 हजार रु. की नगद राशि दी गई। निर्णायक गोल करने वाले हुटार बरटोली के निर्मल तिर्की को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं लड़कियों के ग्रुप में चैनपुर की टीम ने पेरवां टोली को पराजित कर पुरुस्कार पर कब्जा किया। जिन्हें 7 हजार की इनामी राशि प्रदान की गई। वहीं उपविजेता को 4 हजार की इनामी राशि दी गई। वहीं अच्छा प्रदर्शन करने वाली एलिन कुजूर को प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। वहीं टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी टीमों को सांत्वना पुरुष्कार के रूप में दरी दिया गया। इस मौके पर कोनकेल के युवाओं द्वारा मैदान के बीच में नागपुरी गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी। इस मौके पर युवक संघ के संचालक फा. पवन लकड़ा ने सबों को संबोधित करते हुए कहा कि पारिश में इसी तरह के कई अन्य प्रतियोगिताएं होते रहेंगे जिसका आप सबों को फायदा उठाना है। साथ ही जीतने वालों को बधाई दी। इस मौके पर युवक संघ के अध्यक्ष नैंसी खलखो, रोबिन कुजूर, विनीत किंडो,पैट्रिक कुजूर, एरिक अमन कुजूर, बुंदीप लकड़ा , पुनीत खलखो एवं ब्यास के अलावे हजारों की संख्या में पारिश के दर्शक मौजूद थे।

### प्रेमी से परेशान तीन बच्चों की मां ने कर दी उसकी हत्या

**मेदिनीनगर (पलामू) :** तीन बच्चों की मां ने अपनी प्रेमी से तंग आकर उसका गला काट दिया है। इस घटना में प्रेमी की मौके पर ही मौत हो गई है. पूरे मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रेमिका को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। घटना पलामू के मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के बीएन कॉलेज के पास की है। पुलिस के अनुसार प्रेमिका नवरात्र के दौरान अपने मायके आई हुई थी, इसी दौरान प्रेमी उसको तंग कर रहा था। जिसके बाद महिला ने अपने की गला काट कर हत्या कर दी। मृतक संजय के शव को पुलिस ने कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया है। टाउन थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला ने बताया है कि प्रेमी उसे तंग कर रहा था जिस कारण उसकी हत्या किया है। पुलिस पूरे मामले में आगे की छानबीन कर रही है और अन्य तथ्यों को भी इकट्ठा कर रही है। महिला को हिरासत में रखा गया है। पुलिस के अनुसार नवरात्र के दौरान महिला अपने मायके आई हुई थी। इसी दौरान प्रेमी संजय उसके घर पर गया हुआ था। महिला का ससुराल सदर थाना क्षेत्र में है। संजय लगातार महिला को तंग कर रहा था। इसी क्रम में महिला ने चाकू उठाकर संजय के गले पर वार कर दिया। इस घटना में संजय की मौके पर ही मौत हो गई।

### कांग्रेस के जन संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**अनगड़ा :** खिजरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अंगड़ा प्रखंड मैदान में कांग्रेस पार्टी की एक बैठक प्रखंड अध्यच नारायण मुंडा की अधयाचता में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया बैठक में अथिति के रूप में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदीप बालमुचू ओर रांची जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो शामिल हुए कार्यक्रम में भिविन्न पंचायतों से लोग शामिल हुए सभी अभी कार्यकताओं ने बारी -बारी से अपनी बातों को अधिकारियों के सामने रखा सवर्ण मुंडा ओर जगन लिंडा ने अपने संबोधन में कहा कि जिस तरह से कांग्रेस पार्टी को बाटने का काम किया जा रहा इससे पार्टी संगठन बहुत कमजोर हो रहा है आगामी विधानसभा चुनाव में इसका प्रभाव देखने को मिलेगा आगे प्रदीप बाल मुचु ने कहा कि हम सब कॉग्रेस के परिवार है जिस किसी को भी पार्टी टिकट देती हैं हम सब मिलकर जिताने का काम करेगे मौके पर मुमताज खान, सुंदरी तिर्की, बरतू मुंडा, नामकोम महिला, महिला अध्यक्ष सुषमा हेंब्रम, विश्राम महतो, कुजूर मिन्हाज आलम आदि शामिल थे।

# हम जीवन मूल्यों का यथासंभव करें प्रसार


भारत डोगरा

**अपने आसपास के जीवन को ध्यान से देखने पर स्पष्ट नजर आता है कि बहुत से दुख-दर्द का मूल कारण मनुष्य के लालच में और अपनी जरूरतों से कहीं अधिक साधन हड़पने की प्रवृति में है। यही अन्याय, विषमता, दूसरों के लिए वैर-भाव की ओर ले जाती है। एक मनुष्य का लालच किसी गांव में जमीन हड़पने का जानलेवा झगड़ा करा सकता है, तो लाखों मनुष्यों का मिला-जुला लालच दो देशों में युद्ध क्यों नहीं करा सकता है?**

बीसवीं शताब्दी में यह संभावना पहली बार सामने आने लगी कि तेजी से बदलती तकनीकी के दौर में मनुष्य निर्मित कारणों से वे हालात अस्त-व्यस्त हो सकते हैं जो धरती पर मनुष्य सहित लाखों जीवन रूपों के पनपने के अनुकूल अवसर उत्पन्न करते हैं। यह संभावना ग्रीनहाऊस गैसों के अति उत्सर्जन से जुड़े जलवायु बदलाव, अनेक पर्यावरणीय गंभीर क्षति और महाविनाक हथियारों के उत्पादन के संदर्भ से उत्पन्न हुई।

पर इन समस्याओं की समझ बनने के बाद भी बीसवीं शताब्दी के अंत तक इन्हें सुलझाने की दिशा में कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं हुई, बल्कि इस शताब्दी के अंतिम दो दशकों में ये समस्याएं और विकट हो गइ्। अतः 21वीं शताब्दी के आरंभ में जो पीढ़ी जी रही है वह बहुत नाजुक और संवेदनशील दौर में जी रही है जब धरती की जीवनदायिनी क्षमता ही खतरे में है। जब यह पता चल गया कि ग्रीनहाऊस गैसों के उत्सर्जन में तेज वृद्धि के कितने गंभीर दुष्परिणाम हो सकते हैं, तब से अब तक के समय के दौरान भी इस गंभीर खतरे को रोकने के लिए कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई। परमाणु हथियारों के खतरे के बारे में तो आरंभ से ही पता था, पर तो भी पिछले 79 वर्षों (1945-2024) के दौरान परमाणु हथियारों के खतरे को बुनियादी तौर पर समाप्त करने का कोई असरदार उपाय नहीं हुआ है। चूंकि इस तरह के गंभीर खतरे हमारे और भावी पीढ़ियों, के हमारे बच्चों के भविष्य को बेहद अंधकारमय बना रहे हैं, अतः जरूरी हो गया है कि दुनिया भर के लोग लोकतांत्रिक और अहिंसक राह पर चलते हुए इन खतरों के समाधान के लिए व्यापक एकता स्थापित करें। धरती पर लाखों अन्य तरह के जीव हैं। इन बेजुबान जीवों को उनकी किसी गलती के बिना ही गंभीर खतरे में डाल दिया गया है। इस विषय पर हॉरवर्ड के जाने-माने विशेषज्ञ प्रो. एडवर्ड ओ. विलसन ने कुछ समय पहले टाइम पत्रिका में लिखा था, जीव-विज्ञानी प्रायः स्वीकार करते हैं कि यदि हम मनुष्य के आगमन (होमो सेपियंस) के आरंभिक दिनों की तुलना आज की दुनिया से करें तो प्रजातियों के लुप्त होने की गति सौ गुणा बढ़ चुकी है।

वर्ष 1992 में विश्व के 1575 वैज्ञानिकों ने (जिनमें उस समय जीवित नोबल पुरस्कार प्राप्त वैज्ञानिकों में से लगभग आधे वैज्ञानिक भी सम्मिलित थे) एक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा, हम मानवता को इस बारे में चेतावनी देना चाहते हैं कि भविष्य में क्या हो सकता है? पृथ्वी और उसके जीवन की व्यवस्था जिस तरह हो रही है उसमें व्यापक बदलाव की जरूरत है अन्यथा बहुत दुख-दर्द बढ़ेंगे और हम सबका घर यह पृथ्वी इतनी बुरी तरह तहस-नहस हो जाएगी कि फिर उसे बचाया नहीं जा सकेगा। आगे इन वैज्ञानिकों ने कहा कि वायुमंडल, समुद्र, मिट्टी, वन और जीवन के विभिन्न रूपों सभी पर तबाह हो रहे पर्यावरण का बहुत दबाव पड़ रहा है और 2100 तक पृथ्वी के विभिन्न जीवन रूपों में से एक तिहाई लुप्त हो सकते हैं। मनुष्य की वर्तमान जीवन-पद्धति के अनेक तौर-तरीके भविष्य में सुरक्षित जीवन की संभावनाओं को नष्ट कर रहे हैं, और इस जीती-जागती दुनिया को इतना बदल सकते हैं कि जिस रूप में जीवन



को हमने जाना है, उसका अस्तित्व ही कठिन हो जाए। इन प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों ने जोर देकर कहा कि प्रकृति की इस तबाही रोकने के लिए बुनियादी बदलाव जरूरी है। ऐसी महत्त्वपूर्ण चेतावनियों के बारे में यही कहा जा सकता है कि वे सच सिद्ध हो रही हैं और विश्व के सभी जीव तेजी से गंभीर खतरों की ओर धकेले जा रहे हैं। इसके बावजूद सबसे समृद्ध और सक्षम समाजों में लापरवाही, विलासिता, भोगवाद और शक्ति के दुरुपयोग को रोकने पर कोई व्यापक प्रयास नहीं हो रहा है।

अपने आसपास के जीवन को ध्यान से देखने पर स्पष्ट नजर आता है कि बहुत से दुख-दर्द का मूल कारण मनुष्य के लालच में और अपनी जरूरतों से कहीं अधिक साधन हड़पने की प्रवृत्ति में है। यही अन्याय, विषमता, दूसरों के लिए वैर-भाव की ओर ले जाती है। एक मनुष्य का लालच किसी गांव में जमीन हड़पने का जानलेवा झगड़ा करा सकता है, तो लाखों मनुष्यों का मिला-जुला लालच दो देशों में युद्ध क्यों नहीं करा सकता है? जब युद्ध की संभावना बढ़ती है, तभी हथियारों की होड़ भी बढ़ती है, और यह अधिक से अधिक विनाशक हथियारों की ओर ही ले जाती है। मनुष्य यदि चाहे तो अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के बाद अपना शेष सारा सामर्थ्य दूसरों की (अभावग्रस्त मनुष्यों और अन्य सब जीवों की) सेवा में लगा सकता है, या सब तरह के जीवन के आधार, जो प्रकृति है, के संरक्षण में लगा सकता है। पर लालच के कारण वह अधिक खाने-पीने, नशा करने, बड़े भवन बनाने, हर तरह के भोग-विलास करने की ओर बढ़ता है, और जब लाखों लोग यही भोग-विलास एक साथ करने का प्रयास करते हैं तो इससे उस क्षेत्र के वनों, भूमि, हवा, पानी पर अधिक दबाव पड़ता है, और पर्यावरण का विनाश होता है। अतः यदि लालच, दूसरों के संसाधन हड़पने और भोग-विलास की दौड़ पर हम रोक लगाए और उसके स्थान पर सादगी, सेवा, समता, स्नेह और संतोष के आदर्शों को प्रतिष्ठित करे तो इससे हमारे अपने और आसपास के जीवन में दुख-दर्द के मूल कारण दूर होंगे और साथ ही विश्व की सबसे बडक्षी समस्याओं के समाधान की नींव भी तैयार होगी। इन सबसे महत्तवपूर्ण मूल्यों का जैसे-जैसे हमारे जीवन में शस हो रहा है वैसे-वैसे हमारे अपने जीवन का और आसपास का दुख-दर्द बढ़ रहा है, और दुनिया की सबसे गंभीर समस्याएं और विकट हो रही हैं। सवाल यह है कि इन सबसे महत्त्वपूर्ण और सार्थक जीवन मूल्यों को अपने जीवन में, अपने परिवार, मुहल्ले और स्कूल में कैसे प्रतिष्ठित करें। हम यह कर सके तो विश्व की सबसे गंभीर और बुनियादी समस्याओं को हल करने की नींव भी अपने आप तैयार होने लगेगी। इसमें कई वर्ष लगेंगे। पर एक दशक तक निरंतर प्रयास जारी रहा तो एक नई पीढ़ी तैयार होने लगेगी जो महाविनाशक हथियारों और जलवायु बदलाव जैसी सबसे खतरनाक समस्याओं के समाधान को अपनी पहली प्राथमिकता बना लेगी।

इन जीवन-मूल्यों को पहले हमें स्वयं अपनाना होगा, फिर आगे प्रयास परिवार स्तर पर हों। आदर्श परिवार की परिभाषा केवल यहां तक सीमित नहीं है कि सब सदस्य मिल-जुल कर रहें। इससे आगे परिवार को वह प्रशिक्षण केंद्र बनना चाहिए जहां सब सदस्य बेहतर समाज और दुनिया बनाने में अपनी भूमिका की तैयारी करें। यही स्थिति स्कूल की है। एक स्कूल का सबसे महत्त्वपूर्ण मूल्यांकन यह नहीं है कि वहां से कितने डाक्टर, इंजीनियर, उच्च अधिकारी या नेता निकले। उसका सबसे बुनियादी मूल्यांकन तो यह है कि वहां शिक्षित कितने बच्चों ने सादगी, संतोष, सहयोग, समता, स्नेह, सेवा, करुणा के सबसे बुनियादी जीवन-मूल्य ग्रहण किए, कितनों ने आपसी सहयोग से सबकी भलाई के लिए कार्य करने को अपना उद्देश्य बनाया। जहां भी और जितना संभव हो, हम इन जीवन मूल्यों के प्रसार के लिए कार्य करते रहें। इसके लिए मुहल्ले और गांव स्तर के प्रयास आरंभ करें जो आगे चल कर ऐसे अन्य प्रयासों से जुड़ते जाएं, झरने नदियों में मिल कर सागर की ओर बढ़ते रहें।

## संपादकीय

### नई पार्टी से उम्मीदें

बिहार में प्रशांत किशोर ने गांधी जयंती के दिन एक नई पार्टी 'जनसुराज' की घोषणा की है। यह वही प्रशांत किशोर हैं जो चुनाव विशेषज्ञ माने जाते रहे हैं। अंततः किसी भी दल को मनोनुकूल न पाकर उन्होंने जनता की लामबंदी के लिए बिहार में करीब 5000 किलोमीटर की पदयात्रा की। लोगों को अपने साथ जोड़ने के लिए संगठन बनाया और एक नई पार्टी की घोषणा कर दी। उनकी यह 'जनसुराज पार्टी' बिहार के आगामी विधानसभा चुनाव जोर-जोर से लड़ने का मन बना रही है। प्रशांत किशोर ने बिहार को बदलने का लक्ष्य सामने रखा है। यह एक सच्चाई है कि भारतीय जनता का एक बड़ा वर्ग मौजूदा राजनीतिक दलों की रीतियों और नीतियों से निराश हो चुका है। यह वर्ग मानता है कि इस समय चाहे राष्ट्रीय दल हो या क्षेत्रीय दल आर्थिक-सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर अपेक्षित बदलाव लाने में असमर्थ रहे हैं। इसलिए जब कोई सार्वजनिक जीवन का चर्चित व्यक्ति नई राजनीतिक पहल करता है तो निराश जन-मन उससे जुड़ जाता है। अरविंद केजरीवाल ने जब आम आदमी पार्टी (आप) की घोषणा की थी और चालू राजनीति के स्थान पर एक नए प्रकार की जान सरकारी भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति देने की घोषणा की थी तो जनता ने उनमें उम्मीद की एक किरण देखी थी। लोग उनसे जुड़े अंततः वे दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुए। लेकिन अब उनकी राजनीति वैकल्पिक राजनीति न होकर चालू राजनीति का ही हिस्सा मानी जा रही है। प्रशांत किशोर के संदर्भ में केजरीवाल और आप का उल्लेख इसलिए जरूरी है कि किशोर भी कुछ-कुछ उसी तरह की उम्मीदें जगा रहे हैं। उन्होंने आप की सफलताओं-असफलताओं से और पार्टी के नेताओं के आचरण से निश्चित ही कुछ सबक सीखे होंगे। इसमें कोई संदेह नहीं की बिहार की राजनीति अपने सारे अंतर्विरोधों के साथ किसी भी वास्तविक परिवर्तन की संभावनाओं पर विराम बन चुकी है। ऐसी स्थिति में किशोर का यह कदम उम्मीद जगाता है बशर्ते कि उनकी परिणति आप जैसी न हो। बहरहाल जनसुराज की भावी गतिविधियों को लेकर उत्सुकता बनी रहेगी।



## चिंतन-मनन


### कौन है नीतिनिष्ठ व्यक्ति?

सदाचार एक व्यापक और सार्वभौम तत्व है। देशकाल की सीमाएं इसे न तो विभक्त कर सकती हैं और न इसकी मौलिकता को नकार सकती हैं। जिस प्रकार सूर्य का प्रकाश सबके लिए होता है, उसी प्रकार सदाचार के मूलभूत तत्व मानव मात्र के लिए उपयोगी होते हैं। कुछ व्यक्ति अपने राष्ट्र, कुल या परंपरागत आचार को विशेष महत्व देते हैं, किंतु यह अपनेपन का व्यामोह है। जो कुछ मैं कर रहा हूं, वह सदाचार है, इस धारणा की अपेक्षा व्यक्ति को ऐसी धारणा सुदृढ़ करनी चाहिए कि जो सत आचरण है, वह मेरे लिए करणीय है।

सदाचारी व्यक्ति नीतिनिष्ठ होता है। वह किसी भी स्थिति में नीति के अतिप्रमण को अपनी स्वीकृति नहीं दे सकता। नीतिनिष्ठ व्यक्ति को परिभाषित करते हुए कहा गया है- जिस व्यक्ति में अभय, मृदुता, सत्य, सरलता, करुणा, धैर्य, कर्तव्यनिष्ठ और व्यक्तिगत संग्रह का संयम और प्रामाणिकता होती है, वह नीतिमान कहलाता है। जो व्यक्ति सत्य के प्रति समर्पित होता है, अन्याय का प्रतिकार करते समय भयभीत नहीं होता, अपनी भूल ज्ञात होने पर उसे स्वीकार करने में संकोच नहीं करता और कठिनतम परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए तैयार रहता है, वह अभय का साधक होता है।

कोमलता का नाम मृदुता है। यह सामूहिक जीवन की सफलता का सूत्र है। इसके द्वारा व्यक्ति के जीवन में सरसता आती है। मृदु स्वभाव में लोच होती है, इस स्वभाव वाला व्यक्ति किसी भी वातावरण को अपने अनुकूल बना लेता है। सत्य का अर्थ है यथार्थता। जो तथ्य जैसा है उसे वैसा ही जानना, मानना, स्वीकार करना और निभाना सत्य है। सत्य की साधना कठिन अवश्य है, पर है आत्मतोष देने वाली। आर्जव सरलता का पर्यायवाची शब्द है। सरलता सदाचार की आधारभूमि है। इसी उर्वरा में सदाचार की पौध फलती-फूलती है। मायावी व्यक्ति कभी सदाचारी नहीं हो सकता। करुणा सदाचार का मूल है। जिस व्यक्ति के अंतःकरण में करुणा नहीं होती, वह अहिंसा के सिद्धांत को समझ नहीं सकता। अहिंसा के बिना समता का विकास नहीं होता।

# शाकाहार महंगा और मांसाहार सस्ता


सनत जैन



देश में महंगाई किसी कीमत पर रुकने का नाम नहीं ले रही है। यह लगातार तेज रफ्तार में बढ़ती ही जा रही है। इस महंगाई का सबसे ज्यादा असर गरीबों और शाकाहारी मध्यम वर्ग पर देखने को मिल रहा है। हालात यह हैं कि निम्न वर्ग कुपोषण का शिकार होता चला जा रहा है वही मध्यम वर्ग को अब पोषण आहार नहीं मिल पा रहा है। दूध, सब्जी, दाल, तेल और अन्य दैनिक उपयोग में आने वाली शाकाहारी खाद्य सामग्री दिनों-दिन महंगी होती जा रही है। एक तरफ महंगाई सातवें आसमान पर पहुंचने को तैयार है लेकिन जनता चुप है। इसे देख ऐसा प्रतीत होता है कि आमजन किसी जादुई छड़ी के इंतजार में है, जिसके मिलते ही महंगाई गायब हो जाएगी। सरकारें भी इस पर कुछ कहने को तैयार नहीं हैं। हद है कि बिजली के दाम बढ़ गए। दूध के दाम बढ़ गए। स्कूलों की फीस बढ़ गई। खाद्य पदार्थों के निरंतर दाम बढ़ ही रहे हैं। यह तो सभी मानते हैं कि एक बार जो दाम बढ़ गए फिर वह कभी नीचे नहीं आते हैं। साल 2014 में जब कच्चा तेल अंतरराष्ट्रीय बाजार में 104 डालर प्रति बैरल पर पहुंच गया था तब देश में पेट्रोल 70 रुपए प्रति लीटर मिल रहा था। 450 रुपए की रसोई गैस सिलेंडर मिल रहे थे। तब सभी लोगों को महंगाई बढ़ी हुई लग रही थी। देशभर में महंगाई के खिलाफ आंदोलन हो रहे थे। आज जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का दाम 70 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, तब भी 100 से 110 रुपए प्रति लीटर पेट्रोल बिक रहा है। आमजन के मन में तो सवाल यही है कि आखिर अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जब तेल के दाम घट गए तो फिर देश में क्यों नहीं घट रहे हैं? वर्तमान में भारत में पेट्रोल और डीजल के दाम साल 2014 जैसे ही हो जाते तो गनीमत थी, लेकिन इस पर कोई कुछ कहता नजर नहीं आ रहा है। इसके विपरीत गरीब, मजदूर, मध्यम वर्ग से लेकर अमीर सभी को पेट्रोल-डीजल एक ही बढ़े हुए रेट में ही खरीदना पड़ रहा है। यही नहीं जो दूध 35 रुपए प्रति लीटर मिल रहा था, वह 65 और 70 रुपए के आस-पास पहुंच गया है। खाने का तेल 200 रुपए लीटर के आसपास हो गया है कोई भी सब्जी 50-60 रुपए प्रति किलो से कम नहीं मिलती है। दालों के रेट बेतहाशा बढ गए हैं, जिसके कारण अब दो टाइम का खाना भी निम्न और मध्यम वर्ग को जुटा पाना मुश्किल हो रहा है।

हाल ही में जो सर्वे सामने आया है उसमें बताया गया है कि भारत में शाकाहार की थाली मांसाहार से महंगी हो गई है। सारी दुनिया में सबसे ज्यादा कीमत पर मांसाहार ही बिकता है, लेकिन भारत में यह उलटी गंगा बहाने जैसी स्थिति हो गई है। वह भी तब जबकि कथित तौर पर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए बड़े-बड़े समाजिक व धार्मिक संगठन काम कर रहे हैं। सरकार भी उन्हें कथित सहयोग कर रही है। इसके बाद भी खाद्य पदार्थ विशेष रूप से शाकाहारी खाद्य पदार्थ दिनों दिन बड़ी तेजी के साथ महगे होते चले जा रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर 2024 में भारत में शाकाहारी थाली की कीमत सालाना आधार पर 11फीसदी बढ़कर 31.3 रुपए हो गई है, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह कीमत 28.1 रुपए थी। वहीं, मांसाहारी थाली की कीमत में सालाना आधार पर 2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। सितंबर 2024 में मांसाहारी थाली की कीमत घटकर 59.3 रुपए हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 60.7 रुपए थी। सरकार के सामने जब तक आम जनता अपनी लड़ाई स्वयं नहीं लड़ेगी तब तक उसे महंगाई और अराजकता से निजात नहीं मिलने वाली है। केंद्र एवं राज्यों में जो सत्ता पर बैठे हुए राजनेता हैं उनका मानना है कि बच्चा जब रोता है तभी मां दूध पिलाती है। आम जनता को यदि कोई तकलीफ होगी तो वह सड़कों पर उतरकर सामने आएगी। वर्तमान में केंद्र और राज्य सरकारों के समक्ष महंगाई और बेरोजगारी कोई मुद्दा नहीं है। सरकार आए दिन टैक्स और अन्य शुल्क बढ़ा रही है। जनता उसको चुप-चाप चुका रही है। इसका मतलब है कि जनता स्वयं चाहती है कि उसका स्टेटस सिंबल बढ़े, यदि वह महगे खाद्य पदार्थ खाता है तो उसका स्टेटस भी बढ़ता है। सरकार ने आम जनता के स्टेटस को बढ़ाने के लिए यह सारे प्रयास किए हैं। यह अलग बात है कि मांसाहारी थाली सस्ती हो गई है और शाकाहारी थाली महंगी हो गई है। शाकाहारी थाली महंगी होने के कारण ही शाकाहारियों का स्टेटस लगातार बढ़ता चला जा रहा है।

# यूपीआईटीएसः प्रगति की राह पर सरपट


राकेश दुबे



भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने 'ईट राइट इंडिया' अभियान के माध्यम से सभी भारतीयों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और पोषक भोजन सुनिश्चित करने के लिए देश की खाद्य प्रणाली को बदलने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास शुरू किया है। खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पड़कर स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें।

भारत में बढ़ती आबादी के कारण और मांग एवं आपूर्ति में अंतर के चलते प्रायः खाद्य वस्तुओं की किल्लत और दामों में बढ़ोत्तरी होती ही रहती है और इसी किल्लत का फायदा जमाखोरों की टोलियां उठाने से नहीं चूकती हैं, तो वहीं घटिया एवं मिलावटी चीजें बेचने वालों की पौ-बारह हो जाती है। भारत में इन दोनों तिरुमला तिरुपति देवस्थानम द्वारा श्रद्धालुओं को दिए जाने वाले लड्डुओं को मिलावटी देसी घी से बनाने से भक्तों की धार्मिक आस्था आहत होने का मुद्दा चर्चा में है। देवस्थानम को देसी घी की आपूर्तिकर्ता कंपनी एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड से खाद्य नियामक ने पूछा है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियमन 2011 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए उसका केंद्रीय लाइसेंस निलंबित क्यों न कर दिया जाए?

आज भारत में मिलावट का कारोबार उस स्तर को पार कर चुका है जहां खाद्य उत्पादों में सस्ते और घटिया पदार्थ मिलाकर बेईमान व्यापारी व विक्रेता सामान की मात्रा को बढ़ा देते हैं और भारतीयों की जान की कीमत पर भारी मुनाफा कमाते हैं। ऐसा अनुमान है कि 60 करोड़ लोग अर्थात विश्व में लगभग 10 में से 1 व्यक्ति हर वर्ष दूषित भोजन खाने के कारण बीमार पड़ते हैं तथा 420000 लोग मरते हैं।

भारत में दूध और डेयरी उत्पाद, वसा और तेल, फल और सब्जियां, अनाज, कॉफी, चाय, शहद और मसाले सहित लगभग हर खाद्य सामग्री में मिलावट का प्रतिशत अत्यधिक बढ़ गया है और स्वच्छता मानकों की बुरी तरह से अनदेखी हो रही है। इतना ही नहीं, भारत के कई क्षेत्रों से ऐसे भी वीडियो की सोशल मीडिया में भरमार है जिसमें समोसे, चाट, ब्रेड, कुल्फी, प्लास्टिक के चावल और गुलाब जामुन से भरी कड़ाही में पेशाब करते युवक और गोलगप्पे वाले जलजीरा पानी से ही हाथ मुंह धोने, गंदे हाथ व पैरों से आलू और आटा गूंथने जैसे कृत्यों द्वारा गंदगी से परिपूर्ण खाद्य सामग्री आम लोगों को परोसी जा रही है। ऐसे कृत्य न केवल निंदनीय हैं अपितु दोषी लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग भी करते हैं।

सवाल उठता है कि आखिर ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को तत्काल जेल की सलाखों के पीछे क्यों नहीं डाला जाता है? विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी या रासायनिक पदार्थों से युक्त असुरक्षित भोजन 200 से अधिक बीमारियों का कारण बनता है जिसमें डायरिया से लेकर कैंसर तक शामिल हैं। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में असुरक्षित भोजन के कारण चिकित्सा व्यय में हर साल 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन के महानिदेशक डा. कू डोंग्यू के अनुसार, 'हमें अपने भोजन की पहचान, गुणवत्ता और सुरक्षा पर एक आम समझ की जरूरत है। लेकिन भारत में दूध में पानी मिलाने, नकली दूध, घी में केमिकल, दाल में सिंथेटिक रंग और वैक्स कोटिंग, सब्जियों में हॉर्मोन के इंजेक्शन तथा सिंथेटिक रंग, हर्बल उत्पादों में एलोपैथिक दवाइयां तथा केमिकल्स, सौंदर्य प्रसाधनों में और देसी घी बनाने में पशुओं की चर्बी होने की जानकारी किसी से छुपी हुई नहीं है। खाद्य अपमिश्रण से आखों की रोशनी जाना, हृदय संबंधित रोग, लीवर खराब होना, कुष्ठ रोग, आहार तंत्र के रोग, पक्षाघात व कैंसर जैसे असाध्य रोग हो सकते हैं।

मिलावटी और बासी खाद्य पदार्थों से निपटने के लिए केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से 37 लाख रुपे की मोबाइल फूड सेफ्टी वैन भी मिली है। खाद्य अपमिश्रण के परीक्षण के लिए मैसूर, पुणे, गाजियाबाद एवं कोलकाता में भारत सरकार द्वारा चार केन्द्रीय प्रयोगशालाएं व्यवस्थित रूप से स्थापित की गई हैं। खाद्य अपमिश्रण एवं रेहड़ी फड़ी वालों द्वारा लोगों को गंदा और घटिया खाने-पीने की वस्तुएं बेचने से आगाह करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा 'ईट राइट इंडिया मूवमेंट' की पहल की गई है।

ईट राइट मूवमेंट अभियान तीन प्रमुख विषयों पर आधारित है- सुरक्षित खाएं, व्यक्तिगत और आसपास की स्वच्छता सुनिश्चित करें, स्वस्थ खाएं, आहार विविधता और संतुलित आहार को बढ़ावा दें एवं स्थानीय और मौसमी सब्जियों/भोजन को बढ़ावा दें, भोजन के नुकसान को रोकें। खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पड़कर स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें। केवल अतिरिक्त सतर्कता और जागरूकता का पालन करने से ही हम अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित बना सकते हैं और अपमिश्रित एवं गंदी खाद्य सामग्री बेचने वालों के कुत्सित इरादों को परास्त कर सकते हैं। (लेखक स्तम्भकार हैं।)

# कार कंपनियां त्योहारी सत्र पर बिक्री में अच्छी वृद्धि की कर रहीं उम्मीद

नई दिल्ली ।

देश की प्रमुख वाहन कंपनियां मौजूदा त्योहारी सत्र के दौरान अपनी बिक्री में अच्छी वृद्धि की उम्मीद कर रही हैं। त्योहारी सत्र ओणम से शुरू होकर दिवाली पर समाप्त होता है।

किआ इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पिछले 3-4 महीने उद्योग के लिए अच्छे नहीं रहे हैं क्योंकि पिछले साल की समान अवधि की तुलना में बिक्री में गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों की दबी मांग और सरकारी निवेश के आने से हमें लगता है कि यहां से चीजें सुधरनी शुरू हो जाएंगी। बरार ने कहा कि सितंबर में बुकिंग की रफ्तार अच्छी रही है और इससे अक्टूबर के लिए अच्छा संकेत मिलता है। उन्होंने कहा कि इस बार सभी त्योहार अक्टूबर में हैं। हम अक्टूबर में अपनी बिक्री में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में पांच से 10 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। बरार ने कहा कि जनवरी-अप्रैल की अवधि में यात्री वाहन उद्योग में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी, लेकिन मई-सितंबर में इसमें लगभग दो-तीन प्रतिशत की गिरावट आई।

निसान मोटर इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पूरा उद्योग तीन मुश्किल महीनों के बाद त्योहारी सत्र में कुछ रौनक की उम्मीद कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक चुनौतीपूर्ण अवधि रही है। त्योहारी सत्र से तय होगा कि तिमाही कैसी रहेगी। और तिमाही से तय होगा कि साल के शेष महीने कैसे रहेंगे। उन्होंने कहा कि हर कोई त्योहारी सत्र का इंतजार कर रहा है, खासकर उद्योग के लोग। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनी में ग्राहकों की संख्या और पूछताछ में वृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने कहा इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए हमारे रणनीतिक परिचालन में सुधार महत्वपूर्ण है। जैसे कि हमने तीसरी पाली शुरू की है। इससे हमारी आपूर्ति क्षमता का महत्तम इस्तेमाल हो रहा है। खासकर बड़ी मांग वाले मॉडल मसलन अर्बन क्रूजर हाइराइडर आदि के मामले में। इसके मामले में प्रतीक्षा अवधि कम हुई है।

# बाजार में बड़ी गिरावट को क्यों अच्छा बता रहे एक्सपर्ट!



नई दिल्ली ।

शेयर बाजार ने पिछले कारोबारी हफ्ते में बड़ी गिरावट देखी है। 5 दिन में 4100 अंक नीचे आने के बाद सेंसेक्स अभी 81700 के करीब आ गया है। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैप में इस दौरान 16 लाख करोड़ से ज्यादा की गिरावट आई है। ऐसा माना जा रहा है कि अभी ये गिरावट और जारी रह सकती है। ईरान-इजरायल संकट पहले से ही बाजार को नीचे खींच रहे थे और अब हरियाणा व जम्मू-कश्मीर के चुनावों के नतीजे भी इसमें योगदान देने के लिए तैयार बैठे लग रहे हैं। एक तरफ जहां निवेशक आगामी संभावि गिरावट से सहमे बैठे हैं तो वहीं विशेषज्ञ इससे बहुत ज्यादा घबराते हुए नजर नहीं आ रहे हैं।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल्स के एक अे धिकारी ने एक इंटरव्यू में ज्यागा करेक्शन को फिलहाल बेहतर बताया। उन्होंने कहा है कि आने वाले समय में अगर बाजार खुद को करेक्ट (गिरावट) करता है तो यह निवेशकों, विशेषकर रिटेल निवेशकों के लिए बेहतर होगा। उनका कहना है कि इससे बाजार अभी के मुकाबले अधिक सुरक्षित हो जाएगा। उनका कहना है कि पहले मार्केट में काफी बड़ी गिरावट देखने को मिलती थी। बकौल शाह, हर 13-14 महीने में बाजार एक बार औसतन 20 फीसदी से ज्यादा नीचे आ जाता था।

उन्होंने कहा कि साल में 2 से 3 बार ये 10 परसेंट करेक्ट होता था। शाह ने कहा कि अब बाजार में ये देखने को नहीं मिल रहा है। 2020 से हमने कोई 20 परसेंट की गिरावट नहीं देखी है और केवल 1 बार 10 फीसदी का करेक्शन आया है। हम बाजार में निष्ठा के साथ पैसा लगाने से पहले एक बार 10-20 फीसदी की गिरावट देखना चाहेंगे। ये बाजार को काफी सुरक्षित बना देगा।

# कम आपूर्ति के बीच आयातित पामोलीन तेल की कीमतें सुधरीं

नई दिल्ली ।

आयात के कम आर्डर रहने की वजह से कम आपूर्ति की स्थिति के बीच शनिवार को देश के थोक तेल-तिलहन बाजार में पामोलीन तेल कीमतों में मजबूती दर्ज हुई। सहकारी संस्था नेफेड की बिकवाली के बीच आपूर्ति बढ़ने से सरसों तेल-तिलहन में गिरावट देखी गई जबकि बाकी खाद्यतेल- तिलहनों के भाव पूर्वस्तर पर बंद हुए।बाजार सूत्रों ने कहा कि हाजिर बाजार में माल की कमी के बीच कच्चा पामतेल (सीपीओ) का भाव जस का तस बना हुआ है। इसके भाव अधिक हैं और इस वजह से इसके आयात के आर्डर में गिरावट देखी गई जिससे खाद्यतेलों की आपूर्ति का संतुलन बिगड़ गया। लेकिन सीपीओ की कमी और त्योहारों की मांग देखते हुए जो आयात के आर्डर की लदान सितंबर के अंतिम दिनों या अक्टूबर के आरंभ में हुआ है, वह माल 15 अक्टूबर के बाद देश में पहुंचेगा। सीपीओ की इस कमी के बीच उसका प्रसंस्करण कर बनाये जाने वाले पामोलीन तेल का दाम मजबूत बंद हुआ। श निवार को सोयाबीन तेल-तिलहन, ऊंचे दाम पर कम कारोबार के बीच मूंगफली तेल-तिलहन और कच्चा पामतेल (सीपीओ) के भाव पूर्वस्तर पर बने रहे। सरसों तिलहन 6,750-6,800 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली 6,300-6,575 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) 14,850 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,250-2,550 रुपये प्रति टिन, सरसों तेल दादरी 14,075 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की घानी- 2,190-2,290 रुपये प्रति टिन, सरसों कच्ची घानी 2,190-2,305 रुपये प्रति टिन, तिल तेल मिल डिलिवरी 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 13,500 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर 13,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल डीगम, कांडला 9,800 रुपये प्रति क्विंटल, सीपीओ एक्स-कांडला 12,500 रुपये प्रति क्विंटल, बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 12,850 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन आरबीडी, दिल्ली 13,900 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन एक्स- कांडला 12,900 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल, सोयाबीन दाना 4,685-4,735 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन लूज 4,450-4,695 रुपये प्रति क्विंटल, मक्का खल (सरिस्का)- 4,225 रुपये प्रति क्विंटल।

# इस्पात विनिर्माण करने लौह अयस्क फाइंस का उपयोग करें कंपनियां: सरकार



नई दिल्ली ।

इस्पात मंत्रालय ने एकीकृत इस्पात कंपनियों से इस्पात निर्माण के लिए लौह अयस्क फाइंस का उपयोग करने के लिए कहा है। इससे उपलब्ध कच्चे माल का उपयोग बढ़ सकेगा। सूत्रों के अनुसार मंत्रालय का यह भी कहना है कि कंपनियां विदेशों में कोकिंग कोल खदानों का अधिग्रहण करने जैसे विकल्पों पर विचार करें। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य प्रतिस्पर्धी कीमतों पर कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ाना है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उन्हें बताया गया है कि देश में लौह भंडार सीमित हैं और इसे संरक्षित करने के लिए कंपनियों को बेनेफिसिएशन की प्रक्रिया के जरिये निचले ग्रेड के अयस्क का उपयोग करना चाहिए। लौह अयस्क और कोकिंग कोयला ब्लास्ट फर्नेस मार्ग के माध्यम से इस्पात विनिर्माण के लिए उपयोग किए जाने वाले दो प्रमुख कच्चे माल हैं।

लौह अयस्क जहां प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, कोकिंग कोयले के लिए भारत काफी हद तक आयात पर निर्भर है। प्रमुख कंपनियां बीएफ (ब्लास्ट फर्नेस) के माध्यम से इस्पात बनाने के लिए केवल उच्च श्रेणी के अयस्क लंप्स (ढेले) का उपयोग करती हैं, जिसमें 65 प्रतिशत और उससे अधिक लौह तत्व होता है। फाइंस या चूरा निम्न श्रेणी का अयस्क है जिनमें लौह तत्व 64 प्रतिशत या उससे कम होता है।

# हिंडाल्को, जेएसडब्ल्यू स्टील झारखंड में तांबा खदान प्राप्त करने की दौड़ में शामिल

**- नीलामी इसी माह में ही होने की संभावना**

नई दिल्ली । आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और सज्जन जिंदल की अगुवाई वाली जेएसडब्ल्यू स्टील झारखंड में दो तांबे की खदानों को हासिल करने की दौड़ में शो मिल हो गई हैं। इन खानों को इसी महीने बिक्री के लिए रखा जाएगा। दोनों खदानों की कुल क्षमता सालाना 30 लाख टन की है। सूत्रों ने कहा कि हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और जेएसडब्ल्यू स्टील झारखंड में सार्वजनिक क्षेत्र की हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की दो तांबा खदानों के अधिग्रहण की दौड़ में हैं। दोनों खदानों की नीलामी अक्टूबर में ही होने की संभावना है। इनमें से एक ब्लॉक नया है, जबकि दूसरा पिछले 20 साल से बंद है। हिंदुस्तान कॉपर ने पहले राखा तांबा खान को फिर से खोलने और उसका विस्तार करने और चापरी में भूमिगत खदान के विकास और संचालन के लिए खान डेवलपर-सह-परिचालक (एमडीओ) की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। हिंदुस्तान कॉपर ने अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा था कि राखा खनन पट्टा 2021 में समाप्त हो गया। खनन पट्टे के विस्तार का कार्य झारखंड सरकार के साथ प्रगति पर है, इसके अलावा खनन पट्टे के तहत शेष वन क्षेत्र पर चरण एक की वन मंजूरी देने के लिए आवेदन को परियोजना जांच समिति द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। राज्य वन विभाग के विभिन्न अधिकारियों द्वारा स्थल का निरीक्षण पूरा हो चुका है। हिंदुस्तान कॉपर के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने हाल मे कहा था कि कंपनी खदान उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 1.22 करोड़ टन सालाना करने के लिए विस्तार परियोजनाओं को लागू कर रही है। इस कदम से तांबे के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 37.8 लाख टन अयस्क का उत्पादन किया, जो वित्त वर्ष 2022-23 के 33.5 लाख से 13 प्रतिशत अधिक है।

## घरेलू सड़क लॉजिस्टिक्स उद्योग राजस्व नौ फीसदी तक बढ़ सकता है: आईसीआरए

नई दिल्ली। घरेलू सड़क लॉजिस्टिक्स उद्योग को चालू वित्त वर्ष में राजस्व में नौ प्रतिशत तक वृद्धि की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने एक रिपोर्ट में कहा कि संगठित सड़क लॉजिस्टिक्स रिपोर्ट में पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 4.6 प्रतशत की वृद्धि हुई थी। इक्रा के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में इस उद्योग का राजस्व 23,273 करोड़ रुपये रहा था। रिपोर्ट के अनुसार इक्रा को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय सड़क लॉजिस्टिक्स उद्योग का राजस्व सालाना आधार पर छह से नौ प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। एजेंसी ने कहा कि ई-कॉमर्स, एफएमसीजी, खुदरा, रसायन, फार्मास्यूटिकल्स और औद्योगिक वस्तुओं जैसे क्षेत्रों से अच्छी मांग, विभिन्न सरकारी उपायों और नीतियों से इस क्षेत्र के लिए एक स्थिर दृष्टिकोण बना हुआ है। इक्रा लिमिटेड के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में उच्च मुद्रास्फीति, असमान मानसून, अपेक्षाकृत फीका त्योहारी सत्र और बढ़ती ब्याज दर के बीच अपेक्षाकृत सुस्त मांग के कारण वृद्धि धीमी रही थी।




## इस सप्ताह आएंगे दो आईपीओ, 365 करोड़ जुटाए जाएंगे

नई दिल्ली । हाल के सप्ताहों में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की बाढ़ के बाद प्राथमिक बाजार में इस सप्ताह सिर्फ दो आईपीओ आ रहे हैं, जिनके जरिये करीब 365 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे। सितंबर में मुख्य मंच पर 12 आईपीओ और एसएमई (लघु और मझोले उद्यम) खंड में 40 आईपीओ आए थे। सात अक्टूबर से शुरू होने वाले अगले सप्ताह मुख्य मंच पर गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग और एसएमई खंड पर शिव टेक्सकेम के आईपीओ आने हैं। गरुड़ कंस्ट्रक्शन आईपीओ के जरिये 264 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। गरुड़ कंस्ट्रक्शन का आईपीओ आठ अक्टूबर को खुलकर 10 अक्टूबर को बंद होगा। शिव टेक्सकेम का 8-10 अक्टूबर के दौरान अपने आईपीओ के जरिये 101 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने का लक्ष्य है। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के चलते अक्टूबर की शुरुआत से शेयर बाजार में काफी गिरावट आई है। प्राइम डेटाबेस के अनुसार अस्थायी सुस्ती के बावजूद कुल मिलाकर आईपीओ बाजार का परिदृश्य सकारात्मक है। अभी 26 कंपनियों के पास आईपीओ के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी है, जिसके जरिये वे 72,000 करोड़ रुपये जुटाना चाहती हैं। इसके अलावा 55 कंपनियों के आईपीओ प्रस्ताव सेबी के पास विचाराधीन हैं। इन कंपनियों की आईपीओ के जरिये 89,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है।

## अमेरिका के बाद अमूल अब यूरोपीय बाजार में करेगा प्रवेश

जमशेदपुर ।

अमूल और गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ लिमिटेड (जीसीएमएमएफ) के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा है कि अमूल द्वारा हाल ही में अमेरिका में पेश किया गया दूध बेहद सफल रहा है और अब वह यूरोपीय बाजार में प्रवेश करने के लिए तैयार है। हाल ही में यहां निजी व्यवसाय प्रबंधन संस्थान एक्सएलआरआई द्वारा आयोजित 'अमूल मॉडल- लाखों के जीवन में बदलाव' विषय पर 11वें डॉ. वर्गीज कुरियन स्मृति व्याख्यान में उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है और आगामी वर्षों में दुनिया के कुल दूध उत्पादन का एक-तिहाई भारत में होगा। डेयरी सिर्फ एक कारोबार नहीं है, यह ग्रामीण भारत के लिए जीवन रेखा है। अमेरिका में अमूल द्वारा हाल ही में पेश किए गए दूध के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह बेहद सफल रहा है, और अब वे पहली बार यूरोपीय बाजार में उतरने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि प्रासंगिक बने रहने के लिए अमूल प्रोटीन युक्त, ऑर्गेनिक और रसायन मुक्त उत्पादों की पेशकश करने पर ध्यान केंद्रित करती है। उन्होंने अमूल के संस्थापक डॉ. कुरियन द्वारा विकसित परिवेश की सराहना की।

Amul
The Taste of India

# आरबीआई के ब्याज दर और एफआईआई के रुख तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

**- घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़े, ब्रेंट कच्चे तेल के दाम भी बाजार को दिशा देंगे**

नई दिल्ली ।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर पर निर्णय, पश्चिम एशिया के संघर्ष और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

इसके अलावा सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के तिमाही नतीजे, घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़े, ब्रेंट कच्चे तेल के दाम भी बाजार को दिशा देंगे। पिछले सप्ताह पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और विदेशी कोषों की निकासी से शेयर बाजार में भारी गिरावट आई थी। बाजार के विश्लेषक कहते हैं कि घरेलू मोर्चे पर सभी की निगाह भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक पर रहेगी। एमपीसी की बैठक सात अक्टूबर को शुरू होगी। तीन दिन की बैठक के नतीजों की घोषणा बुधवार यानी नौ अक्टूबर को की जाएगी। उन्होंने कहा कि कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों का सत्र टीसीएस के साथ शुरू हो रहा है। घरेलू मोर्चे पर तरलता की स्थिति मजबूत बनी हुई है। ऐसे में अधिक मूल्यांकन वाले क्षेत्रों से नकदी का प्रवाह आकर्षक मूल्यांकन वाले क्षेत्रों की ओर हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जिंस कीमतें, अमेरिकी डॉलर सूचकांक और अमेरिका के महत्वपूर्ण वृहद आंकड़े भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के एक शोध प्रमुख ने कहा कि निफ्टी और सेंसेक्स दोनों के लिए क्रमशः 26,000 और 85,000 अंक के नए मील के पत्थर कुछ समय के लिए थे, क्योंकि पश्चिम एशिया की वजह से लगे झटकों और विदेशी कोषों द्वारा कुछ कम मूल्यांकन वाले एशियाई बाजारों की ओर रुख करने से बाजार प्रभावित हुआ। इससे बाजार में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। शेयर बाजार में भारी गिरावट के बीच पांच दिन में निवेशकों की पूंजी 16.26 लाख करोड़ रुपये घट गई। बाजार का रुख प्रमुख घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगा।

सप्ताह के दौरान आरबीआई का ब्याज दर पर निर्णय आना है। इसके अलावा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी आएंगे। साथ ही अमेरिका में फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा, बेरोजगारी आंकड़े और अमेरिका के जीडीपी आंकड़े भी आने हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के एक वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) ने कहा कि निवेशकों की निगाह भू-राजनीतिक घटनाक्रम और कच्चे तेल की कीमतों पर इसके प्रभाव पर रहेगी। विदेशी कोषों के प्रवाह के अलावा घरेलू प्रवाह भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। घरेलू मोर्चे पर सभी की निगाह एमपीसी की बैठक पर है।

इस बैठक के नतीजों की घोषणा नौ अक्टूबर को होगी। उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी और जन्माष्टमी के दौरान कंपनी ने बिक्री में अच्छी वृद्धि दर्ज की। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने अपने मासिक बिक्री विवरण में कहा कि सितंबर के अंत में पंजीकरण में तेजी आई है। यह आगामी त्योहारी सत्र की दृष्टि से अच्छा है।

## एफपीआई ने अक्टूबर में भारतीय शेयरों से 27,142 करोड़ निकाले

नई दिल्ली । इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और चीन के बाजारों के बेहतर प्रदर्शन के कारण अक्टूबर के पहले तीन कारोबारी सत्रों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजारों से 27,142 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले सितंबर में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई का निवेश नौ महीने के उच्च स्तर 57,724 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था। अप्रैल-मई में शेयरों से 34,252 करोड़ रुपये निकालने के बाद जून से एफपीआई लगातार लिवाल रहे हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि 2024 में जनवरी, अप्रैल और मई को छोड़कर अन्य महीनों में एफपीआई शुद्ध लिवाल रहे हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि भू-राजनीतिक घटनाक्रम और ब्याज दरों की भविष्य की दिशा जैसे कारक आगे भारतीय बाजार में एफपीआई के निवेश की दिशा तय करेंगे। आंकड़ों के अनुसार एक से चार अक्टूबर के बीच एफपीआई ने शेयरों से 27,142 करोड़ रुपये निकाले हैं। दो अक्टूबर को 'गांधी जयंती' के उपलक्ष्य में बाजार बंद रहे थे। ऋण या बॉन्ड बाजार की बात करें, तो समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने सामान्य सीमा के माध्यम से 900 करोड़ निकाले हैं और स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग (वीआरआर) के माध्यम से 190 करोड़ रुपये का निवेश किया है।इस साल अबतक एफपीआई ने शेयरों में 73,468 करोड़ रुपये और ऋण या बॉन्ड बाजार में 1.09 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है।

# अदाणी समूह ने अहमदाबाद में हरित हाइड्रोजन मिश्रित पीएनजी आपूर्ति शुरू की




नई दिल्ली ।

अदाणी समूह ने अहमदाबाद के कुछ हिस्सों में घरों में आपूर्ति की जाने वाली खाना खाना पकाने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) में हरित हाइड्रोजन का मिश्रण शुरू कर दिया है। फ्रांस की ऊर्जा क्षेत्र की दिग्गज टोटलएनर्जीज के साथ समूह की शहर गैस वितरण इकाई अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) ने अहमदाबाद के शांतिग्राम में पाइप वाली प्राकृतिक गैस आपूर्ति में 2.2-2.3 प्रतिशत हरित हाइड्रोजन का मिश्रण करना शुरू कर दिया है। लिंक्डइन पर पोस्ट में कंपनी ने यह जानकारी दी। स्वच्छ मार्गों के माध्यम से उत्पादित हाइड्रोजन को प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में डाला जाता है। कंपनी ने इलेक्ट्रोलाइसिस प्रक्रिया के माध्यम से पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में विभाजित करने के लिए पवन या सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करके हरित हाइड्रोजन का उत्पादन शुरू किया है। इस हाइड्रोजन को प्राकृतिक गैस में मिलाया जाता है। इसकी आपूर्ति घरों में खाना पकाने के लिए और उद्योग को की जाती है। एटीजीएल ने बयान कहा कि हम अहमदाबाद के अदाणी शांतिग्राम में अपने हाइड्रोजन मिश्रण प्रणाली के सफलता से शुरू होने की घोषणा करते हुए काफी रोमांचित हैं। पोस्ट में कहा गया है कि यह परियोजना 4,000 घरेलू और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को निर्बाध हाइड्रोजन-मिश्रित प्राकृतिक गैस प्रदान करेगी। वर्तमान में सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक एनटीपीसी गुजरात के सूरत जिले के कवास में घरों को हरित हाइड्रोजन मिश्रित प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करती है। गेल (इंडिया) लिमिटेड भी मध्य प्रदेश के इंदौर में ग्रे हाइड्रोजन के साथ सीएनजी की आपूर्ति के लिए एक छोटी पायलट परियोजना पर काम कर रही है।

## नए संकट में स्पाइसजेट, 5 अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज

नई दिल्ली । दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने स्पाइसजेट के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय सिंह और चार अन्य अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इन पर आरोप है कि कंपनी ने कर्मचारियों के प्रोविडेंट फंड (पीएफ) की 12 प्रतिशत कटौती की गई राशि उनके पीएफ खाते में जमा नहीं की। यह राशि लगभग 65 करोड़ रुपये की है। ईपीएफओ द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया गया है। स्पाइसजेट के ऊपर आरोप है कि जून 2022 से जुलाई 2024 के बीच कर्मचारियों के वेतन से पीएफ के 12 प्रतिशत हिस्से की कटौती की गई थी, जिसे 15 अगस्त 2024 तक जमा किया जाना था. लेकिन कंपनी ने इसे जमा नहीं किया। एफआईआर में कंपनी के एमडी अजय सिंह, निदेशक शिवानी सिंह, स्वतंत्र निदेशक अनुराग भार्गव और दो अन्य अधिकारियों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। यह आरोप है कि कंपनी ने अपने 10,000 से अधिक कर्मचारियों से कटौती की गई राशि को ईपीएफओ में जमा नहीं किया, जो कानून का उल्लंघन है। स्पाइसजेट ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह मामला कंपनी द्वारा क्यूआईपी के जरिए नए फंड जुटाने से पहले का है और तब से सभी लंबित वेतन और जीएसटी बकाया चुकाए जा चुके हैं। कंपनी ने कहा कि पीएफ के बकाए के दस महीने की रकम भी जमा की जा चुकी है और बाकी बकाया भी जल्द पूरा किया जाएगा।

## घरेलू सड़क लॉजिस्टिक्स उद्योग राजस्व नौ फीसदी तक बढ़ सकता है: आईसीआरए

नई दिल्ली । घरेलू सड़क लॉजिस्टिक्स उद्योग को चालू वित्त वर्ष में राजस्व में नौ प्रतिशत तक वृद्धि की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने एक रिपोर्ट में कहा कि संगठित सड़क लॉजिस्टिक्स रिपोर्ट में पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 4.6 प्रतशत की वृद्धि हुई थी। इक्रा के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में इस उद्योग का राजस्व 23,273 करोड़ रुपये रहा था। रिपोर्ट के अनुसार इक्रा को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय सड़क लॉजिस्टिक्स उद्योग का राजस्व सालाना आधार पर छह से नौ प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। एजेंसी ने कहा कि ई-कॉमर्स, एफएमसीजी, खुदरा, रसायन, फार्मास्यूटिकल्स और औद्योगिक वस्तुओं जैसे क्षेत्रों से अच्छी मांग, विभिन्न सरकारी उपायों और नीतियों से इस क्षेत्र के लिए एक स्थिर दृष्टिकोण बना हुआ है।

# नवरात्र के 9 दिन मंदिर में महिलाओं की एंट्री बैन:गर्भगृह में पुरुष भी नहीं जाते, तांत्रिक पूजा में बुरी शक्तियों के आने का खतरा



**नालंदा ।** मां आशापुरी मंदिर में नवरात्र के 9 दिन महिलाओं का प्रवेश नहीं हो सकता। महिलाओं के मंदिर कैंपस में ही प्रवेश करने की इजाजत नहीं है। साथ ही पुरुष भी इन 9 दिनों में मंदिर के गर्भगृह में नहीं जा सकते।

मां आशापुरी मंदिर की यह परंपरा सदियों पुरानी है। आज तक इसका पालन होता आ रहा है। मां आशापुरी मंदिर गिरियक प्रखंड के घोसरावां में है। मंदिर कैंपस और गर्भगृह में महिलाओं-पुरुषों का प्रवेश रोकने के पीछे की मुख्य वजह है तांत्रिक क्रियाओं का होना। नवरात्र के दौरान मंदिर में विशेष तंत्र-मंत्र क्रियाएं की जाती हैं। इनके दौरान बुरी शक्तियां सक्रिय हो जाती हैं।

आशंका जताई जाती है कि इस बीच महिलाएं मौजूद रहेंगी तो बुरी शक्तियां उनके शरीर में प्रवेश कर सकती हैं। इस कारण पूजा विफल हो सकती है। इसलिए महिलाओं को मंदिर में प्रवेश से रोका जाता है। मां आशापुरी मंदिर के अध्यक्ष लाल किशोर सिंह का कहना है कि यह परंपरा 9वीं शताब्दी से चली आ रही है। नौवीं शताब्दी में यह विश्व का सबसे प्रचलित बौद्ध साधना केंद्र था। बौद्ध यहां आकर तंत्र-मंत्र की साधना करते थे। दूर-दूर से तांत्रिक आते थे और नवरात्र के दौरान विशेष पूजा करते थे।

नवरात्रि के मौके पर मां आशापुरी मंदिर के गर्भ गृह में तीन पुजारियों का ही प्रवेश रहता है। इनमें अनिल उपाध्याय, रवि रंजन उपाध्याय और टोहन उपाध्याय शामिल हैं। सुबह और शाम 4 से 5 घंटे तक चंडी पाठ होता है, जिसमें विशेष रूप से तांत्रिक विधि अपनाई जाती है।

मंदिर के पुजारी पुरेंद्र उपाध्याय बताते हैं कि नवरात्रि के आखिरी दिन विशेष हवन के बाद ही महिलाओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी जाती है। यही बात पुरुषों के लिए भी लागू होती है। हालांकि उन्हें मंदिर कैंपस में आने दिया जाता है।

स्थानीय लोग मानते हैं कि मां आशापुरी की कृपा से उनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसलिए वे नवरात्र के दौरान मंदिर के बाहर ही पूजा-अर्चना करते हैं। कैंपस में महिलाओं के लिए एक अलग मंदिर बनाया गया है जहां वे पूजा कर सकती हैं। वर्षों पुरानी चली आ रही परंपरा का वे आज भी पालन करना ही उचित मानती हैं।

वहीं प्रिया राज बताती हैं कि मंदिर में महिलाओं का प्रवेश क्यों वर्जित किया गया है, यह उन्हें पता नहीं है। लेकिन अगर कोई परंपरा चली आ रही है तो हम लोगों को उसका पालन करना चाहिए। आज के युवा एवं युवतियों को चली आ रही परंपरा का अवश्य पालन करना चाहिए। संजय दत्त के पिता भी यहां आते थे अभिनेता संजय दत्त के पिता सुनील दत्त के अलावा कई बॉलीवुड हस्तियां मां के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंची हैं। वहीं बिहार के कई राज्यपाल, मुख्यमंत्री के साथ ही पॉलिटिशियन भी दरबार में पहुंच चुके हैं। मंदिर में लगे शिलापट्ट के आशापुरी महारानी की मूर्ति ईसा पूर्व 300 की है। मध्य प्रदेश के राजा यशोवर्मन ने आठवीं शताब्दी में यशोवर्मपुर नाम के इस इलाके को बसाया था। नवमी शताब्दी में मगध सम्राट देवपाल यहां आए थे। उन्होंने ही सबसे पहले यहां पूजा की थी।पुजारी पुरेंद्र उपाध्याय के मुताबिक, मां आशापुरी में नौ सिद्धियों की पूजा की जाती है। गर्भगृह के अवशेष को छोड़कर साल 2003 में मंदिर के नए परिसर का निर्माण स्थानीय लोगों के सहयोग से किया गया।

मंदिर के एक और पुजारी पवन उपाध्याय बताते हैं कि वह लोग पीढ़ी दर पीढ़ी मंदिर की सेवा में लगे हुए हैं। उनके पिता मुनेश्वर उपाध्याय, उनके दादा श्रीबाबूधुका उपाध्याय एवं परदादा से लेकर कई पीढ़ियां मंदिर में पूजा कराती आ रही हैं। अब यह जिम्मेदारी उनके बेटे उठाएंगे।

नवरात्रिका चौथा दिन आज, मां कूष्मांडा की पूजा से मिलती है सुख-शांति शारदीय नवरात्रि के चौथे दिन माता कूष्मांडा स्वरूप को समर्पित है। 'कू' का अर्थ है छोटा, 'ष' का अर्थ है ऊर्जा और 'अंडा का अर्थ है ब्रह्मांडीय गोला- सृष्टि या ऊर्जा का छोटा सा वृहद ब्रह्मांडीय गोला। माना जाता है कि सृष्टि की उत्पत्ति से पूर्व जब चारों ओर अंधकार था तो मां दुर्गा ने इस अंड यानी ब्रह्मांड की रचना की थी। आठ भुजाओं वाली कूष्मांडा देवी अष्टभुजा देवी के नाम से भी जानी जाती हैं।

चौकी (बाजोट) पर माता कूष्मांडा की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करें। गंगा जल या गोमूत्र से शुद्धिकरण करें। चौकी पर कलश स्थापना करें। वहीं पर श्रीगणेश, वरुण, नवग्रह, षोडश मातृका (16 देवी), सप्त घृत मातृका (सात सिंदूर की बिंदी लगाएं) की स्थापना भी करें। इसके बाद व्रत, पूजन का संकल्प लें और वैदिक एवं सप्तशती मंत्रों द्वारा मां कूष्मांडा सहित समस्त स्थापित देवताओं की पूजा करें। इसमें आवाहन, आसन, पाद्य, अर्घ्य, आचमन, स्नान, वस्त्र, सौभाग्य सूत्र, चंदन, रोली, हल्दी, सिंदूर, दुर्वा, बिल्वपत्र, आभूषण, पुष्प-हार, सुगंधित द्रव्य, धूप-दीप, नैवेद्य, फल, पान, दक्षिणा, आरती, प्रदक्षिणा, मंत्र पुष्पांजलि आदि करें। फिर प्रसाद वितरण कर पूजन संपन्न करें।

## औरंगाबाद के शशिकांत वेस्ट मटेरियल से बना रहे कलाकृतियां



**औरंगाबाद ।** शहर के ब्लॉक रोड के रहने वाले शशिकांत ओझा इन दिनों सुर्खियों में है, अपनी अनूठी कला को दिखाकर कई बड़े-बड़े पार्कों और घरों की शोभा बढ़ा रहे हैं। शशिकांत ओझा घर और गैरेज से निकलने वाले अनुपयोगी छोटे-छोटे लोहे के टुकड़े से बड़े-बड़े जानवरों, स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा और अन्य सुंदर आकृतियों की प्रारूप तैयार करते हैं। स्वच्छता ही सेवा के तहत शहर को कैसे सुंदर स्वरूप प्रदान किया जा सकता है। इसका उदाहरण शशिकांत ओझा दे रहे। स्कल्पचर कलाकार शशिकांत पेशे से वन विभाग अधिकारी रहे हैं। वे कहते हैं कि 10 साल तक वन विभाग में एसीएफ अफसर के रूप में सेवा दी है। अब वन विभाग से लीव ले ली और झारखण्ड के जमशेदपुर में स्टेन और स्टील इंडस्ट्री की शुरूआत की, जिसमें किचन संबंधित सभी सामग्री बनाकर बेची जाती थी, लेकिन साल 2020 में कोविड के दौरान जब सब कुछ ठप हो गया। मां बीमार हो गई तो अपने गृह जिला औरंगाबाद में आ गए और कबाड़ से डिजाइन बनाना शुरू कर दिया। जिसे देख लोगों ने खूब सराहा। कई एग्जीबिशन में अपने स्कल्पचर को पेश किया। जिसे लोगों ने खूब पसंद किया।

शशिकांत झा के बनाए हुए स्कल्पचर रांची, टाटा, जमशेदपुर, पटना ईको पार्क सहित 4 राज्यों में प्रमुख स्थलों पर शोभा बढ़ा रहे हैं। वे बताते हैं कि शौक में इस काम को शुरू किया लेकिन कई राज्यों से अब बड़े-बड़े ऑर्डर भी आने शुरू हो गए हैं। बता दें इस तरह का स्कल्पचर बनाने में ऑटो मोबाइल पार्ट्स, स्टेनलेस स्टील, चदरा, जंक मेटल, नट, चेन, स्क्रैप सहित कई अन्य सामग्री का इस्तेमाल किया जाता है। इन दिनों जिसमें शेर, हिरण, गाय, भैंस, ड्रैगन, किसान सहित बैल गाड़ी की डिमांड अधिक है।

इनकी कलाकृति औरंगाबाद शहर के सत्येंद्र नारायण सिन्हा पार्क, डायवर्सिटी पार्क में बनाए गए डिजाइन में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि लोहे का टुकड़ा चुनना बहुत कठिन होता है, क्योंकि बहुत बिखरे होते हैं। कभी-कभी चुनने के क्रम में हल्की फुल्की चोटें भी आ जाती है।

## रावण के सिर से पहली बार होगा कोल्ड फायर:बक्सर में इस साल सबसे अलग तरीके से होगा दहन





**बक्सर ।** जिले में शारदीय नवरात्री के साथ दशहरा में रावण वध को लेकर भी तैयारी चल रही है। बक्सर जिले में रावण का पुतला बनाने मिश्रवलिया निवासी जितेंद्र शर्मा अपने परिवार के साथ भयानक रावण और मेघनाद के पुतले को अंतिम रूप देने की तैयारी में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार का रावण हर साल से काफी अलग दिखेगा। किला मैदान में दहन होने वाले रावण और मेघनाथ की लंबाई 5 फीट कम होगी। इस बार जिला मुख्यालय के अलावा विभिन्न शहर और गांवों के रामलीला कमेटी द्वारा रावण बनाने का ऑर्डर एक महीने पहले से ही मिला हुआ है। जिसे किला मैदान के अलावा चुन्नी, अखौरीपुर गोला, चौसा, मिश्रवालिया में दहन किया जाएगा। रावण का पुतला बना रहे कारीगर जितेंद्र शर्मा ने बताया गया की हर साल से इस बार के रावण में काफी चेंजिंग किया गया है। ऐसा पहली बार होगा कि पहले रावण के 10 सिर और उसके मुकुट से कोल्ड फायर होगा। उसके बाद पटाखे की गूंज के साथ धूं-धूंकर रावण का पुतला जलने लगेगा। कोल्ड फायर यानी कि रावण के सिर और मुकुट से इलेक्ट्रिक शॉर्ट से आग का फवारा एक मिनट तक निकलेगा। वहीं, इस साल पुतले में कई तरीके का बदलाव भी किया गया है। इस साल रावण और मेघनाथ की हाइट पांच फीट कम बनाया जा रहा है। पुतले की ड्रेस की बात करें तो कई वर्षों से लगातार रावण का ड्रेस नीचे पाजामा और ऊपर घाघरा टाइप का कुर्ता हुआ करता था लेकिन इस बार रावण का पुतला धोती में होगा। इतना ही नहीं हमेशा रावण के हाथ मे तलवार होता था लेकिन इस बार का रावण तीर धनुष से किला मैदान में राम जी के साथ युद्ध करेगा। रावण-मेघनाथ के पुतले की लम्बाई को लेकर बताया गया कि किला मैदान में रावण दहन के लिए जो जगह बनाया गया हुआ है, वहां पुतला खड़ा करने में दिक्कत होता है। क्रेन नहीं मिलता है तो बड़ा पुतला सही से खड़ा नही हो पाता है।40 -45 फीट का रहेगा तो जल्दी खड़ा हो जायेगा और पुतला सही से सीधा भी रहता है। इसको बनाने में लगने वाली लागत को लेकर बताया कि सभी पुतले को तैयार करने में 40 से 50 हजार रुपए का खर्च आता है। रावण का पुतले बनाने में 20 हजार रुपए के आसपास का लागत लगता है। वहीं, बाकि पुतले तैयार करने में 5 से 8 हजार रुपए का खर्च आता है। जिसमें बक्सर के पुतला निर्माण में 26 बांस, दो किलो जुट के सूते, तीन किलो लोहे का तार, 15 किलो पेपर, दो किलो रंगीन पेपर, 90 मीटर कपडे और पेंट का प्रयोग किया गया है। पटाखा रामलीला कमेटी तय करेगी। लगभग सभी पुतले बनकर तैयार हैं। जिसे एक साथ भेजने के लिए चार ट्रैक्टर की जरूरत पड़ती है। जितेंद्र शर्मा ने बताया कि पुतला बनाने का पेशा नहीं है। इस काम के लिए साल में केवल एक महीने का समय देता हूं। बाकि समय मैं अउ बनाने का काम करता हूं। पुतला बनाने के काम में मेरे बच्चे और पत्नी का मदद करते हैं। जिस दिन रावण खड़ा करना होता है, उस दिन आठ लोगों को अपने साथ रखता हूं। साथ काम करने वाले लोगों को एक हजार रुपए प्रति आदमी देता हूं। हालांकि इस साल पुतले बनाने में हर साल की अपेक्षा पांच हजार रुपए ज्यादा का खर्च आया है। मैं इस कार्य को पिछले 6 सालों से कर रहा हूं। पहले केवल अपने गांव के लिए रावण बनाने के काम करता था लेकिन धीरे-धीरे कई गांवों से ऑर्डर मिलने लगे। इस बार जिला मुख्यालय के अलावा 5 जगहों का ऑर्डर मिला हुआ है। जिसका अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। निर्माण किए जाने वाले सभी पुतले दिल्ली मॉडल के हैं। जितेंद्र शर्मा अपनी इस कला के बारे में बताते हैं कि उनके पिता रेलवे में थे तो वो भी अपने पिता के साथ वहीं रहते थे। वहां रामलीला कमेटी द्वारा रावण बनाया जाता था। जहां वो बनाने वाले लोगों की मदद करके ये काम सीखा है। पिता जी के रिटायरमेंट के बाद अपने पैतृक गांव बक्सर आकर दशहरा में रावण बनाने का कार्य करने लगे।

# तेजस्वी के विधानसभा राघोपुर में बाढ़ से बेहाल हुए लोग,बाढ़ पीड़ित बोले- बाढ़ में बेटा बह गया, कोई देखने वाला नहीं, नेता सिर्फ वोट लेने आते हैं



**पटना ।** नाम- तेजस्वी यादव, काम- राघोपुर से गद्दारी, रंग- गिरगिट से भी तेज बदलना, बाढ़ आपदा में दुबई में कर रहे मौज मस्ती। इसके साथ ही पोस्टर के नीचे नोट में लिखा है कि राघोपुर पहुंचाने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को लेकर इस तरह के पोस्टर लगाए जा रहे हैं। दरअसल, तेजस्वी दुबई में हैं। इधर, उनका विधानसभा क्षेत्र राघोपुर बाढ़ की चपेट में है। इसी को लेकर पॉलिटिकल पार्टियां तेजस्वी पर अपने विधानसभा से गायब रहने का आरोप लगा रही है। वहां तक पहुंचने के लिए नाव का सहारा लिया गया। एक नाव पर करीब 4 से 5 बाइक और 50 के करीब लोग बैठे थे। इसमें कई बच्चे भी थे, जो हर दिन नाव से पढ़ाई के लिए पटना जाते हैं। नाव पर एक भी व्यक्ति लाइफ जैकेट में नहीं दिखा। हर दिन इस इलाके से हजारों की संख्या में लोग जान जोखिम में डालकर गंगा पार कर पटना आते हैं। 75 प्रतिशत लोगों के घर के भीतर पानी गया स्थानीय लोगों के मुताबिक बाढ़ आने पर करीब 75 प्रतिशत लोगों के घर के भीतर पानी भर गया। गांव के मुख्य सड़क पर नाव चल रही थी। नाव नहीं मिलने पर जिसे जरूरत होती, वे पानी में तैर कर कहीं जाता था। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि हम जिन्हें वोट देकर जीताते हैं, हमें वो भी पूछने नहीं आते। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव हमारे क्षेत्र से विधायक हैं। लेकिन, वो भी हमारा हाल-चाल तक नहीं पूछते। जान को जोखिम में डालकर हर दिन गंगा पार करते हैं की टीम नाव से उतर आगे बढ़ी तो वहां एक घर दिखा, जिसके बाहर एक बुजुर्ग गुमसुम बैठे थे। नन्हक राय ने बताया कि इस गांव में बाढ़ आती है तो सभी लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगते है। खाने पीने और रहने तक की सुविधा नहीं बचती। हमें कोई देखने तक नहीं आता है। विधायक भी नहीं पहुंचते हैं। गांव में बाढ़ के दौरान राशन भी नहीं मिलती है। नमक और तेल के लिये भी बाढ़ के पानी में तैर कर गंगा उस पार से लाना होता है। बच्चों का पेट भरना मुश्किल काफी इंतजार करने के बाद ऑटो मिली। इसमें बैठकर गांव की तरफ निकल गए। ऑटो में गंगा उस पार से बीमार बच्चे को गोद में लिए एक महिला बैठी दिखी। चंदा देवी ने बताया कि 'गांव में इलाज तक की सुविधा नहीं है। बच्चा बीमार हो गया है। उसे नाव से गंगा पार करके एनएमसीएच के डॉक्टर से दिखाकर लौट रही हूं। बाढ़ आती है तो बहुत परेशानी और दुख उठाना पड़ता है। हमारे पास रहने तक का कोई साधन नहीं होता है। पानी में रहते हैं। मेरे तीन बच्चें है तो सभी का पेट भी भरना मुश्किल हो जाता है। राशन कार्ड में जिनका नाम, सिर्फ उन्हें मिलती है मदद वहीं, ऑटो में बैठी दूसरी लड़की प्रीति कुमारी ने बताया कि 'बाढ़ आने पर इंसान के साथ जानवरों को भी रहने में परेशानी होती है। बाढ़ आने के कारण पापा कमाने भी नहीं जा पाते। इस वजह से कमाई बंद हो जाती है। सरकार देखने भी नहीं आती कि हमलोग कैसे खाते और रहते हैं। जिसका राशन कार्ड में नाम है, सिर्फ.उसी को बाढ़ का पैसा दिया जाता है। बाढ़ ने छीन लिया घर का जवान लड़का ऑटो से उतर कर रुस्तमपुर गांव में एंट्री हुई। वहां पर कुछ महिलाएं रोता हुई नजर आई। इस बारे में पूछने पर संजय राय ने कहा कि 10 दिन पहले मेरा 22 वर्ष का भतीजा घर का राशन लेकर पानी के बीच लौट रहा था। सड़क टूट जाने की वजह से वहां गड्ढा में गिर गया। इसके बाद वो फिर कभी मिला नहीं। पानी में बहने के दो दिन के बाद उसका शव रामपुर में मिला। इस बाढ़ में हमने घर का एक जवान लड़के को खो दिया है। लेकिन हमें कोई पूछने वाला नहीं है।मदद के इंतजार में महिला नहीं करा पा रही अपना इलाज वहीं, लाल परी देवी ने बताया कि मैं घर में अकेले रहती हूं। बेटा-बहू सब अलग रहने लगे हैं। बाढ़ आने पर घर में पानी भर जाता है। पड़ोस के लोग कुछ कुछ खाने को देते हैं, जिससे भोजन हो पाता है। मुझे सरकार से कोई मदद नहीं मिलती है। मुझे कोई मदद करेगा तो अपना इलाज कराउंगी। सांप के बीच तीन दिनों तक रहना पड़ा काफी इंतजार के बाद एक पिकअप मिला। इससे दूसरे गांव की ओर बढ़े। वहां एक दुकान के पास बैठे बुजुर्ग रामबालक राय ने बताया कि 'बाढ़ का पानी इतना ज्यादा बढ़ गया था कि मैं तीन दिन तक पानी में सांपों के साथ खड़ा रह गया। एक चौकी पर सांप और दूसरे पर मैं था। लेकिन फिर भी वैसे ही रह रहा था। क्योंकि हमारे पास दूसरा कोई चारा नहीं था। जफरावत पंचायत के श्रवण कुमार ने बताया कि 'हमारे पंचायत में सांप के काटने से चार लोगों की जान चली गई है। बहुत ऐसे लोग हैं जो पूरी रात पानी में रह जाते थे। लेकिन कोई देखने नहीं आया। कितने लोग बीमार पड़ जा रहे थे ।

## संक्षिप्त डायरी

### पटना में 4 साल के बच्चे का मिला शव:कल से था लापता, नए घर के पास नहर से मिली लाश; परिवार बोला- हत्या हुई



**पटना ।** 4 साल के बच्चे का शव नहर से बरामद किया गया। वो शनिवार सुबह से लापता था। परिवार ने हत्या की आशंका जताते हुए जांच की मांग की है। शव रामकृष्ण नगर के नजदीक पइन से बरामद हुआ है। मृतक की पहचान रामकृष्ण नगर निवासी स्व. रितेश कुमार के बेटेहेनरी कुमार (04) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जांच के लिए घटनास्थल पर त्रक्ष्छ टीम को बुलाया गया है। बच्चे की लाश स्कूल यूनिफॉर्म में मिली है। वो शनिवार को अपने नए घर में खेल रहा था और अचानक लापता हो गया। जिस नहर से लाश मिली है, वो घर से 10 मीटर दूर है।

दो दिन में नए घर का गृह प्रवेश होना था शेखपुरा के बड़बीघा निवासी हेनरी के चाचा प्रभात कुमार पटना के एक प्राइवेट स्कूल में टीचर हैं। प्रभात कुमार के छोटे भाई रितेश कुमार की मौत हो चुकी है। रितेश की पत्नी और दो बच्चों का भरण-पोषण प्रभात कुमार ही करते हैं। फिलहाल प्रभात कुमार पटना के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के कॉलोनी में एक किराए के मकान में रहते हैं। प्रभात कुमार ने बताया कि अपनी थोड़ी-सी जमीन खरीदकर उन्होंने रामकृष्ण नगर थाना के पिपरा गांव में एक मकान बनाया है, जिसका गृह प्रवेश मंगलवार 8 अक्टूबर को करना था। मां के साथ अपना नया घर देखने गया था हेनरी शनिवार की सुबह 10:00 बजे हेनरी अपनी मां सविता देवी, बड़ी मां रेखा देवी के साथ अपने नए मकान में गया था। चाचा प्रभात कुमार ने बताया कि हेनरी नीचे कमरे में खेल रहा था। इस बीच उनकी पत्नी और मां पहले तल्ले पर कुछ काम करने चली गई। वापस लौटी तो देखा कि हेनरी वहां नहीं है। काफी खोजबीन के बाद भी हेनरी नहीं मिला तो इसकी सूचना रामकृष्ण नगर थाने को दी गई। वहीं रविवार की सुबह नए मकान के पास छोटी सी नहर से हेनरी का शव बरामद हुआ। पटना के गर्दनीबाग इलाके में तालाब में डूबने से दोनों बच्चों की मौत हुई थी। इसका खुलासा पटना पुलिस ने किया है। डीएसपी सचिवालय सुशील कुमार ने बताया कि घटना वाले दिन 4 बच्चे एक साथ दिखे थे। जिसमें से 2 की मौत हो गई। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें चारों बच्चे एक साथ जाते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक बच्चा भैंस पर बैठकर तालाब में चला गया था। भैंस से नीचे गिर जाने के कारण वो डूबने लगा। इसके बाद उसे बचाने के लिए दो और बच्चे पानी में उतरे थे। इस दौरान पानी में डूबने से 2 की मौत हो गई। वहीं, 2 बच्चे अपने घर लौट आए और किसी से कुछ नहीं बताया।

### नशे में धुत्त होकर की पत्नी और सास की पिटाई:अवैध संबंध का विरोध करने पर पति ने किया हंगामा



**भोजपुर।** जिले के नगर थाना क्षेत्र के शीतल टोला मोहल्ले में शनिवार देर शाम नशेड़ी पति ने पत्नी और सास की पिटाई कर दी। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया। जख्मी मां-बेटी को आननफ़ानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मियों में नगर थाना क्षेत्र के शीतल टोला मोहल्ला निवासी ददन राम की 45 वर्षीय पत्नी पुष्पा देवी, उनकी 25 वर्षीय बेटी सुमन देवी शामिल है। जख्मी सुमन देवी ने बताया कि मेरी शादी 10 साल पहले बक्सर जिले के इटारी थाना क्षेत्र के इंदौर गांव निवासी बिपिन रावत से हुई थी। इनके दो बेटे भी हैं। सुमन अपने दोनों बेटों के साथ शीतल टोला मोहल्ले में किराए के मकान में रहती है। सुमन ने बताया की शादी के बाद से ही उनके पति नशे में धुत्त होकर घर आते हैं और गाली देना शुरू कर देते। पीड़िता ने कहा कि ना ही बच्चों को पढ़ाना चाहते है और ना ही घर के खर्चे देते है। इधर कुछ महीने पहले बच्चों के लिए कुछ रखे जमापूंजी निकालकर किश्त पर एक ऑटो खरीद कर दिए ताकि जो पैसा आएगा वो बच्चों की पढ़ाई और घर के खर्च में काम आएंगे। इसी बीच मेरे पति का किसी दूसरे महिला के साथ चक्कर शुरू हो गया। हमने इसका विरोध किया, लेकिन उसने नहीं माना। इसी बात को लेकर शनिवार को उसने मुझे मेरे बच्चों के सामने मारा था। पुलिस से की शिकायत अपनी मां पुष्पा देवी को फोन कर घर पर बुलाए थे इसी बात को लेकर मेरे पति ने गालीझगलौज शुरू कर दिया। जब हमलोगों ने दोबारा विरोध किया तो उसने किचन में रखे कलछुन से मां और मुझे मारना शुरू कर दिया। काफी देरी तक उसने हंगामा किया। जिसके बाद पड़ोसियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। मारपीट की घटना के बाद पीड़ित मांझबेटियों ने शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है।

### 13 साल की नाबालिग रेप के बाद प्रेग्नेंट,कुवैत भागा आरोपी

**पूर्णिया।** 6 महीने पहले 13 साल की एक नाबालिग लड़की के साथ रेप का मामला सामने आया था। आरोपी ने न सिर्फ रेप किया बल्कि अपनी दरिंदगी पर पर्दा डालने के लिए पीड़िता को शादी का झांसा भी दिया। परिजनों का आरोप है कि शादी का झांसा देकर आरोपी 4 महीने तक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करता रहा। जिसके बाद वह प्रेग्नेंट हो गई। दो महीने पहले जब आरोपी को पता चला कि पीड़िता 4 महीने की प्रेग्नेंट है तो उसने अबॉर्शन का दबाव बनाया। पीड़िता ने मना किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। आरोपी का नाम मो. तौसिम (26) है। जानकारी के मुताबिक, एक हफ्ते पहले वह कुवैत भाग गया। उसके विदेश भागने के बाद दो बार पंचायत भी हुई। पंचायत ने परिवार को मो. तौसिम को विदेश से बुलाने का फरमान सुनाया, लेकिन वो नहीं लौटा। पीड़िता के परिवार का कहना है कि आरोपी के खिलाफ शिकायत लेकर पिछले 29 सितंबर से जलालगढ़ थाने के चक्कर काट रहे हैं, मगर मामला दर्ज नहीं किया जा रहा। जिसके बाद शनिवार को एसपी कार्तिकेय शर्मा को आवेदन सौंपा है। मामला जलालगढ़ थाना क्षेत्र का है। नाबालिग मो. तौसिम के घर बर्तन धोती थी। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण नाबालिग को काम करना पड़ता था। जिसका आरोपी ने फायदा उठाया। पीड़िता की मां ने कहा, 'आर्थिक तंगी के कारण पिछले एक साल से मेरी बेटी पड़ोस के ही मो. तौसिम के घर चूल्हा-चौका और बर्तन धोने का काम कर रही थी। मो. तोसीम की बेटी पर गंदी नजर थी। उसने एक-दो बार बेटी को गलत तरीके से छूने की भी कोशिश की थी।



# नवरात्र में इन नियमों का पालन करना बहुत जरूरी

**शास्त्रों और पुराणों के अनुसार शारदीय नवरात्र अधिक महत्वपूर्ण है। प्राचीन काल में नवसंवत्सर से आरंभ होने वाला नवरात्र ही अधिक प्रचलित था। लेकिन कलियुग में शारदीय नवरात्र का महत्व बढ़ गया है। शास्त्रों में नवरात्र को आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने का समय माना गया है। इसलिए नवरात्र के कई नियम हैं जिनका पालन व्रत करने वालों और जो व्रत नहीं करते हैं उन्हें भी करना चाहिए।**

## शुद्धता और पवित्रता जरुरी

नवरात्र शुद्धता से जुडा पर्व है, जिसमें नौ दिनों तक पूर्ण पवित्रता और सात्विकता बनाए रखते हुए देवी के नौ स्वरूपों की आराधना करने का विधान है। इसलिए नवरात्र के दिनों बहुत से श्रद्धालु कपडे धोने, शेविंग करने, बाल कटाने और पलंग या खाट पर सोने से बचते हैं।

## विष्णु पुराण के अनुसार

नवरात्र में व्रत के समय बार-बार पानी पीने, दिन में सोने, तम्बाकू चबाने और स्त्री के साथ संबंध बनाने से भी व्रत खंडित हो जाता है। यानी नवरात्र में पति-पत्नी को साथ सोने से भी बचना चाहिए।

## नहीं होता विवाह

नवरात्र के दिनों में विवाह का आयोजन भी नहीं होता है। इसका प्रमुख कारण यह है कि विवाह का उद्देश्य वंश वृद्धि यानी संतान की उत्पत्ति है। जबकि नवरात्र के दिनों में काम और स्त्री प्रसंग से दूर रहने का नियम है। यह भक्ति और आस्था में डूबने का समय होता है। विवाह संस्कार होने से मां की आराधना से व्यक्ति वंचित हो सकता है।

## रात्रि में पूजा

शास्त्रों में यह भी बताया गया है कि नवरात्र के दिनों में रात्रि के समय देवी की पूजा अधिक फलदायी होती है क्योंकि देवी रात्रि स्वरुप हैं और भगवान शिव दिन के स्वरूप। इसलिए नवरात्र के दिनों में मन को एकाग्र करके देवी में ही लगाना चाहिए न कि अन्य चीजों में।

## ब्रह्मचर्य का पालन

नवरात्रों में लोग अनेक नियमों का भी पालन करते हैं। ऐसा ही एक नियम है नवरात्रों के दौरान खुद को शारीरिक संबंध बनाने से दूर रखना है। जिस बिस्तर पर पति-पत्नी शारीरिक सम्बन्ध बनाते हैं उसी को छूकर देवी का आह्वान करना अशुद्ध माना जाता है। आप अशुद्ध मन से देवी मां की पूजा कर नहीं सकते इसलिए कम से कम उन नौ दिनों तक खुद पर नियंत्रण रखिए जिस दौरान स्वयं देवी मां हमारे घर पधारती हैं।



# क्यों जलाते हैं नवरात्र में अखंड ज्योत

शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्र प्रतिपदा से नवमी तक निश्चित नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाया जा रहा है। सर्वप्रथम श्रीरामचंद्रजी ने इस शारदीय नवरात्रि पूजा का प्रारंभ समुद्र तट पर किया था और उसके बाद दसवें दिन लंका विजय के लिए प्रस्थान किया और विजय प्राप्त की। तब से असत्य, अधर्म पर सत्य, धर्म की जीत का पर्व दशहरा मनाया जाने लगा। आदिशक्ति के हर रूप की नवरात्र के नौ दिनों में क्रमश : अलग-अलग पूजा की जाती है नवरात्र के नौ दिन माता के सामने अखंड ज्योत जलाई जाती है। यह अखंड ज्योत माता के प्रति आपकी अखंड आस्था का प्रतीक मानी जाती है। क्या आपको पता है कि यह अखंड ज्योत क्यों जलाई जाती है। ज्योतिषविदों की माने तो यह अखंड ज्योत इसलिए भी जलाई जाती है कि जिस प्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी छोटा का दीपक अपनी लौ से अंधेरे को दूर भगाता रहता है उसी प्रकार हम भी माता की आस्था का सहारा लेकर अपने जीवन के अंधकार को दूर कर सकते हैं। मान्यता के अनुसार दीपक या अग्नि के समक्ष किए गए जप का साधक को हजार गुना फल प्राप्त हो है। कहा जाता है कि घी युक्त ज्योति देवी के दाहिनी ओर तथा तेल युक्त ज्योति देवी के बाईं ओर रखनी चाहिए। अखंड ज्योत पूरे नौ दिनों तक अखंड रहनी चाहिए यानी जलती रहनी चाहिए।

# इन मंत्रों से मां दुर्गा को करें प्रसन्न

**यूं तो सच्चे मन से की गई प्रार्थना से मां भक्तों के मन की कामना को पूर्ण करती हैं लेकिन कुछ मंत्र हैं जो हमें सौभाग्य और आरोग्य दिलवाने में मददगार हैं।**

### सर्वकल्याण के लिए

सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्येत्र्यंबके गौरी नारायणि नमोस्तुते।

### आरोग्य व सौभाग्य प्राप्ति के लिए

देहि सौभाग्यं आरोग्यं
देहि में परमं सुखम।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषोजहि।।

### दरिद्रता नाश के लिए

दुर्गेस्मृता हरसि भतिमशेशजन्तो :
स्वस्थै : स्मृता मतिमतीव शुभां ददासि।
दरिद्रयदुखभयहारिणी कात्वदन्या
सर्वोपकारकरणाय सदार्द्रचित्ता।।

### शत्रुनाश के लिए

ऊं ह्रीं बगलामुखी सर्वदुष्टानां वाचं
मुखं पदं स्तंभय जिह्वाम कीलय
बुद्धिमविनाशाय
ह्रीं ऊं स्वाहा।।

### विपत्तिनाशक मंत्र

शरणागतर्दिनार्त परित्राण पारायणे।
सर्वस्यार्तिं हरे देवि नारायणि
नमोस्तुते।।

# इस नवरात्रि में लक्ष्मी को करें प्रसन्न

पूरे देश में नवरात्रि का उत्साह महसूस किया जा सकता है। मां के भक्त देवी के अलग-अलग रूपों की आराधना करेंगे। कोई मां दुर्गा, तो कोई मां काली को प्रसन्न कर मनचाहा आशीर्वाद मांगेगा। मां दुर्गा के बारे में कहा जाता है कि सच्चे मन से उनकी आराधना करने से हर मनोकामना पूरी होती है। धर्मग्रंथों में कई ऐसे उपाय बताए गए हैं कि जिनका पालन करने से मां दुर्गा प्रसन्न होंगी और घर में धन-वैभव आएगा। यानी मां दुर्गा की आराधना कर मां लक्ष्मी को भी प्रसन्न किया जा सकता है। एक नजर इसी से जुड़ी अहम बातों पर

- नवरात्रि के सभी नौ दिन सूर्योदय से पूर्व स्नान करना चाहिए। इसके बाद घर में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित करना चाहिए। पीला आसन बिछाकर मूर्ति के आगे बैठकर पूजा करें।
- धर्म ग्रंथों में मां दुर्गा की पूजा का खास विधि बताई गई है। इसके अनुसार, नवरात्रि के नौ दिन मूर्ति के सामने घी का दीपक लगाएं। सुबह जलाए गए इस दीपक को शाम तक न बुझने दें।
- नौ दिन के लिए नौ दीपक तैयार करें और हरेक के सामने लाल रंग के चावल का ढेर लगा दें। अब चावल के इस ढेर पर श्रीयंत्र को स्थापित करें और उसकी पूजा करें। ऐसा पूरे नौ दिन करें।
- नवरात्रि के बाद चावल को नदी में प्रवाहित कर दें और श्रीयंत्र को घर के मंदिर में स्थापित कर लें। बताते हैं कि पूरी श्रद्धा के साथ इस विधि से मां की आराधना करेंगे तो लक्ष्मीजी अवश्य प्रसन्न होंगी।





# जाने विदेशों में स्थित मां दुर्गा के शक्ति पीठों के बारे में

**नवरात्रि शुरू होते ही मां के शक्तिपीठों में जयकारे लगने लगते हैं। इन नौ दिन हर दिन अलग-अलग देवियों की पूजा की जाएगी। नवरात्रि में शक्तिपीठों के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करने का विशेष महत्व होता है।**

## क्या हैं शक्ति पीठ

धर्मग्रंथों तथा पुराणों के अनुसार जहां-जहां सती के अंग के टुकड़े, धारण किए वस्त्र या आभूषण गिरे, वहां-वहां शक्तिपीठ की स्थापना हुई। ये अत्यंत पावन तीर्थ कहलाये। ये तीर्थ पूरे भारतीय उपमहाद्वीप पर फैले हुए हैं। देवी पुराण में 51 शक्तिपीठों का वर्णन है। हालांकि देवी भागवत में जहां 108 और देवी गीता में 72 शक्तिपीठों का जिक्र मिलता है, वहीं तन्त्रचूडामणि में 52 शक्तिपीठ बताए गए हैं। देवी पुराण में जरूर 51 शक्तिपीठों की ही चर्चा की गई है। इन 51 शक्तिपीठों में से कुछ विदेश में भी हैं और पूजा-अर्चना द्वारा प्रतिष्ठित हैं। आईये जानते हैं विदेशों में स्थित शक्ति पीठों के बारे में-



### यशोर शक्तिपीठ

यह शक्तिपीठ वर्तमान बांग्लादेश में खुलना जिले के जैसोर नामक नगर में स्थित है। यहां सती की 'वाम' का निपात हुआ था।

### चट्टल शक्तिपीठ

चट्टल में माता सती की 'दक्षिण बाहु' गिरी थी। यहां माता सती को 'भवानी' तथा भगवान शिव को 'चंद्रशेखर' कहा जाता है। बाग्लादेश में चटगांव से 38 किमी दूर सीताकुंड स्टेशन के पास चंद्रशेखर पर्वत पर भवानी मंदिर है। यही 'भवानी मंदिर' शक्तिपीठ है।

### करतोयाघाट शक्तिपीठ


यहाँ माता सती का 'वाम तल्प' गिरा था। यहाँ माता 'अपर्णा' तथा भगवन शिव 'वामन' रूप में स्थापित है। यह स्थल बांग्लादेश में है। बोगडा स्टेशन से 32 किमी दूर दक्षिण-पश्चिम कोण में भवानीपुर ग्राम के बेगड़ा में करतोया नदी के तट पर यह शक्तिपीठ स्थित है।

### सुगंधा शक्तिपीठ

बांग्लादेश के बरीसाल से 21 किलोमीटर उत्तर में शिकारपुर ग्राम में 'सुंगधा' नदी के तट पर स्थित 'उग्रतारा देवी' का मंदिर ही शक्तिपीठ माना जाता है। इस स्थान पर सती की 'नासिका' का निपात हुआ था।

### हिंगलाज शक्तिपीठ

यहाँ माता सती का 'ब्रह्मरंध्र' गिरा था। यहाँ माता सती को 'भैरवी/कोटटरी' तथा भगवन शिव को 'भीमलोचन' कहा जाता है। यहाँ शक्तिपीठ पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रान्त के हिंगलाज में है। हिंगलाज कराची से 144 किमी दूर उत्तर-पश्चिम दिशा में हिंगोस नदी के तट पर है। यही एक गुफा के भीतर जाने पर मां आदिशक्ति के ज्योति रूप के दर्शन होते हैं।



### गुह्येश्वरी शक्तिपीठ

नेपाल में 'पशुपतिनाथ मंदिर' से थोड़ी दूर बागमती नदी की दूसरी ओर 'गुह्येश्वरी शक्तिपीठ' है। यह नेपाल की अधिष्ठात्री देवी हैं। मंदिर में एक छिद्र से निरंतर जल बहता रहता है। यहाँ की शक्ति 'महामाया' और शिव 'कपाल' हैं।

### गण्डकी शक्तिपीठ

नेपाल में गण्डकी नदी के उद्गमस्थल पर 'गण्डकी शक्तिपीठ' में सती के 'दक्षिणगण्ड' का पतन हुआ था। यहां शक्ति त्र्गाण्डकीस तथा भैरव त्र्चक्रपाणिस हैं।

### लंका शक्तिपीठ

श्रीलंका में, जहां सती का 'नूपुर' गिरा था। यहां की शक्ति इन्द्राक्षी तथा भैरव राक्षसेश्वर हैं। लेकिन, उस स्थान ज्ञात नहीं है कि श्रीलंका के किस स्थान पर गिरे थे।

### मानस शक्तिपीठ

यहां माता सती की 'दाहिनी हथेली' गिरी थी। यहाँ माता सती को 'दाक्षायणी' तथा भगवान शिव को 'अमर' कहा जाता है। यह शक्तिपीठ तिब्बत में मानसरोवर के तट पर स्थित है।

# महिला टी20 विश्वकप: भारत ने पाकिस्तान को हराया, 6 विकेट से जीता मैच

**लखनऊ (एजेंसी)।** दुबई = अरुंधति रेड्डी (चार ओवर में 19 रन पर तीन विकेट) और श्रेयंका पाटिल (चार ओवर में 12 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद शेफाली वर्मा और हरमनप्रीत कौर की उम्दा बल्लेबाजी से भारत ने महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में रविवार को यहां पाकिस्तान को छह विकेट से शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने आठ विकेट पर 105 रन बनाये। भारत ने 18.5 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में बड़ी हार झेलने के बाद भारतीय टीम को अपना नेट रन रेट पॉजिटिव करने के लिए इस मैच को 11.2 ओवर में जीतना था लेकिन टीम बाउंड्री लगाने के लिए संघर्ष करती दिखी।

दो मैचों में पहली जीत से भारतीय टीम ग्रुप तालिका में पांचवें से चौथे स्थान पर आ गई। पाकिस्तान हार के बावजूद तीसरे स्थान पर है। शेफाली वर्मा ने 35 गेंद की पारी में तीन चौके की मदद से 32 रन बनाये जबकि हरमनप्रीत ने गर्दन में खिंचाव के कारण रिटायर्ड हर्ट होने से पहले 24 गेंद में एक चौके की मदद से 29 रन का योगदान दिया। जेमिमा रोड्रिग्स ने 28 गेंद में 23 रन बनाये। हरमनप्रीत चोट के कारण मैच के बाद होने वाले पुरस्कार समारोह में भी नहीं आयी। पाकिस्तान की ओर से कप्तान फातिमा सना 23 रन देकर दो विकेट लिये। इससे पहले श्रेयंका और अरुंधति ने किफायती गेंदबाजी की। प्लेयर ऑफ द मैच अरुंधति ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। रेणुका सिंह, दीप्ति शर्मा और सोभना आशा को एक-एक सफलता मिली। पाकिस्तान के लिए अनुभवी निदा डार ने सबसे ज्यादा 28 रन का योगदान दिया। पूर्व कप्तान ने 34 गेंद की अपनी पारी में एक चौका जड़ा।

सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली ने 26 गेंद में दो चौके की मदद से 17 जबकि निचले क्रम में सैयदा अरूब शाह ने 17 गेंद में नाबाद 14 रन बनाये। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी शुरुआती ओवरों में गेंदबाजों के खिलाफ गैप ढूंढने के लिए संघर्ष कर रही थी। मंधाना पांचवें ओवर में दबाव में सादिया इकबाल की गेंद को प्वाइंट क्षेत्र में तुबा हसन के हाथों में खेल गयी। उन्होंने 16 गेंद में सात रन का योगदान दिया। शेफाली छठे ओवर में शुरुआती पांच गेंद पर सिर्फ एक रन बना सकी जिससे पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर महज 25 रन ही था। इस दौरान टीम एक भी बाउंड्री नहीं लगा सकी।

जेमिमा रोड्रिग्ज ने दौड़कर रन चुराने पर ध्यान दिया और उनकी यह कोशिश कारगर भी रही। इससे दबाव कम हुआ और शेफाली ने आठवें ओवर में तुबा हसन के खिलाफ भारतीय पारी का पहला चौका जड़ा। उन्होंने इसी गेंदबाज के खिलाफ 10वें ओवर में दूसरा चौका लगाया। इसी ओवर में भारतीय पारी का 50 रन पूरा हुआ। शेफाली ने ओमाइमा के खिलाफ चौका लगाया लेकिन एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लॉग ऑन पर आलिया रियाज को कैच दे बैठी। धीमी पिच पर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने भी बड़े शॉट खेलने की जगह दौड़ कर रन बनाने पर ध्यान दिया।



पाकिस्तान की कप्तान फातिमा ने 16वें ओवर में लगातार दो गेंदों पर जेमिमा और ऋचा घोष (शून्य) को आउट कर भारत पर दबाव बना दिया। दोनों का कैच विकेटकीपर मुनीबा अली ने लपका। हरमनप्रीत और दीप्ति ने इसके बाद गेंद को क्षेत्ररक्षकों से दूर खेल कर रन गति को तेज करने की कोशिश की। हरमनप्रीत ने 18वें ओवर में फातिमा के खिलाफ चौका जड़ा लेकिन अगले ओवर में गर्दन में खिंचाव के कारण उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। सजना संजीवन ने अगली गेंद पर चौका जड़कर भारत को जीत दिला दी। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर भारत को पहले गेंदबाजी करने को कहा और रेणुका ने पहले ओवर में ही गुल फिरोजा को खाता खोले बगैर बोल्ड किया। मुनीबा ने हालांकि इस गेंदबाज के दूसरे ओवर में दो चौके के साथ रन गति को तेज किया।

दूसरे छोर से सिदरा अमीन (आठ) दीप्ति के खिलाफ स्वीप शॉट पर चौका लगाने के बाद इस तरह के दूसरे प्रयास में बोल्ड हो गयी। पावर प्ले में पाकिस्तान ने दो विकेट पर 29 रन बना लिये थे। अरुंधति की गेंद पर शॉर्ट फाइन लेग पर आशा ने मुनीबा का बेहद आसान कैच टपका दिया लेकिन इसी ओवर में शेफाली ने ओमाइमा (तीन) के कैच को लपकने में कोई गलती नहीं की। पाकिस्तान के बल्लेबाज बड़ा शॉट खेलने की कोशिश कर रहे थे लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने शिकंजा कस रखा था। मुनीबा श्रेयंका के खिलाफ क्रीज से बाहर निकली लेकिन गेंद और बल्ले का संपर्क नहीं हुआ और विकेटकीपर ऋचा ने गिल्लियां बिखेरने में देर नहीं लगायी। श्रेयंका का यह ओवर मेडन रहा जिससे 10 ओवर के बाद पाकिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 41 रन था।

# सचिन तेंदुलकर अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग के स्वामित्व ग्रुप में शामिल



**वाशिंगटन/टेक्सास (एजेंसी)।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग (एनसीएल) के स्वामित्व ग्रुप में शामिल हो गए हैं और इस कदम से आगामी वर्षों में अमेरिका में खेल को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। एनसीएल के तेंदुलकर के जुड़ने की घोषणा के बाद इस महान बल्लेबाज ने कहा, 'क्रिकेट मेरे जीवन की सबसे बड़ी यात्रा रही है और मैं अमेरिका में खेल के लिए ऐसे रोमांचक समय में नेशनल क्रिकेट लीग में शामिल होकर खुश हूं।'

तेंदुलकर ने कहा, 'एनसीएल का उद्देश्य विश्व स्तरीय क्रिकेट के लिए एक मंच तैयार करना है और साथ ही प्रशंसकों की नई पीढ़ी को जुड़ने के लिए प्रेरित करना है। मैं इस नयी पहल का हिस्सा बनने और अमेरिका में क्रिकेट के विकास को प्रत्यक्ष रूप से देखने के लिए उत्सुक हूं।'

मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार एनसीएल टूर्नामेंट गायक मीका सिंह के कार्यक्रम के साथ शुरू होगा। इस सत्र में एनसीएल में सुनील गावस्कर, जहीर अब्बास, वसीम अकरम, दिलीप वेंगसरकर, सर विवियन रिचर्ड्स, वेंकटेश प्रसाद, सनत जयसूर्या, मोइन खान और ब्लेयर फ्रैंकलिन जैसे क्रिकेट के दिग्गज शामिल होंगे। क्रिकेट के ये नायक अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को मार्गदर्शन और कोचिंग देंगे।

इसमें दुनिया भर ते शीर्ष खिलाड़ी जैसे शाहिद अफरीदी, सुरेश रैना, दिनेश कार्तिक, शाकिब अल हसन, रोबिन उथप्पा, तबरेज शम्सी, क्रिस लिन, एंजेलो मैथ्यूज, कोलिन मुनरो, सैम बिलिंग्स, मोहम्मद नबी और जॉनसन चार्ल्स भी शामिल होंगे। एनसीएल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने कहा, 'हम सचिन तेंदुलकर का नेशनल क्रिकेट लीग परिवार में स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं।' मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार तेंदुलकर एनसीएल के शुरूआती टूर्नामेंट में विजेता टीम को चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदान करेंगे।

# सहवाग के जोखिम भरे शॉट को लेकर भडक गए थे जॉन राइट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आक्रामक बल्लेबाजी शैली और जोखिम लेने की प्रवृत्ति पूर्व भारतीय ओपनर वीरेंद्र सहवाग हमेशा चर्चा का विषय बनाती रही है। एक बार तो सहवाग के कोच जॉन राइट इतना नाराज हो गए कि उन्होंने सहवाग को मुक्का मार दिया। यह घटना उस समय की है जब सचिन तेंदुलकर भी ड्रेसिंग रूम में मौजूद थे, लेकिन उन्होंने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। सौरव गांगुली ने इस बारे में एक किस्सा साझा किया है, जिसमें बताया गया कि कैसे सहवाग ने एक मैच में अपने जोखिम भरे शॉट के कारण कोच को भड़काया। गांगुली ने कहा, 'मुझे याद है कि यह श्रीलंका के खिलाफ एजबेस्टर में हुआ था। उस समय हमारा लक्ष्य 210 रन का था। सहवाग ने अपनी धुआंधार बल्लेबाजी से हमें जीत दिलाई। मैच के बाद, जब मैं ड्रेसिंग रूम में गया, तो माहौल काफी गंभीर था।' गांगुली ने अनिल कुंबले से पूछा कि ऐसा क्यों हुआ, तो कुंबले ने बताया कि जॉन राइट ने सहवाग को कोने में घसीटकर मुक्का मारा। राइट ने सहवाग से कहा, 'अब तुम भारत के लिए दोबारा नहीं खेलोगे, क्योंकि उस शॉट के कारण हम हार सकते थे।' गांगुली ने जॉन से पूछा कि क्या सहवाग ने पलटकर कोई प्रतिक्रिया दी, तो राइट ने कहा कि सहवाग ने ऐसा नहीं किया। जब गांगुली ने सहवाग से बात की, तो उन्होंने इसे हल्के में लिया और कहा, 'जाने दो, ऐसा होता रहता है। मैंने एक खराब शॉट खेला।' इसके बाद, गांगुली ने सचिन से इस बारे में पूछा, तो सचिन ने कहा कि वह उस समय चाय का आनंद ले रहे थे और स्थिति को देखकर कुछ नहीं बोले।

# रोहित शर्मा ने किया खुलासा, ऋषभ पंत के मास्टरप्लान ने भारत को टी20 विश्व कप में दिलाई जीत



**सेंट जोंस (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2024 का फाइनल अभी भी प्रशंसकों के दिमाग में ताजा है। चाहे वह सूर्यकुमार यादव का कैच हो, डेथ ओवर में तेज गेंदबाजों की शानदार गेंदबाजी हो या विराट कोहली का दृढ़ अर्धशतक, ऐसे कई कारक हैं जिन्होंने भारत को खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को हराने में मदद की। हालांकि कप्तान रोहित शर्मा ने अब एक और कारक का खुलासा किया है जिसने भारत की जीत में बड़ी भूमिका निभाई। कपिल शर्मा के कॉमेडी शो में रोहित ने खुलासा किया कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने मैच को धीमा करने के लिए एक शानदार चाल सोची जिससे भारत को दक्षिण अफ्रीका की लय को बाधित करने में मदद मिली और भारत के पक्ष में जीत का रास्ता बन गया।

उन्होंने शो में कहा, 'जब दक्षिण अफ्रीका को 30 गेंदों पर 30 रन चाहिए थे, उससे ठीक पहले एक छोटा ब्रेक था। पंत ने अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करके खेल को रोक दिया - उनके घुटने में चोट थी, इसलिए उन्होंने अपने घुटने पर टेप लगा लिया, जिससे खेल धीमा हो गया - क्योंकि खेल तेज गति से आगे बढ़ रहा था और उस समय, बल्लेबाज बस यही चाहता था कि गेंद जल्दी फेंकी जाए। लेकिन हमें लय तोड़नी थी। जब मैं फील्ड सेट कर रहा था और गेंदबाजों से बात कर रहा था, तो अचानक मैंने देखा कि पंत जमीन पर गिर गया। फिजियोथेरेपिस्ट आ गया था और उसके घुटने पर टेप लगा रहा था। क्लासेन मैच के फिर से शुरू होने का इंतजार कर रहा था। मैं यह नहीं कह रहा कि यह एकमात्र कारण है, लेकिन यह उनमें से एक हो सकता है, पंत साहब ने अपनी सूझबूझ का इस्तेमाल किया और चीजें हमारे पक्ष में हो गईं।'

इस ब्रेक के बाद, हार्दिक पांड्या ने खतरनाक हेनरिक क्लासेन को आउट किया जिससे भारतीय टीम के लिए खुद को फिर से ड्राइविंग सीट पर लाने का रास्ता साफ हो गया। हालांकि डेविड मिलर ने भी टीम से खिताब छीनने की कोशिश की, लेकिन आखिरी 2-3 ओवरों में दबाव दक्षिण अफ्रीका पर था और भारत ने इस स्थिति का फायदा उठाया। उन्होंने कहा, 'ऐसा ही हुआ। हार्दिक ने उस ओवर में क्लासेन को आउट किया और उसके बाद से दक्षिण अफ्रीका पर दबाव बनना शुरू हो गया। फिर सभी लड़के इकट्ठे हुए और बल्लेबाजों को स्लेज करना शुरू कर दिया, जिसका कारण मैं यहां नहीं बता सकता, लेकिन यह जरूरी था क्योंकि हमें किसी भी कीमत पर जीतना था। जीतने के लिए हम कुछ जुर्माना लेने को तैयार थे। इसलिए मैंने लड़कों से कहा कि वे जो भी महसूस करें कहें, हम बाद में अंपायरों और रेफरी से निपट लेंगे।'

# विकेटकीपर ऋचा ने शानदार कैच पकड़ा



दुबई (ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विकेटकीपर ऋचा घोष ने यहां पाकिस्तान के खिलाफ हुए टी20 मुकाबले में एक शानदार कैच पकड़कर सभी का ध्यान खींचा। ऋचा ने पहली स्लिप पर पाक कप्तान फातिमा सना का ये कैच लिया। पाक कप्तान ने इस गेंद पर चौका लगाने का प्रयास किया पर ऋचा के सामने उनकी एक चली। ऋचा ने तेजी से जाकर गेंद लपक ली। इससे पहले इस मुकाबले में पाक ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसल किया। भारतीय टीम के गेंदबाजों के आगे पाक टीम खुलकर नही खेल पायी। उसके बल्लेबाजों ने एक के बाद एक विकेट गंवाये। यही कारण है कि पाकिस्तानी टीम निर्धारित 20 ओवर में किसी प्रकार 8 विकेट पर 105 रन बना पायी। पाक की ओर से सबसे ज्यादा रन निदा दार ने 28 रन बनाए। इसके अलावा और कोई भी खिलाड़ी बल्लेबाजी में अपना टिक नहीं पायीं।

# आईपीएल में भी कप्तानी करना चाहते हैं सूर्यकुमार



ग्वालियर। भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव आने वाले समय में आईपीएल में भी कप्तानी करना चाहते हैं। अभी सूर्या भारतीय टी20 टीम के कप्तान हैं। ऐसे में उनकी फेंचाइजी मुंबई इंडियंस उन्हें हर हाल में बरकरार रखना चाहेगी। आईपीएल के लिए निलामी दिसंबर में होगी। अब देखना है कि मुम्बई उन्हें कप्तानी को अवसर देगी या नहीं। मुम्बई ने पिछले सत्र में हार्दिक पंडया को कप्तान बनाया पर उनका और टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। पिछले आईपीएल के बाद से सूर्यकुमार सबकी नजरों में हैं। ऐस में मुंबई इंडियंस उन्हें कोई अहम भूमिका देना चाहेगी सूर्यकुमार ने कहा कि मैं किसी भी नई भूमिका के लिए तैयार रहूंगा। सूर्या ने श्रीलंका के खिलाफ कप्तानी करने से पहले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई सीरीज में भी कप्तानी की थी। वहीं सूर्यकुमार ने कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में युवाओं का अवसर मिला है। ऐसे में इन खिलाड़ियों के पास अपने को साबित करने का अच्छ अवसर मिलेगा।

# श्रीजेश का कोचिंग पदार्पण, सुल्तान जोहोर कप में भारतीय जूनियर टीम की कमान संभालेंगे आमिर अली

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** आमिर अली को 19 अक्टूबर से मलेशिया में शुरू होने वाले सुल्तान जोहोर कप के लिए 18 सदस्यीय जूनियर हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया है और रोहित उप कप्तान होंगे जबकि महान गोलकीपर पीआर श्रीजेश का मुख्य कोच के तौर पर यह पहला दौरा होगा।

भारत अपने अभियान की शुरुआत 19 अक्टूबर को जापान के खिलाफ करेगा। इसके बाद टीम का सामना ब्रिटेन (20 अक्टूबर), मेजबान मलेशिया (22 अक्टूबर), ऑस्ट्रेलिया (23 अक्टूबर) और न्यूजीलैंड (25 अक्टूबर) से होगा। शीर्ष दो टीमें 26 अक्टूबर को होने वाले फाइनल में पहुंचेंगी। डिफेंडर आमिर अली और फॉरवर्ड गुरजोत सिंह उस सीनियर टीम का हिस्सा थे जिसने चीन के मोकी में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपना खिताब बरकरार रखा था।



कप्तान अली ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, 'सुल्तान जोहोर कप हमेशा की तरह हमारे कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। यह टूर्नामेंट इस साल नवंबर में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप मस्कट 2024 से पहले टीम के लिए परीक्षा के तौर पर काम करेगा।' उन्होंने कहा, 'सभी खिलाड़ी मलेशिया में बेहतरीन हॉकी मैच खेलने के लिए उत्साहित हैं।'

## टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर:** बिक्रमजीत सिंह, अली खान

**डिफेंडर :** आमिर अली (कप्तान), तलेम प्रियोबार्ता, शारदानंद तिवारी, सुखविंदर, अनमोल एक्का, रोहित (उप-कप्तान)

**मिडफील्डर :** अंकित पाल, मनमीत सिंह, रोसन कुजूर, मुकेश टोप्पो, चंदन यादव

**फॉरवर्ड :** गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद कोनैन डैड।

# धोनी का आईपीएल खेलना संदिग्ध, इस माह के अंत में होगा फैसला

मुम्बई। पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के इस बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 खेलने की संभावनाएं काफी कम हैं। माना जा रहा है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान धोनी इसी माह सीएसके अधिकारियों से मिलेंगे और अपना फैसला देंगे। इसका कारण है कि धोनी पांच साल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर होने के कारण अब अनकैप्ड खिलाड़ियों की सूची में आ गये हैं। सीएसके की एक रिपोर्ट में भी कहा गया है कि आगामी सत्र में एमएस धोनी का भाग लेना अभी तक तय नहीं है। आईपीएल 2008 की मेगा नीलामी में सीएसके ने धोनी के साथ 6 करोड़ रुपये में करार किया था। वह उस समय से ही वह सीएसके टीम में बने हुए हैं। वह सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। इसके अलावा, उन्होंने 5000 से अधिक रन भी बनाए हैं। उनकी कप्तानी में सीएसके ने पांच बार खिताब जीता है। धोनी ने आईपीएल 2024 की शुरुआत से पहले ही कप्तानी छोड़ दी थी। उसके बाद रुतुराज गायकवाड़ को कप्तान बनाया गया था। बीसीसीआई के एक नियम के अनुसार अनकैप्ड खिलाड़ी को 4 करोड़ से अधिक की राशि में रिटेन नहीं किया जा सकता। ऐसे में ये धोनी के लिए काफी नुकसानदेह होगा क्योंकि उनके संन्यास लिए 5 साल से अधिक हो गये हैं।



# शिवम दुबे ने पसंदीदा कप्तान को लेकर दिये अपने जवाब से सभी को प्रभावित किया

मुम्बई। ऑलराउंडर शिवम दुबे से एक शो दौरान कहा जब पूछा गया कि उनका पसंदीदा कप्तान कौन है तो शिवम ने एक ऐसा जवाब दिया जिसे सभी ने पसंद किया है। शिवम से महेन्द्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के के बारे में पूछा गया था। तब उनके जवाब से दर्शकों के साथ ही मेजबान और अन्य क्रिकेटर भी प्रभावित नजर आये शिवम ने इसके जवाब में कहा, जब मैं चेन्नई के लिए खेलता हू, तो एमएस धोनी सर्वश्रेष्ठ होते हैं, वहीं जब मैं भारतीय टीम से खेलता हू तो रोहित शर्मा सर्वश्रेष्ठ होते हैं। शिवम चोटिल होने के कारण बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हैं। उनकी पीठ में चोट लगी थी, जिसके कारण उन्हें पूरी सीरीज से बाहर होना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उनके स्थान पर तिलक वर्मा को शामिल किया है। दुबे अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे। चोट के कारण वे ईरानी कप के लिए मुंबई की टीम से भी बाहर हो गए। हालांकि उनकी चोट की गंभीरता स्पष्ट नहीं है, लेकिन टीम प्रबंधन ने उनकी स्थिति को और खराब होने से बचाने के लिए सतर्क रुख अपनाया है।



# फीफा ने इजरायली फुटबॉल महासंघ को निलंबित करने से इंकार किया

## -फलस्तीनी फुटबॉल ने की थी मांग

ज्यूरिख। विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था (फीफा) ने इजरायल फुटबॉल महासंघ की सदस्यता समाप्त करने की मांग ठुकरा दी है। इससे पहले फलस्तीन ने मई में हुई फीफा की बैठक में इजरायल की सदस्यता निलंबित करने की मांग की थी। वहीं इस मामले में अब फैसला आया है। फीफा ने यहां आयोजित अपनी शीर्ष परिषद की बैठक के बाद कहा कि इजरायली फुटबॉल महासंघ को निलंबित नही किया हालांकि उसने कहा कि फलस्तीन के अधिकारियों द्वारा लगाए गए कथित भेदभाव के आरोपों की जांच की जाएगी। फीफा ने कहा कि उसका एक सीनियर पैनल फलस्तीन के क्षेत्र में स्थित इजरायली फुटबॉल टीमों की इजरायली प्रतियोगिताओं में भागीदारी की जांच करेगा। वहीं फलस्तीन फुटबॉल महासंघ अधिक समय से फीफा से वेस्ट बैंक की बस्तियों की टीमों को अपनी लीग में शामिल करने के लिए इज़रायली फुटबॉल संस्था के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहा है।

# हॉकी स्टार रानी रामपाल का सूटकेस टूटा, खिलाड़ी ने एयरलाइंस पर निकाली भड़ास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम की स्टार प्लेयर रानी रामपाल रविवार की सुबह उस समय भड़क गईं जब एयर इंडिया ने उनके लगेज को गलत तरीके से हैंडल किया। रानी ने सोशल मीडिया पर एयरलाइन की आलोचना की और 6 अक्टूबर को अपने टूटे सूटकेस की तस्वीर पोस्ट की।

भारतीय हॉकी स्टार हाल ही में अमेरिका और कनाडा की छुट्टियों पर थीं और अपने खाली समय में खूब मौज-मस्ती कर रही थीं। छुट्टियों के आखिर में उन्हें उस समय बुरा लगा जब उन्होंने बैगेज बेल्ट से अपना लगेज उठाया और पाया कि वह टूटा हुआ है। रानी ने ट्विटर पर कहा, 'इस शानदार सरप्राइज के लिए एयर इंडिया का शुक्रिया। आपका स्टाफ हमारे बैग के साथ ऐसा ही व्यवहार करता है। आज दोपहर कनाडा से भारत लौटते समय दिल्ली में उतरने के बाद मैंने पाया कि मेरा बैग टूटा हुआ है।'

रानी को अपने पोस्ट पर एयर इंडिया की ओर से तुरंत जवाब मिला जिसमें उनसे उनकी उड़ान का विवरण साझा करने के लिए कहा गया। हॉकी खिलाड़ी ने अनुरोध स्वीकार कर लिया और उम्मीद जताई कि उनकी समस्या के समाधान के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। ट्विटर थ्रेड में कई अन्य यात्रियों ने भी रानी जैसी ही शिकायत की और एयरलाइन पर उनके सामान की गलत तरीके से देखभाल करने का आरोप लगाया।

गौर हो कि रानी रामपाल अपने असाधारण कौशल, समर्पण और प्रेरणादायक यात्रा के लिए जानी जाती हैं, जिसने उन्हें खेल में एक किंवदंती बना दिया है। 4 दिसंबर 1994 को हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के गांव शाहाबाद मारकंडा में जन्मी रानी रामपाल का जीवन शुरुआती प्रतिकूलताओं से भरा था। उनके पिता, एक गाड़ी-खींचने वाले, गुजारा करने के लिए संघर्ष करते थे, लेकिन रानी का हॉकी के प्रति जुनून छोटी उम्र से ही निर्विवाद था। उन्हें 6 साल की उम्र में खेल से परिचित कराया गया और उन्होंने द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता बलदेव सिंह के मार्गदर्शन में शाहाबाद हॉकी अकादमी में प्रशिक्षण लेना शुरू किया।

उन्होंने 2008 में मात्र 14 वर्ष की उम्र में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया और भारत की अब तक की सबसे कम उम्र की हॉकी खिलाड़ी बन गईं। 2010 में उनका विश्व कप पदार्पण हुआ, जब वह केवल 15 वर्ष की थीं, और वह विश्व कप में भाग लेने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं। इस टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने सात गोल किए, जिससे भारत को 1978 के बाद से अपनी सर्वश्रेष्ठ विश्व कप रैंकिंग हासिल करने में मदद मिली।



# रैना की सिक्सी स्ट्राइक्स टूर्नामेंट में आक्रामक बल्लेबाजी

न्यूयार्क। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना आजकल अमेरिका में जारी सिक्सी स्ट्राइक्स टूर्नामेंट में अपने आक्रामक बल्लेबाजी से छाये हुए हैं। रैना ने यहां आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत भी दिलायी है। इस टूर्नामेंट में वह न्यूयॉर्क लायंस की ओर से खेल रहे हैं। न्यूयॉर्क लायंस और लॉस एंजिलिस वेल्स के बीच खेले गये मुकाबले में रैना ने बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की गेंदों की भी जमकर पिटाई की रैना ने शाकिब के ओवर में दो छक्के लगा दिया। इसके अलावा चौका भी लगाया। शाकिब के ओवर से कुल 18 रन आए थे। रैना की इस तेज पारी की वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने 28 गेंद पर 53 रन बनाए। उनके बल्ले से इस पारी में 6 चौके और 3 छक्के देखने को मिले। रैना के कारण न्यूयॉर्क लायंस 19 रन से जीत दर्ज करने में सफल रही। निर्धारित 10 ओवर में न्यूयॉर्क ने 4 विकेट पर 126 रन ठोक बनाये। रैना ने उपुल थरंगा के साथ मिलकर 89 रन की साझेदारी की। इसके बाद अन्य बल्लेबाजों ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

## बाढ़ के पानी में डूबने से अब तक पांच की मौत, लापता की तलाश जारी

पटना। बिहार के दरभंगा जिले के पूर्वी इलाके में बाढ़ के पानी में डूबने से पांच लोगों की मौत हो गई है। वहीं एक शख्स लापता है, जिला प्रशासन एनडीआरएफ की मदद से उसकी तलाश में जुटा है। इसकी पुष्टि दरभंगा के जिलाधिकारी ने की है। डीएम ने बताया कि दरभंगा जिले में अलग-अलग जगहों पर बाढ़ के पानी में डूबने से अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि एक लापता है। सरकार ने मृतक के परिवार को सहायता राशि भी दी है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि कमला और कोशी नदी का पानी हर दिन कम हो रहा है। उन्होंने आगे बताया कि बाढ़ का पानी ज्यादातर घरों से निकल गया है। कुछ बाढ़ पीड़ित अपने घरों को लौट रहे हैं, जिनके गांव और घर अभी भी बाढ़ में डूबे हैं, वे अभी भी ऊंचे स्थानों पर हैं। सरकार की ओर से उन्हें हर तरह की राहत और मदद मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि दरभंगा शहर से होकर गुजरने वाली बागमती नदी का पानी बढ़ रहा है। यह पानी सीतामढ़ी की ओर से आ रहा है, लेकिन पानी बढ़ने की गति काफी कम है। ऐसे में दरभंगा शहर पर अभी बाढ़ का कोई खतरा नहीं है। इसके बावजूद प्रशासन बागमती नदी के जल प्रवाह पर कड़ी नजर रखे हुए है।

## नेपाल में फिर तेज बारिश, बिहार में बढ़ सकता है खतरा

पटना। बिहार के 18 जिलों में बाढ़ ने तांडव मचा दिया है। कोसी, गंडक, बागमती, महानंदा जैसी नदियां उफान पर हैं। हालांकि, अब कुछ जगहों पर जलस्तर कम हो रहा है, लेकिन मुसीबत और सियासत दोनों ही बढ़ रही है। बिहार सीएम नीतीश कुमार बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे कर रहे हैं। ग्राउंड जीरो पर जाकर बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद का भरोसा दे रहे हैं। वहीं, नेपाल में एक बार फिर से तेज बारिश हो हुई है, इससे बिहार को खतरा पैदा हो गया है। वैसे ही बिहार के लोग अभी बाढ़ की मार झेल रहे हैं लेकिन इसको लेकर प्रशासन सतर्क है।

## लावा ने अग्नि 3 स्मार्टफोन किया लॉन्च

**रांची** : भारत में स्मार्टफोन का निर्माण करने वाली अग्रणी कंपनी, लावा इंटरनेशनल लिमिटेड ने इस फेस्टिव सीजन में अपने बिल्कुल नए फ्लैगशिप स्मार्टफोन, लावा अग्नि 3 के लॉन्च की घोषणा की है, जो सही मायने में एक हाई-टेक स्मार्टफोन है। वास्तव में टेक्नोलॉजी को पसंद करने वाली नई पीढ़ी को ध्यान में रखकर अग्नि 3 को डिजाइन किया गया है, जिसने इस सेगमेंट में पहली बार इतने शानदार फीचर्स के साथ उत्कृष्टता की एक नई मिसाल कायम की है और यह स्मार्टफोन केवल 19,999 रुपये की रोमांचक शुरूआती कीमत पर उपलब्ध है। इस स्मार्टफोन के लॉन्च के साथ कंपनी ने अपने फ्लैगशिप सीरीज का विस्तार किया है, जो अत्याधुनिक हार्डवेयर के साथ-साथ सॉफ्टवेयर में हुई प्रगति का शानदार संगम पेश करते हुए यूजर्स को बेमिसाल अनुभव प्रदान करता है। अग्नि 3 को तीन अलग-अलग वेरिएंट: यानी चार्जर के बिना 8 जीबी+128 जीबी, चार्जर के साथ 8 जीबी+128 जीबी, और चार्जर के साथ 8 जीबी +256 जीबी में लॉन्च किया गया है, जो 9 अक्टूबर को रात 12:00 बजे से अमेजन पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। इस स्मार्टफोन को दो कलर वेरिएंट-हीथर ग्लास और प्रिस्टीन ग्लास में पेश किया गया है, जिसकी प्री-बुकिंग आज दोपहर 12:00 बजे से शुरू होगी।

## लॉमैन ने बिहार में अपना दूसरा स्टोर खोला



**पटना** : लॉमैन, जो कि केवल किरण क्?लॉदिंग लिमिटेड (केकेसीएल), का एक प्रतिष्ठित ब्रांड है, ने आज पटना में अपने पहले स्टोर की शुरूआत की। पटना में नए स्टोर का शुभारंभ करना कंपनी की उस योजना का हिस्सा है, जिसके तहत वह बिहार में अपनी उपस्थिति को बढ़ाने की कोशिश कर रही है। कंपनी की लक्ष्य बिहार के प्रमुख शहरों में 60 से अधिक स्टोर खोलने की है। लॉमैन ने फैशन के प्रति जागरूक बिहार वासियों की आवश्यकताओं को मद्देनजर रखते हुए पटना में अपना यह नया स्टोर खोला है, जहां से पटना के फैशनबल पुरुषों की स्मार्ट, स्टाइलिश और आरामदायक कपड़े पहनने की बढ़ती जरूरतें पूरी की जा सकेंगी। पटना में अपने सबसे बड़े और बेहतरीन पुरुषों के फैशन स्टोर के साथ कदम रखते हुए, लॉमैन का लक्ष्य राज्य में ट्रेंडी और आधुनिक कलेक्शन को बढ़ावा देना है। 1347 वर्ग फुट में फैले इस स्टोर में पुरुषों के लिए कैजुअल और कामकाजी कपड़ों के नए और स्टाइलिश डिजाइन उपलब्ध हैं। यहां शॉर्ट्स, टी-शर्ट, जींस, कैजुअल शर्ट, ट्राउजर और फैशन ट्राउजर जैसे विभिन्न विकल्पों के साथ ग्राहकों को सुबह से शाम तक स्टाइलिश कपड़ों का पूरा समाधान मिलता है। स्टोर का माहौल आधुनिक और आकर्षक डिजाइन से सजा हुआ है, जिसमें साफ-सुथरी सजावट, अच्छी रोशनी और एक स्वागतपूर्ण वातावरण है। यहां के प्रशिक्षित सेल्स एसोसिएट्स ग्राहकों को व्यक्तिगत सेवा प्रदान करते हैं, जिससे हर बार का अनुभव खास बनता है। पटना का लॉमैन स्टोर सिर्फ एक खरीदारी की जगह नहीं है, बल्कि यहां पर खास उद्घाटन ऑफर्स के लिए आना जरूरी है। केवल किरण क्लोदिंग लिमिटेड के निदेशक, दिनेश जैन ने कहा, ?हम पटना, बिहार में अपना पहला स्टोर खोलकर बहुत खुश हैं, जो राज्य में हमारा दूसरा स्टोर है। पटना अपने समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और तेजी से विकास के लिए जाना जाता है, और हमारे विस्तार के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कदम से हम अपने ग्राहकों को बेहतरीन फैशन और आसान खरीदारी अनुभव देने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा कर रहे हैं। हम पटना के समुदाय का हिस्सा बनने और अपने ग्राहकों को लॉमैन की गुणवत्ता और समर्पण के साथ सेवा देने के लिए तत्पर हैं।

# पीएम मोदी, स्वामी विवेकानंद की बात कर रहे साकार, आज देश कर रहा प्रगति : भजनलाल

**-भाजपा सदस्यता अभियान और राइजिंग राजस्थान पर प्रबुद्धजनों से की बात**



**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी स्वामी विवेकानंद की बात 21वीं सदी भारत के नाम को साकार कर रहे हैं जिससे आज देश में प्रगति और बदलाव नजर आ रहा है। सीएम शर्मा बीजेपी के आर्थिक प्रकोष्ठ की ओर से राइजिंग राजस्थान और बीजेपी सदस्यता अभियान को लेकर प्रबुद्धजनों के साथ बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने राजस्थान के आर्थिक विकास के लिए राइजिंग राजस्थान समिट में सुझाव और सहयोग को अहम बताते हुए कहा कि प्रदेश को आगे बढ़ाने वाले सुझाव आमंत्रित हैं, सरकार इन सुझाव पर कार्य करेगी। सीएम भजनलाल ने कहा कि आज देश की प्रगति के साथ देश में हो रहा परिवर्तन साफ नजर आ रहा है फिर चाहे वो आतंकवाद को खत्म करना हो या देश से गरीबी दूर करने हो या फिर दुनिया में भारत का परचम लहराना हो।

प्रदेश के साथ राष्ट्र की मजबूती के लिए बीजेपी में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में सभी को बीजेपी के सदस्यता अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी है। उन्होंने बीजेपी सदस्यता अभियान को राजनीति का विस्तार नहीं, विकास और राष्ट्रवाद पर आधारित विचारधारा का समर्थन बताते हुए कहा कि आप जैसे प्रबुद्धजन बीजेपी से जुड़ेगा तो देश मजबूत होगा।

सीएम ने कहा राइजिंग राजस्थान के तहत मुंबई और दिल्ली में किए गए रोड शो से 12.5 लाख करोड़ के निवेश के लिए एमओयू किए गए। हमारी सरकार ने एमओयू साइन करने के साथ ही उन कंपनियों को तमाम सुविधाएं देने की दिशा में भी काम शुरू कर दिया। राजस्थान में निवेश और उद्योग की अपार संभावनाओं को देखते हुए विदेशों से भी निवेश लाया जाएगा। राजस्थान सरकार जल्द ही यूके और जर्मनी में भी राइजिंग राजस्थान समिट के लिए जाएगी और विदेशी निवेशकों को आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सीएम को लक्ष्मीपुत्र बताते हुए कहा कि राइजिंग राजस्थान में प्रबुद्धजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अपने संपर्कों और प्रभाव का इस्तेमला कर राइजिंग राजस्थान में अपनी सहभागिता निभा सकते है। पिछली सरकार निवेशकों को विश्वास ही नहीं दिला पाई। इसके चलते निवेश नहीं आया लेकिन अब मोदीजी के नेतृत्व में राजस्थान में डबल इंजन सरकार है। बीजेपी जो कहती है, वह करती है। बीजेपी सभी प्रकार का सहयोग निवेशकों को प्रदान करेगी।

## नरसिंहानंद सरस्वती की आपत्तिजनक टिप्पणी पर मचा बवाल, मायावती ने की सख्त कार्रवाई की मांग



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर गाजियाबाद जिले के डासना स्थित मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को संविधान में प्रदत्त धर्मनिरपेक्षता की गारंटी का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, ''उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में डासना देवी मंदिर के महंत ने इस्लाम के खिलाफ फिर नफरती बयानबाजी की जिससे उस पूरे इलाके में तथा देश के कई हिस्सों में अशांति एवं तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ तो कार्रवाई की लेकिन मूल दोषी भयमुक्त है।'' उन्होंने कहा, ''भारतीय संविधान धर्मनिरपेक्षता यानी सभी धर्मों के समान आदर-सम्मान की गारंटी सुनिश्चित करता है। अत: केंद्र एवं राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करें ताकि देश में शांति रहे तथा विकास बाधित न हो।''

## पश्चिम बंगाल में 10 साल की बच्ची बनी हैवानियत का शिकार, हाई कोर्ट ने दिया फिर से पोस्टमार्टम करने का आदेश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में एक 10 साल की बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, बच्ची शुक्रवार को अपनी ट्यूशन कक्षाओं के बाद जयनगर स्थित अपने घर लौट रही थी, जब उसके साथ घटना हुई। इस मामले के सामने आने के बाद से जिले का माहौल गरमाया हुआ है। स्थानीय लोगों की भीड़ पुलिस चौकी में आग लगा दी और पुलिसकर्मियों पर पथराव किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने चौकी के बाहर खड़े कई वाहनों में तोड़फोड़ भी की और पुलिसकर्मियों को परिसर छोड़ने पर मजबूर कर दिया। इलाके में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को भेजा गया और एसडीपीओ एवं अन्य वरिष्ठ पुलिसकर्मियों को मौके पर ही रोकने की कोशिश कर रही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए।

**कलकत्ता उच्च न्यायालय ने दिया फिर से पोस्टमार्टम करवाने का आदेश**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने रविवार को स्कूली छात्रा का फिर से पोस्टमार्टम करवाने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने बच्ची के माता-पिता की याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्देश दिया कि दूसरा पोस्टमार्टम सोमवार को कल्याणी स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) अस्पताल में, बरुईपुर अदालत के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) की उपस्थिति में किया जाए।

अदालत ने कहा कि अगर एम्स (कल्याणी) में पोस्टमार्टम करने के लिए आवश्यक सुविधाओं की कमी है, तो इसे वहीं स्थित जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल में किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति घोष ने आदेश दिया कि पुलिस को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज करना चाहिए।

## कांग्रेस संविधान बदलने का फेक नैरेटिव फैला रही: रिजिजू

**-डॉ भीमराव अंबेडकर के अनुयायी उनके अपमान को याद रखें**

**नागपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने नागपुर में कांग्रेस पर आरोप लगाए कि कांग्रेस ने डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उसने पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी के खिलाफ आरक्षण समाप्त करने का एक फेक नैरेटिव खड़ा किया। रिजिजू ने कहा यह दुख की बात है कि अनुसूचित जाति और जनजाति समाज के कुछ लोग ऐसे लोगों को समर्थन और सम्मान देते हैं जिन्होंने डाक्टर अंबेडकर का अपमान किया है।

रिजिजू ने अपने एक्स पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर के अनुयायियों से आह्वान किया कि वे उनके अपमान को याद रखें। उन्होंने कहा कि जो लोग आपातकाल लगाकर भारत के संविधान का दुरुपयोग करते हैं, उन्हें अंबेडकर का अपमान करने का हक नहीं है। रिजिजू ने आगे कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर के निधन और 2014 में पीएम मोदी के सत्ता में आने के बीच के घटनाक्रम को जानना जरूरी है। रिजिजू ने कहा कि अंबेडकर ने जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ पत्र लिखा था कि वे उनके साथ मंत्री पद नहीं संभाल सकते। जहां भी बाबासाहेब चुनाव लड़ते थे, कांग्रेस उन्हें हराने के लिए पूरी ताकत लगा देती थी। उन्होंने यह भी कहा कि अंबेडकर को उनके निधन के कई सालों बाद भारत रत्न से सम्मानित किया गया। रिजिजू ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने अंबेडकर के सम्मान में पांच तीर्थ स्थलों का विकास किया है, जिनमें मऊ, लंदन में उनका घर, दिल्ली में महापरिनिर्वाण स्थल शामिल हैं।

रिजिजू ने कांग्रेस पर इमरजेंसी के दौरान संविधान का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया और कहा कि पीएम मोदी ने संविधान को सम्मानित किया और संविधान दिवस मनाया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस उन पर संविधान बदलने का फेक नैरेटिव फैला रही है। रिजिजू ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि महाराष्ट्र जैसे राज्य में बाबासाहेब के अपमान करने वालों का समर्थन देखने से उन्हें गहरा आघात हुआ। उन्होंने अनुसूचित जाति और जनजाति समुदाय से अपील की कि वे बाबासाहेब अंबेडकर के



अपमान को भूलने न दें और उनकी विरासत को बनाए रखें। रिजिजू ने जोर देकर कहा कि सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को आगे बढ़ाते हुए बाबासाहेब के सपनों को पूरा करने के लिए उन्हें पीएम मोदी का समर्थन करना चाहिए।

## गोवा में सांप्रदायिक तनाव भड़का रही है बीजेपी, राहुल गांधी ने कहा- लोग इस विभाजनकारी एजेंडे को देख रहे हैं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी पर जानबूझकर गोवा में सांप्रदायिक तनाव भड़काने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रयासों को चुनौती दी जाएगी क्योंकि गोवा और पूरे भारत के लोग इस विभाजनकारी एजेंडे को समझते हैं और एकजुट हैं।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'गोवा का आकर्षण इसकी प्राकृतिक सुंदरता और इसके विविध और सामंजस्यपूर्ण लोगों की गर्मजोशी और आतिथ्य में निहित है।' उन्होंने आगे कहा कि दुर्भाग्य से, भाजपा शासन में इस सद्भाव पर हमला हो रहा है। भाजपा जानबूझकर सांप्रदायिक तनाव को बढ़ावा दे रही है, जिसमें आरएसएस के एक पूर्व नेता ईसाइयों और संघ से जुड़े संगठनों को भड़काकर मुसलमानों के आर्थिक बहिष्कार का आह्वान कर रहे हैं।

गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे भारत में, संघ परिवार द्वारा इसी तरह की कार्रवाइयाँ बिना किसी रोक-टोक के जारी हैं, जिन्हें उच्चतम स्तरों से समर्थन मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा, 'गोवा में, भाजपा की रणनीति स्पष्ट है, अवैध रूप से हरी भूमि को परिवर्तित करके और पर्यावरण नियमों को दरकिनार करके पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों का दोहन करते हुए लोगों को विभाजित करना - गोवा की प्राकृतिक और सामाजिक विरासत पर हमला।'

अंत में उन्होंने लिखा, 'ऐसा नहीं है कि भाजपा की कोशिशों को चुनौती नहीं दी जाएगी। गोवा और पूरे भारत के लोग इस विभाजनकारी एजेंडे को देख रहे हैं तथा एकजुट खड़े हैं।'



## राष्ट्रीय गतिशील दिव्यांगजन संस्थान कोलकाता में विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस का हुआ आयोजन

एजेंसी

**कोलकाता** : सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) एक शारीरिक दिव्यांगता है जो गर्भावस्था, जन्म या जन्म के तुरंत बाद मस्तिष्क की चोट के कारण होती है। यह व्यक्ति की चलने-फिरने, समन्वय, मांसपेशियों की टोन और नियंत्रण, सजगता, मुद्रा और संतुलन को प्रभावित करती है। यह आजीवन सबसे सामान्य शारीरिक दिव्यांगता में से एक है। हर वर्ष 6 अक्टूबर को विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस मनाया जाता है, जिसमें इस दिव्यांगता से प्रभावित लोगों की विविधता और जीवंतता का उत्सव मनाया जाता है। इस विशेष दिन पर सरकारी एवं गैर-सरकारी स्तर पर सुलभता और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाए जाते हैं। इस वर्ष विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस का विषय #UniquelyCP है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय गतिशील दिव्यांगजन संस्थान, कोलकाता द्वारा सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित बच्चों के साथ



एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल, आई.ए.एस., सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में, अग्रवाल ने सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित व्यक्तियों के लिए सी.पी. चेयर और डीलक्स सी.पी. चेयर की उपलब्धता पर जोर दिया और निरामया बीमा योजना का लाभ सभी दिव्यांगजनों तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित लोग समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं और मंत्रालय की बैठकों में उनके द्वारा दिए गए सुझाव महत्वपूर्ण होते हैं। इस अवसर पर सेरेब्रल पाल्सी बच्चों के लिए सिट एंड ड्रॉ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता मास्टर अपूर्ब कुमार घोष और बेबी रितिका अधिकारी सहित अन्य बच्चों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, सोलो नृत्य, सोलो गीत, फैंसी ड्रेस शो और लोक नृत्य जैसी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को प्रभावित किया।

मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल ने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर उन्हें सम्मानित किया। संस्थान के निदेशक डॉ. ललित नारायण ने अपने स्वागत संबोधन में सेरेब्रल पाल्सी और इस विशेष दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सौगात बनर्जी, उप निदेशक (प्रशासन) ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी का कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए आभार व्यक्त किया।

## देश की राजनीति में एक बार फिर बड़ा उलटफेर होने की आशंका

**पटना (एजेंसी)।** एक बार फिर देश की राजनीति में बड़ा उलटफेर होने की आशंका बन रही है। दरअसल तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद यह स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो अगर बीजेपी हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव हार जाती है तो विपक्ष के पास अपनी ताकत नए तरीके से मजबूत करने का मौका होगा। अगर झारखंड में सत्ता में आने की बीजेपी की कोशिशें सफल नहीं हुईं तो विपक्ष की ताकत बढ़ेगी। ऐसे में बीजेपी के साथ फिलहाल जो पार्टियां सत्ता में हैं, जिनकी विचारधारा अलग है, लेकिन जो नेता न चाहते हुए भी सत्ता में बैठे हैं, वो बीजेपी को झटका दे सकते हैं। ऐसी पार्टियों में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू), लोक जनशक्ति पार्टी-आर तथा तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) शामिल हैं। इन तीनों पार्टियों के समर्थन से केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार चल रही है। समय-समय पर इन पार्टियों ने बीजेपी की छुट्टी भी कर दी है। टीडीपी ने पहले अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। 2014 में टीडीपी ने बीजेपी से हाथ मिला लिया था, लेकिन 2019 में वह बीजेपी की कट्टर विरोधी बन गई। टीडीपी फिलहाल बीजेपी के साथ है। एलजेपी-आर भी फिलहाल बीजेपी की सहयोगी है। लेकिन, उसके नेता चिराग पासवान की भूमिका बदलती दिख रही है। जेडीयू नेता नीतीश कुमार को पलटूराम के नाम से जाना जाता है, इसलिए वह कभी भी पलटवार कर सकते हैं। ऐसे में इंडिया अलायंस का पहला निशाना बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही रहने वाले हैं। इंडिया अलायंस पहले ही उन्हें प्रधानमंत्री पद की पेशकश कर चुकी है। ये बात केसी त्यागी ने तब कही थी जब वो जेडीयू के प्रवक्ता थे। हालांकि, इसके



बाद नीतीश कुमार ने चुप्पी साध ली और बीजेपी के साथ चले गए। अभी तक उनकी ओर से इस संबंध में कोई संकेत नहीं मिला है, लेकिन जिस तरह से जदयू के लोग उन्हें प्रधानमंत्री पद का दावेदार बता रहे हैं, उससे ऐसा लग रहा है कि मौका मिलने पर वह पीछे नहीं हटेंगे। इसका एक और बड़ा कारण यह है कि जब 2020 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार को चिराग पासवान के कारण बड़ा झटका लगा, तो उन्होंने मुख्यमंत्री पद स्वीकार करने से इनकार कर दिया था क्योंकि वह 43 विधायकों वाली पार्टी के नेता थे। हालांकि, उन्होंने 24 घंटे के भीतर अपना मन बदल लिया। इसी तरह अगर सही मायने में नीतीश कुमार को इंडिया अलायंस की ओर से प्रधानमंत्री बनने का ऑफर मिलता है तो वे इससे इनकार नहीं कर पाएंगे। लेकिन सूत्रों की मानें तो ऐसा वे तब करेंगे जब बीजेपी तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में हार जाएगी।

# पश्चिम बंगाल के लोगों को याद आया 160 साल पहले आया चक्रवात

**कोलकाता (एजेंसी)।** इन दिनों बंगाल की खाड़ी में चक्रवात का असर देखा जा रहा है, जिससे पश्चिम बंगाल में बारिश हो रही है और दुर्गा पूजा की तैयारियों पर भी इसका असर पड़ रहा है। लेकिन, यह मौसम केवल वर्तमान की कहानी नहीं कहता। बल्कि आज से 160 साल पहले, 5 अक्टूबर 1864 को, बंगाल ने एक विनाशकारी चक्रवात का सामना किया था, जिसने हजारों लोगों की जिंदगी तबाह कर दी थी।

इस चक्रवात ने न केवल आम जनजीवन, बल्कि सरकारी इमारतों जैसे हाई कोर्ट, टेलीग्राफ दफ्तर और जेल को भी भारी नुकसान पहुंचाया। उस दिन समुद्र का जलस्तर 40 फीट तक बढ़ गया, जिससे सैकड़ों फूस के घर और हजारों मिट्टी के घर पूरी तरह से नष्ट हो गए थे। खजूरी बंदरगाह, जो कभी व्यापार का मुख्य केंद्र था, समुद्र में डूब गया। बंगाल का पूर्वी मेदिनीपुर जिला, विशेष रूप से खेजुरी, जो एक प्रमुख आयात-निर्यात केंद्र था, समुद्री तूफान की चपेट में आ गया। चक्रवात ने कोलकाता सहित एक बड़े हिस्से को तहस-नहस कर दिया था। कोलकाता में बाढ़ की स्थिति भयानक थी, जिसमें लगभग 60,000 लोगों की जान चली गई थी। बाढ़ के बाद भी बीमारी और संक्रमण के चलते कई लोगों ने अपनी जान गंवा दी।

खास बात यह थी कि एक डकैती मामले में 32 लोगों को कोलकाता ले जाया जा रहा था, जिन्होंने सड़क पर इस विनाशकारी तूफान का सामना किया। इनमें से केवल 2 लोग ही जीवित बच सके। उस दिन भारी बारिश भी हुई, जिसके दौरान खजूरी से कुछ ही दूरी पर स्थित कौखली गांव में लाइटहाउस की ऊंचाई तक पानी भर गया था। 5 अक्टूबर 1864 का चक्रवात बंगाल के इतिहास में एक काले दिन के रूप में दर्ज है, जिसने न केवल क्षेत्र को बर्बाद किया, बल्कि हजारों लोगों की जिंदगियों को भी हमेशा के लिए बदल दिया।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह* (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9386895799, 9507466535, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902